नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 28

सोमवार, 14 से 20 अगस्त 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

प्राथमिक कक्षाओं में सरल और मजेदार बनेगी पढ़ाई 03

अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री 08

शिवा और ईशा ने एयर पिस्टल स्पर्ध में जीता सोना 10

बारिश में बच्चों को डायरिया से कैसे बचाएं? 11

# NCR समाचार



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

आखिरकार अर्जुन कपूर ने दे ही दिया... 12

## कांग्रेस कार्य समिति का पुनर्गठन

### वरिष्ठ नेताओं को तरजीह लेकिन किसी मुख्यमंत्री को जगह नहीं

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पदभार संभालने के करीब 10 महीने बाद रविवार को कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का पुनर्गठन किया जिसमें उनके साथ पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। हालांकि पार्टी शासित किसी राज्य के मुख्यमंत्री को इसमें स्थान नहीं दिया गया है।

अध्यक्ष पद के चुनाव में खरगे को चुनौती देने वाले लोकसभा सदस्य शशि थरूर और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को इस कार्य समिति में शामिल किया गया है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस कार्य समिति में 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य (चार पदेन सदस्यों समेत) शामिल किए गए हैं। कांग्रेस के चारों अग्रिम संगठनों-युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवा दल के प्रमुख कार्यसमिति में पदेन सदस्य होते हैं।

कांग्रेस ने इस साल फरवरी में रायपुर के महाधिवेशन में अपने संविधान में संशोधन किया था जिसके अनुसार, कार्यसमिति के सदस्यों की संख्या 23 से बढ़ाकर 35 कर दी गई थी। कांग्रेस के संविधान में यह प्रावधान भी है कि पार्टी अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष और पार्टी से संबंधित मौजूदा या पूर्व प्रधानमंत्री कार्यसमिति के स्वतः सदस्य होते हैं।



कार्यसमिति में इस बार कांग्रेस शासित किसी राज्य के मुख्यमंत्री को शामिल नहीं किया गया है। पहले सामान्यतः कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में से वरिष्ठ नेताओं को कार्य समिति समिति में स्थान दिया जाता रहा है।

मौजूदा समय में कांग्रेस की चार राज्यों कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में सरकारें हैं। इनमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की गिनती पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं में होती है।

कांग्रेस ने उदयपुर के अपने 'चिंतन शिविर' और रायपुर के महाधिवेशन में भले ही संगठन के सभी स्तरों पर 50 प्रतिशत स्थान 50 साल से कम उम्र के नेताओं को देने (50 अंडर 50) के फामूर्ले की बात की हो, लेकिन इस कार्यसमिति में जिन 39 सदस्यों को शामिल किया गया, उनमें सिर्फ तीन नेता ही 50 वर्ष से कम उम्र के हैं।

ये राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई और मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश्वर पटेल हैं। जहां पायलट 46 वर्ष के हैं, वहीं गौरव गोगोई 43 और कमलेश्वर पटेल 49 साल के हैं।

कार्य समिति में शामिल प्रमुख चेहरा राहुल गांधी 53 साल के हैं, तो कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा 51 साल की हैं।

पार्टी ने अपनी कार्यसमिति में हमेशा की तरह वरिष्ठ नेताओं को तरजीह दी है। इसमें शामिल पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उम्र 90 साल है, तो वरिष्ठ नेता एके एंटनी 82, अंबिका सोनी 80 और मीरा कुमार 78 साल की हैं। पार्टी अध्यक्ष खरगे खुद 81 साल के हैं, जबकि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी 76 वर्ष की हैं।

जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, आनंद शर्मा और कुछ अन्य वरिष्ठ नेता सीडब्ल्यूसी में शामिल किए गए हैं।

कार्यसमिति में कुल 15 महिलाओं को स्थान मिला है। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, कुमारी सैलजा, अंबिका सोनी, मीरा कुमार और दीपा दासमुंशी को बतौर सदस्य इस नई कार्यसमिति में शामिल किया गया है। प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी नटराजन, फूलो देवी नेताम और रजनी पाटिल स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगी।

यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, परिनीति शिंदे, अलका लांबा और नेटा डिसूजा कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाई गई हैं।

## लद्दाख में सड़क हादसे में नौ जवानों की मौत

**श्रीनगर, एजेंसी।** लद्दाख में शनिवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से नौ सैनिकों की मृत्यु हो गई।

यह जानकारी रक्षा अधिकारियों ने दी। अधिकारियों के मुताबिक यह दुर्घटना लेह जिले के क्यारी शहर से लगभग सात किलोमीटर दूर हुई। हादसे के समय सेना के तीन वाहनों का एक छोटा काफिला इलाके में जा रहा था।

रक्षा अधिकारियों ने कहा, 'जब वाहन गहरी खाई में गिरा, तो उसके अंदर सेना के 10 जवान थे।' उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में नौ सैनिकों की मौत हो गई।

मृत जवानों की शिनाख्त

सेना ने रविवार को उन नौ सैनिकों की पहचान की है जो शनिवार को लद्दाख में एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से अपनी जान गंवा बैठे।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक हादसे में मृत जवानों की पहचान नायब सूबेदार रमेश लाल, हवलदार महेंद्र सिंह, हवलदार विजय कुमार, नायक एन चंद्र शेखर, नायक तेजपाल, ग्रेनेडर मन मोहन, ग्रेनेडर अंकित, ग्रेनेडर तरणदीप सिंह और ग्रेनेडर भोइट वैभव के रूप में हुई है।

इस बीच जनरल ऑफिसर कमांडिंग फायर एंड फ्यूरी क्रॉप ने लद्दाख हादसे में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।




जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने शोक संदेश में कहा, लद्दाख में सड़क हादसे में सेना के जवानों की जान जाने से बेहद दुखी हूं। राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मृत सैनिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, लद्दाख में दुखद सड़क दुर्घटना से बहुत दुखी हूं।

हादसा शनिवार को लद्दाख में लेह जिले के क्यारी शहर से सात किलोमीटर दूर उस समय हुआ , जब सेना के तीन वाहनों का एक छोटा काफिला इलाके में जा रहा था और इसी दौरान एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में नौ सैनिकों की मौत हो गयी।

## एनसीसीएफ 25 रुपये प्रति किलोग्राम के खुदरा मूल्य पर प्याज बेचेगा

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** प्याज की बढ़ती कीमतों को देखते हुए सोमवार (21 अगस्त) से खुदरा दुकानों और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) की मोबाइल वैन के माध्यम से 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज उपलब्ध कराया जाएगा।

साथ ही आने वाले दिनों में अन्य एजेंसियों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को शामिल कर प्याज की बाजार में उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। यह जानकारी रविवार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से दी गई।



मंत्रालय के मुताबिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख बाजारों को ध्यान में रखते हुए बफर से प्याज पहुंचाना शुरू हो गया है। जहां खुदरा कीमतें अखिल भारतीय औसत से ऊपर हैं या फिर पिछले महीने की तुलना में काफी अधिक हैं, उन बाजारों तक प्याज पहुंचाया जाएगा। आज तक बफर से लगभग 1,400 मीट्रिक टन प्याज तय बाजारों में भेज दिया गया है। इसके अलावा प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास भी लगातार जारी हैं।

केंद्र सरकार ने 3 लाख मीट्रिक टन के प्रारंभिक खरीद लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद इस वर्ष प्याज बफर की मात्रा बढ़ाकर 5 लाख मीट्रिक टन कर दी। इस संबंध में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एनसीसीएफ और एनएएफईडी को प्रमुख उपभोग केंद्रों में खरीदे गए स्टॉक के कैलिब्रेटेड निपटान के साथ अतिरिक्त खरीद लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 1 लाख टन प्रत्येक की खरीद करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय का कहना है कि सरकारी प्याज द्वारा बफर के लिए खरीद, स्टॉक की तय रिलीज और निर्यात शुल्क लगाने जैसे बहुआयामी उपायों से किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने से लाभ होगा। इससे पहले प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाये रखने के लिए सरकार ने निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था।

## भारत में बना जी20 बैठकों का कीर्तिमान : पुरी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राजनयिक हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि भारत की अध्यक्षता में विकसित और विकासशील देशों के समूह जी20 अपनी अध्यक्षता में बैठकों के आयोजन का जो कीर्तिमान स्थापित हो रहा है उसकी बराबरी करना अन्य देशों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

एक टीवी समाचार चैनल द्वारा जी-20 शिखर बैठक को लेकर आयोजित दिन भर की परिचचाओं के एक सत्र में आवास और शहरी मामलों के मंत्री श्री पुरी ने कहा कि जी20 के आयोजन में ह्यजो कीर्तिमान भारत ने स्थापित किया है, इससे अन्य देशों के लिए चुनौती रहेगी. भारत ने जो आयोजन कराए हैं वैसा करने में अगले देशों को थोड़ी मुसीबत होने वाली है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने 9-10 सितंबर को राजधानी में होने वाली जी20 शिखर बैठक से पहले विभिन्न विषयों पर 60 से अधिक बैठकें रखी गयीं। ये बैठकें जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक देश के विभिन्न भागों हुई हैं। व्यापार और निवेश पर एक मंत्रिस्तरीय बैठक अगले सप्ताह जयपुर में होने जा रही है। इससे पहले वहीं इस विषय पर जी20 कार्यसमूह की दो दिन की बैठक भी होगी। श्री पुरी ने बातचीत के दौरान अपने मंत्रालयों की उपलब्धियों के बारे में बात की।



उनसे जब पूछा गया कि देश में पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम चुनाव के समय पर ही क्यों गिर जाते हैं तो उनका जवाब था कि इन चीजों के दाम अंतरराष्ट्रीय कीमतों, परिवहन और बीमा,परिशोधन की लागत, परिशोधनमार्जिन और करों की दरों से तय होते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे में अगर दुनियाभर में दाम बढ़ेंगे तो सरकार के पास कोई विकल्प नहीं बचता है।

श्री पुरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम बढ़ने के बाद भी नंवबर 2021 में और मई 2022 में सरकार ने पेट्रोलियम पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी कम किया। इससे जनता को पेट्रोल-डीजल पर प्रति लीटर 13-16 रुपये का फायदा मिला। इसके साथ ही उस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारों वाले राज्यों ने पेट्रोलियम पर वैट कम किया था पर उसके बाद देश में राजनीति शुरू हो गई। पेट्रोलियम मंत्री ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय तेल कंपनियों को बिक्री में हुए घाटे की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार की ओर से जारी ऑयल बॉन्ड का भी जिक्र किया और कहा,तब की सरकारों के उस कर्जे का बोझ हम अब भी झेल रहे हैं।

विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर श्री पुरी ने कहा, मैंने हाल में 15 अगस्त को केजरीवालजी से पूछा था कि आप तो परिवारवाद के खिलाफ हैं। इस पर उन्होंने कहा था कि हां,हम खिलाफ हैं। लेकिन नए गठबंधन पर उन्होंने कहा कि ये तो पॉलिटिक्स है। श्री पुरी ने संसद में अपने एक साथी की बात का हवाला देते हुए विपक्षी गठबंधन में बिहार के मुख्यमंत्री की भूमिका पर भी टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, मेरे एक साथी सांसद ने कहा कि नीतीश जी से बिहार तो चल नहीं रहा, यह सिर्फ समझौता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में बहुत से नेता हैं। पहले वे बैठकर यह तय कर लें कि कौन से दिन कौन सा नेता प्रधानमंत्री बनेगा।

### जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में परिणाम दस्तावेज को सर्वसम्मति से स्वीकृत



**नयी दिल्ली।** जी- 20 स्वास्थ्य मंत्री की बैठक में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए परिणाम दस्तावेज को सर्वसम्मति से स्वीकृत गया है। यूक्रेन से संबंधित पैरे पर हालांकि रुस और चीन ने असहमति जताई है।

गुजरात के गांधीनगर में जी-20 देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की तीन दिन की बैठक के अंतिम दिन शनिवार को परिणाम दस्तावेज को लगभग सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यूक्रेन से संबंधित पैरे पर हालांकि रूस और चीन ने असहमति व्यक्त की। दस्तावेज में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत करने और सभी के पहुंच में लाने की प्रतिबद्धता जताई गई। जी-20 देश सुरक्षित, प्रभावी, गुणवत्ता तक समान पहुंच के साथ चल रही वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों और भविष्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए अधिक लचीला, न्यायसंगत, टिकाऊ और मजबूत बनाने की सहमति पर पहुंचे।

## पीएम मोदी ने राजीव गांधी को उनकी जयंती पर किया याद



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी जयंती पर मेरी श्रद्धांजलि। इससे पहले सुबह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजीव गांधी की जयंती पर उनकी समाधि वीर भूमि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेता प्रियंका गांधी वाद्रा और केसी वेणुगोपाल भी उपस्थित थे।

### सिम डिलरों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य

## 67 हजार डीलर हुए ब्लैकलिस्ट

एनसीआर समाचार

**बेंगलुरु।** मोबाइल फोन सिम के जरिए धोखाधड़ी और मिस यूज आज के दौर में सामान्य बात हो गई है। लेकिन अब इन धोखाधड़ी पर लगाम लग रही है। केंद्र सरकार ने सिम डीलरों के लिए नया नियम बनाया है। जिसके तहत अब देश में मोबाइल फोन के सिम विक्रेताओं का अब पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा, जिसमें उनकी बायोमेट्रिक जानकारी भी शामिल है। अब बड़ी संख्या में बिजनेस कनेक्शन लेने वाले कारोबारियों को सिम देते समय सम्बन्धित कर्मचारी का केवाईसी कराना अनिवार्य होगा।

**बड़ी संख्या में सिम खरीद पर रोक**

केन्द्रीय टेलीकॉम मंत्री अश्वनी वैष्णव ने टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़े दो रिफॉर्म की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन रिफॉर्म का मकसद केवल



उपयोगकर्ता को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है। उन्होंने कहा कि सिम बेचने वाले को अब गलत तरीके से इसे बेचने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसके लिए उसका पुलिस और बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा और बड़ी संख्या में सिम खरीद पर रोक होगी। इसके स्थान पर बिजनेस कनेक्शन दिए जायेंगे। बिजनेस कनेक्शन के लिए एक प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन होगा। यह बिजनेस कनेक्शन पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना केवाईसी कराना अनिवार्य होगा।

**केंद्र सरकार ने लिया एक्शन**

केंद्रीय मंत्री ने संचार पोर्टल के माध्यम से हासिल की गई उपलब्धियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संचार पोर्टल के जरिए 52 लाख फर्जी कनेक्शन खत्म किए गए हैं। 67 हजार डीलर ब्लैकलिस्ट किए गए हैं। साइबर फ्रॉड से जुड़ी 300 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 17 हजार मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक किए गए हैं। 67 हजार व्हाट्सएप ब्लॉक किए गए हैं। एक लाख पेमेंट अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। तीन लाख चोरी के मोबाइल उनके मालिकों तक पहुंचाए गए हैं। एक आधार पर सिम लेने की संख्या को अभी भी नौ बनाए रखा गया है।

**पुलिस वेरिफिकेशन और केवाईसी के लिए मिलेगा समय**

उन्होंने बताया कि डिजिटल केवाईसी जल्द ही जरूरी कर दिया जाएगा। सिम कार्ड देते समय आधार कार्ड के क्यूआर कोड को सत्यापित करना जरूरी होगा। इससे फोटो शॉप के दस्तावेज की हेरफेर खत्म होगी। हालांकि उन्होंने कहा कि 10 लाख सिम डीलर को पुलिस वेरिफिकेशन के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा।

## परिवारवाद देश और लोकतंत्र के लिए जहर : अमित शाह

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज परिवारवाद को देश और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए 'जहर' बताते हुए कहा कि देश में कांग्रेस समेत अनेक पार्टियां इसका उदाहरण हैं। उन्होंने अनेक उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में परिवारवाद नहीं है।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्री शाह ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य में लगभग 20 सालों की भाजपा सरकार का



रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में श्री शाह ने परिवारवाद को लेकर कहा कि भाजपा में परिवारवाद कतई नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वयं समेत अनेक भाजपा नेताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ये सभी किस परिवार से आए और आगे बढ़े।

श्री शाह ने कहा कि परिवारवाद वह है, जिसमें किसी परिवार विशेष की पार्टी और सरकार में 'मिल्कियत' रहती है या उस परिवार का एकाधिकार रहता है।

एनसीआर समचार,
साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

## कमलनाथ बोले– इनकी नीति और नियत ही ठगने वाली

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता हासिल करने के प्रयास में जुटी कांग्रेस ने भाजपा पर हमले तेज कर दिये है। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने प्रदेश की भाजपा सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र जारी किया। आरोपों की पहली किस्त में प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है। जबकि, दूसरी किस्त में विभागवार आरोप पत्र जारी होगा।

कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आरोप पत्र जारी करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार विश्व की सबसे अधिक घोटाले करने वाली सरकार है। शिवराज जी ने अपने 18 साल के कार्यकाल में घोटाले पर घोटाले कर भ्रष्टाचार का कीर्तिमान रच दिया है। शिवराज सरकार के काले कारनामों का काला चिट्ठा बहुत लंबा है, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण महाघोटालों को शामिल कर कांग्रेस पार्टी ने शिवराज सरकार के 18 साल के कार्यकाल की घोटाला-शीट तैयार की है। इससे मध्य प्रदेश की जनता को 50




प्रतिशत कमीशनराज की तथ्यात्मक हकीकत भली भांति समझ आ जाएगी।

**घोटाला करने में भगवान को भी नहीं छोड़ा**

कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि संसार में ऐसा उदाहरण कम ही मिलेगा जब किसी मुख्यमंत्री ने गर्भस्थ शिशु से लेकर मृत्यु को प्राप्त हो चुके मनुष्य तक को अपने घोटाले में शामिल कर लिया हो और इतना ही नहीं घोटाला करने में भगवान को भी ना छोड़ा हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पोषण आहार घोटाले में शिवराज सरकार ने गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं के साथ भ्रष्टाचार किया। राशन घोटाले में सभी नागरिकों के भोजन में घोटाला किया। आयुष्मान घोटाले में मृतकों के नाम पर उपचार कराकर संसार से विदा हो चुके मृतकों के नाम पर भी घोटाला कर दिया। यही एक ऐसी सरकार है जिसने सिंहस्थ और महाकाल लोक घोटाले में भ्रष्टाचार कर भगवान के साथ भी धोखा किया है। शायद इन्हीं जैसे बेईमानों के लिए यह गाना लिखा गया था- भगवान को धोखा देते हैं, इंसान को यह क्या छोड़ेंगे?

**व्यापमं घोटाले पर किया घेराव**

कमलनाथ ने व्यापमं घोटाले पर सरकार का घेराव करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तो शिवराज सरकार ने घोटालों की झड़ी लगा दी है। व्यापमं घोटाला अगर शिक्षा के क्षेत्र में हुआ दुनिया का सबसे बड़ा और भयानक घोटाला है तो शिवराज सरकार ने स्कूल में, स्कूल में चलने वाली कक्षाओं में, कक्षाओं में बैठने वाले छात्रों और छात्रों के द्वारा पहने जाने वाली गणवेश में और कक्षा में सिखाए जाने वाले कौशल में भी घोटाला किया है।

**शिव राज में चल रहा कमीशनराज**

कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार कमीशन, भ्रष्टाचार और घोटालों को अपना अधिकार समझने लगी है। इसीलिए जब एक ठेकेदार ने कमीशन राज से दुखी होकर पत्र लिखा और समाचार पत्रों ने उसे पत्र को प्रकाशित किया तथा कांग्रेस के नेताओं ने उन समाचारों को ट्वीट किया तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बजाय शिवराज सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पूरे प्रदेश में मुकदमे दर्ज करने का अभियान शुरू कर दिया गया। लेकिन कल रीवा के दूसरे ठेकेदार ने कैमरे के सामने स्वीकार किया कि गौशाला निर्माण में भी 50 प्रतिशत कमीशनराज चल रहा है, इससे पता चलता है कि शिवराज सरकार चोरी और सीनाजोरी पर उतर आई है। कमलनाथ ने कहा कि आज जो घोटाला शीट जारी की जा रही है उसे कांग्रेस के कार्यकर्ता मध्य प्रदेश के हर घर तक पहुंचाएंगे, ताकि मध्य प्रदेश की जनता यह जान सके कि उनके साथ किस तरह लूट की जा रही है।

# हवाई दावानलः माउई आपातकालीन प्रमुख का इस्तीफा

**माउई, एजेंसी।** अमेरिका के हवाई द्वीप के माउई के आपातकालीन प्रबंधन प्रमुख हरमन अंदाया ने पिछले सप्ताह की घातक जंगल की आग में अपनी एजेंसी की अलार्म प्रणाली को सक्रिय करने में विफलता का बचाव करने के एक दिन बाद पद छोड़ दिया है। घातक दावानल में जिंदा जलकर अब तक 111 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 10000 से अधिक लोग लापता हैं। श्री अंदाया ने गुरुवार को दिये इस्तीफे के लिए 'स्वास्थ्य कारणों' का हवाला दिया।

हवाई द्वीप के निवासियों ने बीबीसी को बताया कि एक मजबूत आपातकालीन कदमों और उपायों से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती थी। दावानल में कम से कम 111 लोगों की मौत हो गयी जबकि 1,000 से अधिक लापता हैं। माउई की परिष्कृत प्रणाली, जिसमें द्वीप के चारों ओर 80 सायरन शामिल हैं, का परीक्षण हर महीने की पहली तारीख को किया जाता है। इसकी 60 सेकंड की ध्वनि लाहिना में जीवन का एक सामान्य हिस्सा है। परन्तु अग्निकांड के दिन वे खामोश रहे।

श्री अंदाया ने बुधवार को जोर देकर कहा कि उन्हें अपने फैसले पर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें डर था कि सायरन - अक्सर सुनामी के लिए बजाया जाता है और ऐसे में यह बजता तो लाहिना में कुछ लोग ऊंची जमीन की ओर भागते हुए संभवतः तेजी से बढ़ती आग की तरफ पहुंच जाते।

गुरुवार को लाहिना में बीबीसी से बात करने वाले किसी भी निवासी ने इस स्पष्टीकरण को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि सायरन आने वाले खतरे की महत्वपूर्ण चेतावनी देता।

आग लगने के दिन, पास के तूफान डोरा के कारण तेज हवाओं के कारण लाहिना में कई लोग बिना बिजली के अपने घर पर थे।

# पाकिस्तान सभी से दोस्ती का इच्छुक, किसी से दुश्मनी नहीं चाहता : कार्यवाहक विदेश मंत्री जिलानी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के नवनियुक्त कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने कहा है कि वह अमेरिका और चीन सहित सभी प्रमुख शक्तियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाएंगे, भारत के साथ संबंध बेहतर करेंगे और खाड़ी क्षेत्र के साथ सहयोग बढ़ाएंगे।

बृहस्पतिवार को कार्यवाहक विदेश मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद 68 वर्षीय वरिष्ठ राजनयिक ने कहा कि वह राष्ट्रीय सहमति के जरिए विदेश नीति का पालन करते रहेंगे।

जिलानी विदेश सचिव और अमेरिका के लिए पाकिस्तान के दूत के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बात पर राष्ट्रीय सहमति है कि पाकिस्तान को निश्चित रूप से चीन से करीबी मित्रता बनाए रखने के साथ अमेरिका के साथ भी अच्छे संबंध रखने चाहिए। उन्होंने 'एक्सप्रेस



ट्रिब्यून' अखबार को कहा, "हम स्पष्ट हैं कि पाकिस्तान किसी गुटीय राजनीति का हिस्सा नहीं बनेगा।"

अमेरिका-चीन की बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के बीच पाकिस्तान सावधानी से कदम बढ़ा रहा है और कई बार उसे कठिन विकल्प चुनना पड़ा है। पाकिस्तान दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति के लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ, जिसे अपने सदाबहार सहयोगी चीन को नाराज न करने के स्पष्ट प्रयास के रूप में देखा गया।

वहीं, पाकिस्तान अमेरिका के साथ करीबी रिश्ते पर भी जोर देता है। माना जाता है कि अमेरिका ने, पाकिस्तान के संभावित चूककर्ता होने से बचने में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ एक अतिरिक्त समझौते पर हस्ताक्षर करने में अहम भूमिका निभाई थी।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को बधाई दी और पाकिस्तान की आर्थिक समृद्धि के लिए मिलकर काम करने में दोनों देशों के साझा हितों को रेखांकित किया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह देखते हुए कि इस साल चुनाव नहीं हो सकते हैं, जिलानी को कई गंभीर विदेश नीति चुनौतियों से निपटना पड़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जिलानी का मानना है कि पाकिस्तान हमेशा से अपने पूर्वी पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंध चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ बेहतर संबंध दोनों पक्षों द्वारा जम्मू-कश्मीर के मुख्य मुद्दे सहित लंबे समय से जारी मुद्दों को सुलझाने पर निर्भर करते हैं।

पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा पठानकोट वायुसेना अड्डे पर 2016 में आतंकवादी हमले करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

# प्रदेश की पहली सोलर सिटी साँची बचायेगी 2.3 लाख वयस्क वृक्ष

**भोपाल, एजेंसी।** विश्व धरोहर साँची प्रदेश की पहली सोलर सिटी होगी। साँची सोलर सिटी में की गई गतिविधियों से सालाना 13 लाख 747 टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आयेगी। यह लगभग 2 लाख 3 हजार वयस्क वृक्षों के बराबर है।

जनसंपर्क अधिकारी सुनीता दुबे ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि आठ मेगावॉट की साँची सौर परियोजना में शासकीय एवं घरेलू भवनों पर 220 किलोवॉट सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किये गये हैं। शासकीय विद्यालय, जिला सहकारी बैंक, पुलिस स्टेशन, स्कूल, घर, कृषि सभी सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। सौर ऊर्जा घरेलू, व्यावसायिक और कृषि विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी। शासन और नागरिकों के ऊर्जा संबंधी व्यय में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हर साल लगभग 7 करोड़ रुपए से अधिक की बचत होगी। ग्रिड कनेक्टेड सोलर संयंत्र से साँची शहर को 3 मेगावॉट और साँची ग्रामीण फीडर को 5 मेगावॉट बिजली दी



जायेगी। शहर के नागरिकों को ऊर्जा के सदुपयोग एवं संरक्षण के प्रति व्यवहार में परिवर्तन के लिये ऊर्जा साक्षरता अभियान भी चलाया गया।

साँची स्तूप पर आवागमन के लिये गोल्फ कॉर्ट की व्यवस्था की गई है। नागरिकों को भी इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिये प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। वाहनों के लिये ई-रिचार्जिंग स्टेशन स्थापित किये गये हैं। शहर में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता एवं उपयोग के लिये विभिन्न ऑफग्रिड संयंत्रों की स्थापना की गई है, जिनमें सोलर वॉटर कियोस्क, सोलर स्टड, सोलर हाईमास्ट, सोलर ट्री, वर्टिकल एक्सिस, विण्ड टर्बाइन शामिल हैं।

साँची में रेलवे द्वारा 50 किलोवॉट, मध्यप्रदेश पर्यटन 104 किलोवॉट, स्कूल शिक्षा 13 किलोवॉट, पोस्ट-ऑफिस 3 किलोवॉट, पुरातत्व संग्रहालय 8 किलोवॉट, डिस्काम ऑफिस 2 किलोवॉट, सरकारी अस्पताल 10 किलोवॉट, घरेलू 45 किलोवॉट, इस तरह कुल 245 किलोवॉट की रूफटॉप सोलर क्षमता निर्मित की जा चुकी है। शहर में घरेलू सौर उपकरणों को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्कूली बच्चों को अध्ययन के लिये सोलर स्टडी लेम्प, छोटे व्यवसायियों के लिये सोलर स्टेण्ड लेम्प और बुजुर्गों एवं गृहणियों के दैनिक कार्यों के लिये सोलर लालटेन की व्यवस्था की गई है।


# छत्तीसगढ़ में आठ लाख रुपए का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**बलरामपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस दल ने जिले के भागलपुर गांव से सरजुन यादव उर्फ पूतना नामक नक्सली को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। नक्सली पर आठ लाख रुपए का इनाम है। उन्होंने बताया कि पूतना 2018 और 2020 के बीच नक्सलियों की मिलिट्री कंपनी का सदस्य था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसने 2020 में बलरामपुर जिले के सामरीपाट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलजली गांव के जंगल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों पर गोलीबारी में शामिल था। इस घटना में एक सुरक्षाकर्मी घायल हुआ था।

उन्होंने बताया कि सरजुन अपने बड़े भाई भूपेन्द्र यादव के नक्सल संबंधी मामले में जेल जाने के बाद 2018 में नक्सली संगठन के संपर्क में आया था। इसके बाद वह नक्सलियों के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं की आपूर्ति करने लगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बाद में वह नक्सली नेता नवीन यादव के साथ जुड़ गया और तीन साल तक कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा, जिसमें 2020 में तीन सीआरपीएफ जवानों पर गोलीबारी और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए बारूदी सुरंग लगाना शामिल है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 654.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज



**रायपुर, एजेंसी।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 654.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 18 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1107.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 310.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 599.3 मिमी, बलरामपुर में 614.7 मिमी, जशपुर में 521.5 मिमी, कोरिया में 631.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 644.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।


इसी प्रकार, रायपुर जिले में 775.3 मिमी, बलौदाबाजार में 661.6 मिमी, गरियाबंद में 623.0 मिमी, महासमुंद में 724.6 मिमी, धमतरी में 652.9 मिमी, बिलासपुर में 645.7 मिमी, मुंगेली में 835.4 मिमी, रायगढ़ में 715.8 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 559.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 528.2 मिमी, सक्ती में 532.5 मिमी, कोरबा में 639.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 608.5 मिमी, दुर्ग में 540.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

# अमेरिका की अदालत ने तहव्वुर राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक अदालत ने 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के आरोपी और पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी है जिसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्वारा उसे भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रमाणपत्र जारी करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

'सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया' में 'यूनाइटेड स्टेट डिस्ट्रिक्ट' के न्यायाधीश डेल एस फिशर ने 10 अगस्त के अपने आदेश में लिखा, "अदालत ने एक अलग आदेश जारी कर तहव्वुर राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी है।"

बहरहाल, राणा ने इस आदेश के खिलाफ 'नाइंथ सर्किट कोर्ट' में याचिका दाखिल की है और उस पर सुनवाई होने तक उसके भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाए जाने का अनुरोध किया है।



राणा ने जून में अमेरिकी अदालत के उस आदेश को चुनौती देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध को स्वीकार किया गया था।

न्यायाधीश फिशर ने अपने आदेश में कहा कि राणा ने अपनी याचिका में दो मूल दलीलें पेश की हैं। उन्होंने कहा कि पहली दलील यह है कि संधि के तहत उसे प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता, क्योंकि भारत उसके खिलाफ उन कृत्यों के लिए अभियोग चलाना चाहता है, जिन्हें लेकर अमेरिका की एक अदालत ने उसके खिलाफ आरोप लगाए थे और उसे बरी कर दिया था तथा दूसरा तर्क यह है कि सरकार ने यह बात साबित नहीं की है कि यह मानने का संभावित कारण है कि राणा ने भारत में वे अपराध किए जिन्हें लेकर उसके खिलाफ अभियोग चलाया जाना है। न्यायाधीश ने दोनों ही दलीलें खारिज कर दीं।

न्यायाधीश के इस आदेश के बाद राणा के वकीलों पैट्रिक ब्लेगन और जॉन डी क्लिने ने 'यूनाइटेड स्टेट कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द नाइंथ सर्किट' में इसके खिलाफ याचिका दायर की।

अमेरिका सरकार ने राणा द्वारा दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अस्वीकार करने का जून में आग्रह किया था।

भारत में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में किए गए हमलों में राणा की भूमिका की जांच कर रहा है। इन हमलों के दौरान अजमल कसाब नामक आतंकवादी जिंदा पकड़ा गया था, जिसे 21 नवंबर 2012 को भारत में फांसी की सजा दी गई। बाकी आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने हमलों के दौरान ढेर कर दिया था। मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकी नागरिक सहित कुल 166 लोगों की जान गई थी।

## एक नजर

### बिजलीकर्मियों की हड़ताल अवैधः श्रम न्यायालय

**रायपुर, एजेंसी।** श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजलीकर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनीज अधिकारी-कर्मचारी ओपीएस बहाली संयुक्त मोर्चा की प्रस्तावित आज (शुक्रवार) 18 अगस्त को होने वाली सामूहिक अवकाश सत्याग्रह को अवैध घोषित कर दिया है।

श्रम न्यायालय ने 17 अगस्त गुरुवार की देर शाम को जारी आदेश में कहा है कि प्रस्तावित 18 अगस्त की हड़ताल से जनहित प्रभावित होने की आशंका होने के कारण अवैध घोषित किया जाता है। कर्मचारी-अधिकारी किसी भी हड़ताल सत्याग्रह में शामिल न हों।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) ए के वर्मा ने बताया कि श्रम न्यायालय-01 के न्यायाधीश एसएल मात्रे के कोर्ट में फेडरेशन एवं 7 कर्मचारी संगठनों के 18 अगस्त को सामूहिक अवकाश हड़ताल पर स्थगन देने की अपील की गई थी। कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक संगठन अधिनियम 1960 की धारा 167 सहपठित धारा 64 ए तहत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इससे अपूरणीय क्षति होने की आशंका है। श्रम न्यायालय ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए हड़ताल को अवैध घोषित किया है।

### विपक्षी यूडीएफ ने पहाड़ी जिले इडुक्की में हड़ताल की

**इडुक्की (केरल), एजेंसी।** केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने भूमि और कृषि मुद्दों पर विरोध जताते हुए शुक्रवार को इडुक्की जिले में हड़ताल की।

सुबह छह बजे से शुरू हुई दिनभर की हड़ताल के दौरान पहाड़ी जिले के अधिकतर इलाकों में दुकानें बंद रहीं। जिले के कुछ हिस्सों में वाहन यातायात प्रभावित रहा, लेकिन केरल राज्य सड़क परिवहन सेवा (केएसआरटीसी) का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि पर्यटकों को ले जाने वाली निजी कैब सेवाएं भी हड़ताल से प्रभावित नहीं हुईं। पर्यटकों के पसंदीदा इडुक्की और मुन्नार जिलों में दुकानें बंद हैं। यह हड़ताल करने वाले यूडीएफ ने मुन्नार के पास की पंचायतों में निर्माण कार्यों पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने, कार्डेमम (इलायची) हिल्स रिजर्व (सीएचआर) क्षेत्र के तहत सभी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के राज्य सरकार के 2019 के आदेश को रद्द करने और रिहायशी बस्तियों को बफर जोन सीमा से बाहर करने की मांग की है।

### सोपोर में लश्करे तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के सोपोर में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने सेना की 52 राष्ट्रीय राइफल्स के साथ मिलकर शेर कॉलोनी तारजू सोपोर में स्थापित एक संयुक्त चौकी पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। टीम को देखकर उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दरनम्बल तारजू निवासी मंजूर अहमद भट और तनवीर अहमद लोन के रूप में की गयी है। ये दोनों प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से दो ग्रेनेड, आठ पिस्तौल राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### राजौरी मुठभेड़ में घायल दूसरे आतंकवादी का शव बरामद

**जम्मू, एजेंसी।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में मुठभेड़ के करीब दो सप्ताह बाद विशेष अभियान समूह (एसओजी) की टीम ने यहां से दूसरे आतंकवादी का शव बरामद किया है। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने शुक्रवार को बताया कि खवास इलाके में मुठभेड़ में घायल दूसरे आतंकवादी का शव एसओजी को रियासी के ढकीकोट में पाया गया।

गौरतलब है कि खवास में पांच अगस्त को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में एक आतंकवादी की मौत हो गयी थी जबकि दूसरा आतंकवादी घायल हो गया था। इस सदौरान ग्रेनेड, मैगजीन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी मौके से बरामद किये गये थे।

### कुपवाड़ा में पास हथियारों का जखीरा बरामद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को हथियारों का जखीरा बरामद किया। सेना ने शुक्रवार को बताया कि पांच एके राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद की यह बरामदगी सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन दिन तलाशी अभियान के दौरान हुई है। सेना ने सोशल मीडिया 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि विभिन्न एजेंसियों की भारी मात्रा में हथियारों होने की खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना, बीएसएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने 15 से 23 अगस्त तक कुपवाड़ा के मच्छिल सेक्टर में संयुक्त अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पांच एके रायफल, सात पिस्तौल, चार हैंड ग्रेनेड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान अभी जारी था।

### जरानवाला हिंसा में 29 गिरफ्तार, मुकदमे में 34 नामजद, 600 अज्ञात व्यक्ति

**लाहौर, एजेंसी।** फैसलाबाद के औद्योगिक जिला के जरानवाला शहर में बुधवार को हुई हिंसा पर दर्ज मुकदमे में स्थानीय पुलिस ने पाकिस्तान दंड संहिता की 18 धाराओं और आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धारा सात के तहत 34 लोगों को नामजद और 600 अज्ञात को नामित किया है। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने इस हिंसा पर 29 संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। यह हिंसा मौलवियों के उकसाने पर भड़की। ईश निंदा के आरोपों के तहत ईसाई समुदाय पर हमला करने के लिए मस्जिदों से घोषणा की गई। इसके बाद जरानवाला में भीड़ ने कई चर्चों में तोड़फोड़ की और कई घरों में आग लगा दी थी।

### नेपाल में सोना तस्करी मामले में 48 घंटे में चीन के दो और नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में पुलिस ने 48 घंटे के दौरान दो अन्य चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह छठी गिरफ्तारी है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस अब तक चीन के 12 नागरिकों को गिरफ्तार कर चुकी है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डिआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि इस मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने बीती रात काठमांडू स्थित एक अपार्टमेंट में छापा मारकर अवैध रूप से लम्बे समय से रह रहे दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने फिलहाल इनके नामों का खुलासा नहीं किया है। दोनों को आज काठमांडू जिला

# दिल्ली में सफाई व्यवस्था ऐसी होगी बाहर से लोग देखने आएंगे : डॉ. शैली ओबरॉय

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने के लिए 'अब दिल्ली होगी साफ' पहल आगे बढ़ाते हुए मेयर डॉ शैली ओबरॉय स्वयं ग्राउंड जीरो पर जाकर रोजाना वार्डों का औचक निरीक्षण कर रहीं हैं। दिल्ली की सड़कों पर स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई कर्मियों का मनोबल बढ़ा रही है। पिछले 5 दिनों में मेयर डॉ शैली ओबरॉय 10 वार्डों का औचक निरीक्षण कर चुकी हैं।

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने आज महा-सफाई अभियान के अंतर्गत पश्चिमी जोन के सुभाष नगर वार्ड और शाहदरा (दक्षिणी) जोन के आईपी एक्सटेंशन वार्ड व विश्वास नगर वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाकर सड़कों के किनारे से कूड़ा व अवैध मलबा उठाया जाये। रामलीला ग्राउंड और पार्कों की मरम्मत की जाए। इस दौरान मेयर ने



मातृ शिशु कल्याण केन्द्र का दौरा भी किया। मरीजों से बातचीत कर केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में उनका फीडबैक भी लिया।

अब दिल्ली होगी साफ अभियान के तहत मेयर डॉ शैली ओबेरॉय ने शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र में वार्ड संख्या -205 आई पी एक्सटेंशन में अभियान का जायजा लिया। इस दौरान मेयर ने सफाई कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्वयं झाड़ू लगाया और क्षेत्र को साफ बनाये रखने की मुहिम की शुरूआत की। मेयर ने आईपी एक्सटेंशन में खाली ग्राउंड का निरीक्षण किया, जिसमें बड़ी मात्रा सीएंडडी वेस्ट पड़ा हुआ था। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि इस ग्राउंड का धार्मिक महत्व है। हर साल यहां छठ पर्व मनाया जाता है। इस ग्राउंड से 10 दिन के भीतर सीएंडडी वेस्ट को हटाकर प्लांट भेजा जाए।

## मेगा सफाई अभियान से जुड़ें लोग- डॉ शैली ओबरॉय

इसके बाद मेयर शाहदरा दक्षिणी के वार्ड संख्या-207 विश्वास नगर पहुंची। दिल्ली में मेगा सफाई अभियान के तहत पदयात्रा कर लोगों से क्षेत्र को साफ बनाये रखने की अपील की। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम ने 'अब दिल्ली होगी साफ्ह्व अभियान तेज को कर दिया है। सभी जोनो में विधायक, पार्षद, अधिकारी सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चला रहे हैं। दिल्ली में सफाई व्यवस्था इतनी बेहतर होगी कि बाहर से लोग एमसीडी मॉडल देखने आएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्रों की आरडब्लूए व मार्केट एसोसिएशन भी आगे आकर अभियान का हिस्सा बन रही हैं। मेयर ने नागरिकों से भी अपील की कि वे इस महा सफाई अभियान से जुड़ें और दिल्ली नगर निगम का सहयोग करें।

## मेयर ने स्थानीय लोगों की सुनीं समस्याएं

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों के बदहाल सफाई व्यवस्था के बारे में मेयर को अवगत कराया। महापौर ने सबंधित अधिकारियों के सफाई व्यवस्था बनाये रखने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने वार्ड में ऑटो टिप्पर के बारे में जानकारी ली और उनकी संख्या बढ़ाने के बात की जिससे बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान पार्षद मंजू सेतिया, रचना धर्मवीर सिंह, ज्योति रानी, उपायुक्त संदीप कुमार, अंशुल सिरोही सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षिका को ऑटो से गिराने वाले दोनों बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साकेत में मोबाइल छीनने के दौरान शिक्षिका योविका चौधरी को ऑटो से खींचकर नीचे गिराने वाले दो बदमाशों को दक्षिण जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ते (एएटीएस) ने गिरफ्तार कर लिया है। 250 सीसीटीवी की फुटेज खंगालने और 16 किलोमीटर के रूट की जांच के बाद दोनों आरोपी सत्यनारायण उर्फ सत्तू और अमन को दबोचा गया है। पुलिस ने इन बदमाशों से लूट का मोबाइल खरीदने वाले गोविंदपुरी के घोषित बदमाश विचित्र पुरी उर्फ अंकित को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शिक्षिका के करीब एक लाख के आई फोन-13 को विचित्रपुरी को मात्र छह हजार रुपये में बेच दिया था।

दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि जवाहर पार्क निवासी योविका चौधरी साकेत स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। वे 11 अगस्त को छुट्टी के बाद घर लौट रही थीं। जब उनका ऑटो खोखा मार्केट के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर दो बदमाश आए। बदमाशों ने मोबाइल छीनने की कोशिश की। शिक्षिका ने मोबाइल नहीं छोड़ा तो आरोपियों ने ऑटो से बाहर खींच लिया। इससे वे मुंह के बल सड़क पर गिरीं। उनकी नाक टूट गई और सिर समेत कई जगह चोट लग गई। इसके बाद आरोपी मोबाइल लूटकर फरार हो गए। एसआई अमित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पता लगा कि दो अज्ञात संदिग्ध बाइक पर मुंह छिपाए वारदात कर रहे हैं। टीम ने फरार होने में इस्तेमाल किए गए मार्ग का पता लगाने के लिए 250 से अधिक सीसीटीवी की जांच की।

# प्राथमिक कक्षाओं में सरल और मजेदार बनेगी पढ़ाई

## दिल्ली सरकार ने आयोजित की राज्यस्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी

- शिक्षा मंत्री आतिशी व मेयर शैली ओबरॉय ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाई पहले से ज्यादा सरल और मजेदार बनेगी। इस दिशा में दिल्ली सरकार के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से त्यागराज स्टेडियम में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के लिए टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) की दो दिवसीय राज्य स्तर की प्रदर्शनी आयोजित की गई। शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबरॉय ने इसका उद्घाटन किया।



दोनों ने अलग-अलग स्टॉल को देखा और शिक्षकों को इस प्रदर्शनी से अधिक से अधिक सीखकर उसे अपनी कक्षाओं में उपयोग करने के किए प्रोत्साहित किया।

प्रदर्शनी में दिल्ली सरकार के स्कूलों, एमसीडी स्कूलों और दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों ने प्रारंभिक वर्षों में छात्रों की बुनियादी शिक्षा को बेहतर और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सीखने के विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव मॉडल का प्रदर्शन किया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि बच्चों को किताबों के अतिरिक्त सिखाने के लिए विभिन्न टीचिंग लर्निंग मटेरियल का इस्तेमाल करना जरूरी है। जिसमें खेलने के साधारण खिलौनों से लेकर गिनती और गणित सीखने के लिए विभिन्न जोड़-तोड़ वाले टीएलएम शामिल हों। शिक्षक टीएलएम के जरिए पढ़ाई को सकारात्मक और अनुकूल वातावरण तैयार कर कक्षाओं को हैप्पी क्लासरूम में तब्दील करेंगे।

मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के सभी स्कूलों के शिक्षकों और प्रिंसिपलों को इस प्रदर्शनी में आना चाहिए और देखना चाहिए कि कैसे-कैसे इनोवेटिव आइडियाज के साथ हम बच्चों को पढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीचिंग लर्निंग मटेरियल के साथ बच्चों का डर तो खत्म होगा ही साथ ही उन्हें गणित सीखने में मजा भी आएगा।

# नीरज बवानिया गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर नीरज बवानिया, नवीन उर्फ बाली और हिमांशु भाऊ गैंग के दो बदमाशों मोहित और नितिन को द्वारका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 818 के पास से गिरफ्तार किया है। मोहित गिरोह को हथियारों की आपूर्ति कर रहा था, जबकि नितिन एक मामले में 2022 से फरार था। त्दोनों पर दिल्ली-एनसीआर में हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट सहित कई आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। आरोपी मोहित सहरावत उर्फ सिट्टा और नितिनद सहरावत दिल्ली के बक्करवाला गांव के रहने वाले हैं।

स्पेशल सेल के स्पेशल कमिश्नर ने बताया कि स्पेशल सेल



पिछले कुछ समय से नीरज बवानिया, नवीन उर्फ बाली और हिमांशु उर्फ भाऊ गिरोह के सदस्यों की धरपकड़ में जुटी है। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मोहित द्वारका मेट्रो स्टेशन के पास आएगा। सूचना पर पुलिस ने कार में सवार मोहित को उसके एक साथी नितिन के साथ दबोच लिया। तलाशी में मोहित के पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और चार राउंड कारतूस मिले। वहीं, आरोपी नितिन के पास से एक सिंगल शॉट पिस्तौल और छह राउंड कारतूस मिले।

आरोपी मोहित सहरावत उर्फ सिट्टा ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसका भाई मोरिश सहरावत उर्फ कुकी नीरज बवानिया और नवीन बाली गिरोह का बदमाश है। वह वर्तमान में हत्या और जबरन वसूली के कई मामलों में न्यायिक हिरासत में है। भाई से प्रभावित होकर मोहित इस गिरोह में शामिल हुआ। हिमांशु भाऊ के चचेरे भाई यानी रोहित बजरंग की 2022 में हरियाणा के रोहतक में हत्या कर दी गई थी। इसका बदला लेने के लिए हिमांशु उर्फ भाऊ और उसके साथियों ने हंसराज ठेकेदार की हत्या कर दी। मोहित ने हत्यारों को शरण दी थी। उसे तब अपराधियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह मैदान गढ़ी इलाके में मारपीट के एक मामले में भी शामिल था, जहां उसने नितिन और अन्य साथियों के साथ मिलकर दीपक नामक व्यक्ति पर हमला किया था क्योंकि उसने उनके कॉमन दोस्त अमित भूरिया की बहन को पीटा था।

# सगे भाईयों ने सौ रुपये के विवाद में युवक को चाकू से गोदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नजफगढ़ इलाके में सौ रुपये के विवाद में दो सगे भाईयों ने एक युवक को चाकू से गोदकर मार डाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूरज अपने परिवार के साथ प्रेम विहार नजफगढ़ इलाके में रहता था। वह दूध सप्लाई का काम करता था और मूलतः मध्यप्रदेश का रहने वाला था। जांच में सामने आया कि सूरज ने घासीपुरा नजफगढ़ में रहने वाले विपिन से 15 अगस्त की शाम को सौ रुपये उधार लिए थे। अगले दिन विपिन सूरज से पैसे मांगने लगा। विपिन ने सौ रुपये के बदले 4 हजार रुपये की मांग की, जिसको लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। विपिन के साथ उसका दोस्त लाला भी मौजूद था। झगड़ा होने के बाद लाला ने अपने भाई तुषार को फोन कर बुलाया। तुषार चाकू और लाठी लेकर मौके पर पहुंच गया। इसके बाद सभी आरोपियों ने मिलकर सूरज की जमकर पिटाई की और फिर उसे चाकू से गोद दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तुषार और लाला मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सूरज को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल, तुषार और लाल दोनों फरार बताए जा रहे हैं।

# दिल्ली के तुकमीरपुर में अध्यापक ने छात्र को पीटा, अस्पताल में भर्ती

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तुकमीरपुर इलाके में अध्यापक ने एक छात्र की पिटाई कर दी जिसके कुछ दिनों बाद छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि छठी कक्षा में पढ़ने वाला छात्र हिंदी की पाठ्यपुस्तक लाना भूल गया था, जिसके कारण अध्यापक ने उसकी पिटाई कर दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को शनिवार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल से सूचना मिली की 12 वर्षीय एक लड़के को भर्ती कराया गया है जिसकी सात अगस्त को उसके अध्यापक ने पिटाई की थी। अधिकारी ने बताया कि लड़के के पिता की शिकायत के आधार पर दयालपुर थाने में शनिवार को आरोपी सादुल हसन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 341 (गलत तरीके से रोकने की सजा) और 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाने की सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, छात्र स्कूल में हिंदी की पाठ्यपुस्तक लाना भूल गया था जिससे अध्यापक नाराज हो गया। उन्होंने बताया कि जब छात्र कक्षा से बाहर जा रहा था तो हसन ने उसे रोका और थप्पड़ मार दिया। आरोपी ने पीड़ित की गर्दन भी कथित तौर पर दबाई थी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद जब छात्र की हालत खराब हो गई तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसके पिता पुलिस के पास पहुंचे।

पुलिस ने अध्यापक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि लड़के को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) है। यह तंत्रिका संबंधी एक दुर्लभ विकार है जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली परिधीय तंत्रिका तंत्र के हिस्से पर हमला करती है।

# जेएनयू में मुख्यमंत्री योगी के आर्थिक मॉडल पर चर्चा, पुस्तक का लोकार्पण

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** देश के चर्चित विश्वविद्यालय जेएनयू में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके आर्थिक विकास के मॉडल पर चर्चा की गई। यहां योगी पर आधारित शोध पुस्तक के लोकार्पण किया गया, इसी दौरान चर्चा की गई। यह पुस्तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को केंद्र में रखकर लिखी गई है, इसमें प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर के महा-अभियान का पड़ताल किया गया है। पुस्तक कानून व्यवस्था, नागरिक सुविधा, रोजगार और स्वास्थ्य का अवलोकन भी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भारत सरकार में मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने सड़क, संचार, परिवहन में ढांचागत सुधार एवं नवनिर्माण करवाने के साथ साथ सख्त कानून व्यवस्था को भी अमलीजामा पहनाया, इससे प्रदेश में एक सुरक्षित वातावरण पैदा हुआ।

उन्होंने कहा कि देश मोदी और योगी के नेतृत्व में सुदृढ़ राह पर है जहां, गरीब, पिछड़े, दलित, आदिवासी, युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न स्कीमों के माध्यम से ठोस कार्य हो रहा है और इस पुस्तक में इन सब पर विस्तार से चर्चा है।

पुस्तक की सम्पादक जेएनयू में प्रोफेसर पूनम कुमारी ने बताया कि मूलतः अंग्रेजी में लिखित पुस्तक 'योगी ऐट वन ट्रिलियन ड्राइव, एक्सलरेटिंग यूपी टू ए ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी' बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश का शोधपरक लेखाजोखा है। प्रो. पूनम ने इस बात को रेखांकित किया कि प्रदेश के दूरगामी लक्ष्यों पर आधारित यह अपनी तरह की पहली पुस्तक है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों पर आधारित अपनी तरह का यह पहला कार्यक्रम है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में, विशेषकर जेएनयू में इस तरह के कार्यक्रम का संपन्न होना अपने आप में एक नए युग की शुरूआत का द्योतक है। पुस्तक अर्थ को केंद्र में रखते हुए राम राज्य की परिकल्पना को ही आधार प्रदान करती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वीके सिंह थे।

इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स के अध्यक्ष प्रो. रामबहादुर राय और दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। जेएनयू के रेक्टर प्रो. दीपेन्द्र नाथ दास व एस एटेंसी रिसर्च सेंटर, बंगलूरु के निदेशक संजीव निश्टल समेत कई शिक्षाविद् इस अवसर पर मौजूद थे। संजीव निश्टल ने पुस्तक के बारे में बताया कि इसमें विभिन्न उत्पादों से लेकर बाजार तक, आयात से लेकर निर्यात तक, पर्यटन से लेकर परिवहन तक और इन्वेस्टमेंट से लेकर डेवलपमेंट तक को पर्याप्त आंकड़ों के साथ उद्घाटित किया गया है। प्रो. दीपेन्द्र नाथ दास ने कहा कि किसी समय यूपी को बीमारू राज्य कहा जाता था, जबकि उत्तर प्रदेश प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधनों की दृष्टि से विकास की अपार संभावनाओं को समेटे हुए है। इन संसाधनों का कुशलतम उपयोग करते हुए प्रदेश के समग्र एवं समावेशी आर्थिक विकास तथा जनमानस के जीवन स्तर में उन्नयन के उद्देश्य से योगी के संकल्प को दशार्ती यह शोध पुस्तक अत्यंत प्रासंगिक है।

प्रो. बलराम पाणी ने कह कि कल्पना, भावना, योजना और साधना इन सब समन्वय से ही किसी कार्य की सफलता होती है और मोदी और योगी की बड़ी मिसाल हैं। पद्मश्री रामबहादुर राय ने कहा कि केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि समस्त भारत आगामी वर्षों में सबका साथ सबका विकास पर ध्यान देने वाली स्थिर सरकार से प्रोत्साहित है।

## एक नजर

### रेखा रानी नें दुर्गेश पाठक और श्रीदत शर्मा के साथ लगाई झाड़ू, चलाया अभियान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आह्वान पर "अब दिल्ली होगी साफ" अभियान दिल्ली मे लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान को आगे बढाते हुए आज वार्ड 230 भजनपुरा में नगर निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक पहुँचे। निगम पार्षद रेखा रानी, पूर्व विधायक दत्त शर्मा और निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर झाड़ू लगाई और सफाई अभियान चलाया गया। निगम के सभी कर्मचारियों ने दुर्गेश पाठक को बहुत धन्यवाद दिया और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया क्योंकि दो महीनों से उनकी सैलरी महीने की पहली तारीख को उनके खाते में आ रही है। उन्होंने बताया कि 15 सालो के बाद पहली बार सैलरी समय पर आई है। पहले कई महीने लेट आती थी। दुर्गेश पाठक ने सफाई अभियान के लिए निगम के सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की के सुशासन की वजह से आपकी सैलरी समय पर आनी शुरू हो गई क्योकि वो हमेशा जनहित के लिए काम करते है। अभियान में शामिल रहे पूर्व विधायक श्रीदत शर्मा, रेखा रानी, बिजेन्द्र प्रधान, प्रेमपाल ठाकुर, सुशील भारद्वाज, सचिन एडवोकेट, प्रदीप एडवोकेट, शोभित, प्रवीन, शिवम, शिखा और सभी कार्यकर्ताओ ने सफाई अभियान मे आने के लिए दुर्गेश पाठक का धन्यवाद किया।

### गौतम गंभीर का प्रयास रंग लाया, लोहे के पुल पर रोड बनाने का काम होगा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना नदी पर स्थित लोहे का पुल करीब 100 वर्ष पुराना है. जिसकी हालत काफी समय से खराब थी, जिसकी मरम्मत को लेकर पूर्वी दिल्ली सांसद गौतम गंभीर काफी समय से प्रायसरत थे, सांसद गौतम गंभीर ने पिछले वर्ष अप्रैल माह में रेलवे के लिए पत्र लिखा जिसमें मरम्मत के लिए एन.ओ.सी. की मांग की. रेलवे द्वारा अब रोड बनाने के लिए अनुमति दे दी है. इसके साथ ही लोहे के पुल पर रोड बनाने का काम जल्द ही शुरू हो जायेगा। इसको लेकर सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि"लम्बे समय से गाँधी नगर और आसपास रहने वाले लोगों की मांग थी कि लोहे के पुल की मरम्मत का कार्य किया जाये, जिसको लेकर रेलवे के अधिकारियों को मरम्मत के लिए एन.ओ.सी दिलाने के लिए पत्र लिखा, इसकी मरम्मत के लिए काफी समय से प्रयासरत थे, अब रेलवे के द्वारा इसकी मरम्मत की इज्जाजत दे दी गई है। अब हमारा प्रयास रहेगा कि इसकी मरम्मत का कार्य जल्द ही शुरू किया जाये। लोहे के पुल की मरम्मत होने से गाँधी नगर के व्यापारियों और वहां के निवासियों को काफी फायदा मिलेगा। आज पुल की मरम्मत के लिए एन.ओ.सी मिलने के बाद गाँधी नगर निगम पार्षद प्रिया कम्बोज, विकास गाबा, मुकेश स्वामी और सांसद कार्यालय के सदस्य मौजूद रहे।

### गाली देने से मना करने पर हवलदार का सिर फोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विवेक विहार इलाके में गाली देने से मना करने पर पड़ोसी ने हवलदार पर शराब की बोतल से हमला कर दिया। बोतल लगने से हवलदार का सिर फट गया। उसके दोस्त पास के अस्पताल लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हवलदार के बयान पर पुलिस गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। घायल हवलदार की पहचान चरणजीत सिंह के रूप में हुई है। वह कस्तूरबा नगर, शाहदरा में रहता है। चरणजीत ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 15 अगस्त की देर रात करीब 1 बजे वह अपने घर के बाहर दो दोस्तों सूरज और रोशन के साथ बातचीत कर रहा था। पड़ोस में रहने वाला सोनू शराब के नशे में आया और उसे गाली देने लगा। मना करने पर आरोपी हाथापाई करने लगा। हाथापाई के दौरान उसने शराब की बोतल चरणजीत सिंह के सिर पर मार दी। बोतल लगने से हवलदार के सिर से खून निकलने लगा।

### दिल्ली विधानसभा सत्र का एक दिन विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के सदस्यों द्वारा कार्यवाही को एक दिन बढ़ाने के पक्ष में मतदान करने के बाद सत्र शुक्रवार को भी जारी रहेगा। दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र की शुरूआत बुधवार को हुई।

राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण संबंधी जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम 2023 लागू होने के बाद विधाानसभा का यह पहला सत्र है। इस महीने की शुरूआत में राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था दिल्ली विधानसभा देश की एकमात्र विधानसभा है जिसका सत्रावसान नहीं होता है तथा 2020 से 2023 तक इसे केवल बजट सत्र के लिए आहूत किया गया।

### याचिका समिति की रिपोर्ट को लेकर आप व भाजपा विधायकों में जुबानी जंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को याचिका समिति की रिपोर्ट को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी विधायकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि समिति की सिफारिशें प्रशासनिक प्रणाली को "पंगु" बनाने के इरादे से "अपने ही पाले में गोल दागने" की तरह थीं। उन्होंने विधानसभा में याचिका समिति को बंद करने की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित आप नेताओं द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद उपाध्यक्ष राखी बिडलान ने गुप्ता को विधानसभा के सामने तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश नहीं करने की चेतावनी दी थी। आप विधायक राजेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा विधायक एक पुरानी रिपोर्ट पढ़ रहे थे।

### दिल्ली के बवाना में फैक्टरी में आग लगी, पांच लोग घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पश्चिम दिल्ली के बवाना में प्लास्टिक की वस्तुएं बनाने वाली एक फैक्टरी में विस्फोट के बाद पांच दमकलकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दमकल अधिकारियों के अनुसार, घटना बुधवार रात 10 बजकर 56 मिनट पर हुई और मौके पर दमकल की 30 गाड़ियों को भेजा गया। उन्होंने बताया कि फैक्टरी बवाना औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-5 में स्थित है। उन्होंने बताया कि फैक्टरी में विस्फोट होने के कारण दीवार और दरवाजा ढह गया और पांच दमकलकर्मी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में धर्मवीर, अजीत, नरेन्द्र, जयवीर और विकास घायल हो गए।

# कुलपति ने दिलाई देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ

**मुकेश हरियाणी**

**सागरः** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति माननीया प्रो नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के समन्वयक प्रो सुशील काशव ने बताया कि कार्यक्रम 14 अगस्त 2023 से प्रारंभ किया गया था। प्रथम दिन 14 अगस्त को देश भक्ति गीतों का आयोजन किया गया। द्वितीय दिन माननीया कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को हाथ में मिट्टी लेकर देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई। गौर प्रांगण में शिक्षकों





,कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। वीरो का वंदन कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तारा चंद्र जैन को शाल श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन चित्रकला एवं मूर्तिकला और भाषण का आयोजन किया है। 18 अगस्त को सुबह 11 बजे ललित कला एवं प्रदर्शननकारी कला विभाग में चित्रकला एवं मूर्तिकला केवल मिट्टी का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस लगभग में 50 से अधिक छात्रों ने सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान लोगों को मिट्टी से जोडने का प्रयास है। उन्होंने कहा वर्तमान में मिट्टी का उपयोग कम होता जा रहा है। पहले मिट्टी के वर्तन, खिलौने और सजावट की सामग्री का निर्माण किया जाता था।

समस्त कार्यक्रम में डॉ ललित मोहन, डॉ राकेश सोनी, डॉ संजय शर्मा,संतोष सेहगौरा, डॉ सुप्रभा दास,डॉ अवधेश प्रताप सिंह, डॉ राहुल स्वर्णकर, डॉ आशुतोष, डॉ सुनीत वालिया, डॉ राकेश सोनी, प्रो सुशील काशव,डॉ विवेक जायसवाल मौजूद रहे।

## मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई के आदेश के वावजूद लोगो ने आवारा पशु सड़को पर छोड़ा



**श्याम सिंह**

मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है जीहां हम आपको याद दिला दें आज से कुछ दिन पहले हमारे प्रमुख सचिव के द्वारा एक बड़ा आदेश जारी किया गया था कि सम्पूर्ण प्रदेश के सभी सार्वजनिक स्थलों पर आवारा पशुओं के विचरण पर रोक लगाई जाए ऐसा आदेश खबरों के माध्यम से जानकारी में आया लेकिन हम आपको अवगत कराना चाहते हैं।

दतिया जिले के नगर परिषद इंदरगढ़ से जहां कम से कम 1000 गौ वंश सड़कों से लेकर गली मोहल्लों में विचरण करते देखे जा सकते हैं और बड़ी बात तो यह है कि इन आवारा पशुओं पर किसी प्रकार की कोई रोक थाम नहीं लगाई जा रही है इस लिय इस खबर के माध्यम से मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई से अनुरोध है कि नगर परिषद इंदरगढ़ को आवारा पशुओं से निजात दिलाने की कृपा करें

## पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़ बिना किसी भेदभाव एवं हिंसा के आधार पर बताया गया का महत्व सद्भावना दिवस



**जफर मोहम्मद कुरैशी**

मध्य प्रदेश शासन के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़ (ब्यावरा) धर्मराज भापुसे द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को बिना किसी भेदभाव एवं हिंसा के आधार पर सद्भावना दिवस का महत्व बताया गया। जाति, पंथ, क्षेत्र, धर्म या भाषा। एकता एवं सद्भाव के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही सुरक्षा केंद्र में सुरक्षा निरीक्षक एवं जिले के सभी थाना अंतर्गत थाना प्रभारियों द्वारा सद्भावना की शपथ दिलाई गई।

## कस्तूरबा गांधी छात्रावास नईगढ़ी में 24 घंटे के अंदर दर्जन भर से अधिक छात्राओं की बिगड़ी तबीयत

**प्रमोद कुमार चतुर्वेदी**

मऊगंज जिला अंतर्गत आने वाले कस्तूरबा गांधी छात्रावास नईगढ़ी में 24 घंटे के अंदर दर्जन भर से अधिक छात्राओं की तबीयत बिगड़ चुकी है। लेकिन छात्रावास के जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं गया। बताया गया है कि आज शनिवार की सुबह एक छात्रा सुधा साकेत पिता रघुवीर साकेत उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम चिल्ल की हालत काफी बिगड़ गई। जिसकी सूचना छात्रावास के जिम्मेदारों द्वारा परिजनों को दी गई। परिजनों द्वारा गंभीर हालत में छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया है। जिसका उपचार जारी है। यहां सबसे बड़ा सवाल यहां उठता है कि आखिर किन कारणों के चलते छात्रवासी छात्राएं बीमार हो रही है।



आज सुबह जिस बालिका की तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है उसे आखिर छात्रावास के जिम्मेदार अस्पताल लेकर क्यों नहीं गए। कुछ इस तरह के सवाल कहीं न कहीं छात्रावास प्रबंधन पर सवालिया निशान लगाते है। वही छात्राओं की माने तो छात्रावास के जिम्मेदार कभी कभार ही हॉस्टल में आते हैं और फिर अपने कमरे चले जाते यहां क्या हो रहा? क्या परिस्थितियां है? इस ओर देखने वाला कोई नहीं है। इतना ही नहीं छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी परिजनों को देना जिम्मेदार उचित नहीं समझते। छात्रावास में रहने वाली छात्राएं आए दिन बीमार हो रही है, प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते छात्र अभिभावकों का आक्रोषित होना लाजमी है। लेकिन छात्रावास में जिस कदर गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाई जा रही है उससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदार अमला अपनी जिम्मेदारी भूल चुका है।

## मेरठ में छापेमारी करने गई विजिलेंस टीम को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**मेरठ, एजेंसी।** जिले के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के रानी नंगला गांव में बिजली चोरी पकड़ने के लिए छापेमारी करने गई विजिलेंस टीम को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। कई घंटे की जद्दोजहद के बाद विजिलेंस टीम ने अपनी गलती मानी और भविष्य में नियमानुसार छापेमारी करने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने टीम को मुक्त किया।

हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के रानी नंगला गांव में शुक्रवार की सुबह साढ़े तीन बजे बिजली चोरी पकड़ने के लिए विजिलेंस टीम ने छापेमारी की। ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर विजिलेंस टीम को पकड़ लिया और बंधक बना लिया। बंधक बनाए गए अधिकारियों में विद्युत विजिलेंस के अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक जसवीर सिंह, हेड कांस्टेबल शादाब, प्रदीप, गुलाब शामिल रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की टीम छापेमारी के नाम पर कभी भी घरों में घुस जाती है। जबकि जिलाधिकारी और विद्युत विभाग के अधिकारियों के सख्त निर्देश के है कि सूर्यास्त के बाद व सूर्योदय से पहले किसी के घर में कोई छापेमारी नहीं होगी। विजिलेंस की मनमानी किसी भी कीमत पर नहीं चलेगी।

एसओ हस्तिनापुर रमेश चंद्र शर्मा ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण भड़क उठे।

## बलिया से नक्सलियों की गिरफ्तारी बड़े खतरे की आहट : राष्ट्रीय लोकदल

- रालोद के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने बलिया से नक्सलियों की गिरफ्तारी पर जताई चिंता
- उत्तर प्रदेश सरकार लगाया आंतरिक सुरक्षा की अनदेखी का आरोप

**लखनऊ, एजेंसी।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के बलिया जिले से नक्सलियों की हुई गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आन्तरिक सुरक्षा की अनदेखी का आरोप लगाया है। अनुपम मिश्रा ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि जो क्षेत्र मुख्यमंत्री का राजनैतिक, सामाजिक तथा धार्मिक कर्म स्थली रहा है, उस क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा में ऐसी चूक भयानक खतरे की आहट है।

उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से शुरू हुआ यह विद्रोह कैसे भारत के अन्य भूभाग में अपने पैर पसारता चला गया और आज 500 किलोमीटर दूर बलिया में नक्सलियों की गिरफ्तारी यह दशार्ती है कि कितनी योजनाबद्ध तरीके से इस संगठन ने अपनी सक्रियता एक बार पुनः बढ़ानी शुरू कर दी है। बलिया की सीमाएं बिहार से जुड़ती हैं जहां यह संगठन पहले भी सक्रिय रहा है। अतः यह गंभीर विषय है।

रालोद के राष्ट्रीय संयोजक ने बल देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को नक्सलवादियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए इसके सफाए के लिए एक सघन अभियान तत्काल चलाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि अभी यह विद्रोहियों का प्रारंभिक चरण ही हो। हमारे पास सोनभद्र का अनुभव है कि कैसे हमने इस समस्या को झेला और फिर कैसे उससे उबरे।

अनुपम मिश्रा ने कहा कि अन्याय-गैर बराबरी तथा शोषण के गर्भ से पैदा नक्सलवाद ने कैसे अपनी जड़ें अलग-अलग प्रदेशों में जमा ली। अतः आज इस समस्या का समाधान सरकारी व गैर सरकारी दोनों स्तरों पर करना होगा क्योंकि जब तक शोषित, पीड़ित, भूमिहीन, किसान, मजदूर, विस्थापित आदिवासी और सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक रूप से पिछड़े वर्गों की समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं होगा, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान भी मुश्किल होगा।

नक्सलियों की पूर्वांचल में आहट इस बात का भी संकेत हो सकती है कि जन कल्याणकारी योजनाएं सिर्फ. विज्ञापनों तक ही सीमित है। धरातल तक पहुंच ही नहीं रही है, जिस कारण जन सामान्य मे उपज रहे आक्रोश और असन्तोष का फायदा यह संगठन उठाने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए सरकार को तत्काल इस समस्या से निपटने हेतु युद्ध स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी अन्यथा प्रदेश में जिस प्रकार जन सामान्य में अव्यवस्था व अराजकता को लेकर असंतोष पनप रहा है, इसे अपनी जड़ें जमाने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

# भारत छोड़ो आंदोलन का भाजपा ने किया था विरोध, छुपाने के लिए लगवा रहे घर-घर झंडे: अखिलेश यादव

**फतेहपुर, एजेंसी।** ये झंडा लगाने का कार्यक्रम बीजेपी इसीलिए करती है क्योंकि इन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन का विरोध किया था। इन लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व समाजवादियों का साथ नहीं दिया था। ये बात छुपाने के लिए ये घर-घर झंडा लगा रहे हैं।

यह आरोप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को मंच से बोलते हुए लगाया है। फतेहपुर शहर के मुस्लिम इंटर कालेज में लोक जागरण अभियान के अन्तर्गत आयोजित समाजवादी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे।



उन्होंने सड़क पर घूमने वाले अन्ना पशुओं पर तंज कसते हुए कहा कि हमने भारत की सड़कों पर नई भर्ती देखी है सांड वाली, हम कैसे मान लें कि विकसित देश बना दोगे। मैंने सदन में पूछा कि जो उनके मंत्री विदेश गए थे उद्योगपतियों को बुलाने कहीं पर ऐसी चार पैर वाली भर्ती मिली हो तो बता दो। गंगा नदी से लगे जनपद फतेहपुर के दोआब क्षेत्र में अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारे गरीबों को, किसानों को, आम जन को आप डीजल-पेट्रोल महंगा दे रहे हो और मुनाफा कमा रहे हो। ये मुनाफा किसकी जेब में जा रहा है? गरीब की जेब से निकाल कर के अमीरों की तिजोरी में भरने का काम अगर कोई कर रहा है तो भारतीय जनता पार्टी है।

पुलिस के लोग बहुत ही अनुशासन में रहने वाले लोग हैं। ये सिर्फ ऑर्डर मानते हैं और कुछ नहीं मानते, अभी ऑर्डर जो चलता है वो गरीबों के घर गिराने का है। जब समाजवादी लोग सरकार में आएंगे तो यही ऑर्डर मानेंगे, वही बुलडोजर होगा, पर मंजिल गरीब की नहीं होगी। यह बुलडोजर वाली सरकार सबसे बड़ी भू-माफिया सरकार है। अखिलेश ने कहा कि महाभारत पढ़ी है, जहां कहीं भी महिलाओं का अपमान हुआ है उनको समय आने पर जनता ने सजा दी है। जो लोग कमजोर और डरपोक होते हैं वहीं अन्याय करते हैं। एक के बाद एक अन्याय हो रहा है।

भाजपा सरकार के रोजगार देने के दावों पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि 100 में केवल 04 बेरोजगार हैं। आज गांव में चले जाओ किसी को नौकरी और रोजगारी सरकार नहीं दे पा रही है। प्रदेश को, समाज को अगर कोई सुधार सकता है तो वो समाजवादी लोग हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि ये सबसे बड़े भू-माफिया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार साथियों अगर आपने सच दिखाया तो रात के दो बजे पुलिस वाले आपके घर पर आएंगे। अगर आप डर गए तो खबर उसी दिन से बदल जाएगी, अगर आप नहीं बदले तो आपकी खुद खबर बनेगी कि आप जेल में चले गए।

ये सरकार अपने वोट के लिए, अपनी कुर्सी के लिए किसी के भी बीच दरार पैदा कर देगी। आपने नहीं देखा विधानसभा में क्या कर रहे थे। ये दरार पैदा करके राजनीति करते हैं। बीजेपी के लोग दरारजीवी हैं।

इससे पूर्व पहले दिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित किया। पहले दिन कृषि संकट एवं ग्रामीण परिवेश, समाजवाद और लोकतंत्र, सोशल मीडिया, राजनीति में युवाओं की भागीदारी, सामाजिक न्याय, देश में महिलाओं की भागीदारी, चुनाव प्रबन्धन, बूथ प्रबन्धन और लोकतंत्र के भविष्य और जातीय जनगणना अनिवार्य रूप से लागू हो आदि विषयों पर चर्चा की।

प्रशिक्षण शिविर में मंच पर पहुंचने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंच से अखिलेश यादव ने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आने वाले चुनाव में जनता के बीच जाकर पार्टी का जनाधार बढ़ाने और जीत सुनिश्चित कराने की अपील की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व सांसद अशोक पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह समेत पार्टी के कई नेतागण उपस्थित रहें।

## एक नजर

### बिबेक देबरॉय का बयान उनके अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन : मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय के नये संविधान की वकालत करने संबंधी बयान को उनके अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताते हुए शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। बसपा ने ट्वीट कर कहा, आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकारक्षेत्र का खुला उल्लंघन है, जिसका केंद्र सरकार को तुरंत संज्ञान लेकर जरूर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आगे कोई ऐसी अनर्गल बात करने का दुस्साहस न कर सके। मायावती ने आगे कहा, देश का संविधान इसकी 140 करोड़ गरीब, पिछडी और उपेक्षित जनता के लिए मानवतावादी और समतामूलक होने की गारंटी है, जो स्वार्थी, संकीर्ण, जातिवादी तत्वों को पसंद नहीं और वे इसको जन विरोधी व धन्नासेठ-समर्थक के रूप में बदले की बात करते हैं जिसका विरोध करना सबकी जिम्मेदारी। गौरतलब है कि श्री देबराय ने 'दि मिंट' में एक लेख में लिखा कि एक नया संविधान अपनाने का आधार दिख रहा है और इस बारे में विचार किया जाना चाहिए। उनकी इस राय के चलते काफी लोग नाराज हो गए। देबरॉय को अरेस्ट करने की मांग की जाने लगी।

### विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने पकड़े बिजली चोरी के दो मामले

**जालौन, एजेंसी।** कोंच नगर में गुरुवार की विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी के दो मामले पकड़े । टीम इस मामले में विधिक कार्यवाही कर रही है और मीटर से छेड़छाड़ करने वालों के मीटर टीम उखाड़कर अपने साथ ले गई। विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ धर पकड़ अभियान लगातार जारी है और इसी क्रम में कोंच नगर पहुंची विजिलेंस की टीम ने नगर में स्थानीय विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी की जिसमें मीटर से बाईपास लाइन डालकर बिजली चोरी करने वाले 2 चोर पकड़े गए। इस दौरान विजिलेंस की टीम मीटर उखाड़ कर अपने साथ ले गई और पकड़े गए दोनों बिजली चोरों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान विजिलेंस टीम के जेई आलोक खरे मीटर विभाग से जेई पूनम वर्मा जेई अंकित साहनी मीटर सहायक अभियंता निखिल जिंदल प्रभारी निरीक्षक जयसिंह नीलेश कुमार समेत तमाम विद्युत कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं इस कार्यवाही से बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

### छात्र की पिटाई कर, वीडियो वायरल करने वाले 12 छात्रों पर मामला दर्ज

**शाहजहांपुर (उप्र), एजेंसी।** जिले के एक स्कूल में एक छात्र को कथित रूप से कुछ छात्रों ने बेल्ट से पीटा, उसका शारीरिक शोषण किया और बाद में घटना का वीडियो बनाकर प्रसारित कर दिया। इस मामले में 12 छात्रों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को बताया कि थाना सदर बाजार इलाके में एक निजी स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाला छात्र वंश दीप अग्रवाल शहर के ही एक होटल से शाम को अपने घर वापस आ रहा था। तभी उसके कॉलेज के कुछ छात्र वहां आए और उसे जबरन अपनी स्कूटी पर बिठाकर पीपल घाट ले गए। बाद में उसकी बेल्ट से बुरी तरह पिटाई की। पुलिस अधीक्षक ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इसके बाद एक दर्जन छात्र उसे चार अलग अलग जगह ले गए जहां उसे फिर से पीटा गया तथा शारीरिक शोषण भी किया गया। इसके बाद आरोपी छात्रों ने घटना का वीडियो बना लिया और इसे कॉलेज में छात्रों के बीच प्रसारित कर दिया। मीणा ने बताया कि मामले में 12 छात्रों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है एवं आरोपी छात्रों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम बनायी गयी है।

### पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अनुराग मेहरोत्रा के विरुद्ध एफआईआर

**लखनऊ, एजेंसी।** राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त (प्रशासन) ओमप्रकाश वर्मा ने विभागीय कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अनुराग मेहरोत्रा के विरुद्ध विभूतिखण्ड थाना में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

उनके ऊपर 25 जुलाई वर्ष 2022 में अपनी पत्नी के उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस की फर्जी सूचना देने और उससे जुड़े बिल को भुगतान के लिए लगाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि अनुराग मेहरोत्रा ने सेवानिवृत्त होने के बाद पुराना बिल भुगतान के लिए विभाग से चर्चा की। इस संबंध में पुराने भुगतान का बिल उनके द्वारा देखा गया और उसमें चौक क्षेत्र से गोमती नगर तक आपातकालीन स्थिति एयर एम्बुलेंस का उपयोग करने का बिल लगा मिला। इस बावत अनुराग मेहरोत्रा से पूछा गया कि उन्होंने एयर एम्बुलेंस चौक क्षेत्र में कहां उतारी थी और फिर गोमती नगर में कहां पर एयर एम्बुलेंस उतरी थी। उन्होंने बताया कि अनुराग मेहरोत्रा से किये गये तमाम प्रश्नों के उत्तर वह नहीं दे सके। इसके बाद फर्जी बिल लगाने को लेकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के तौर पर एफआईआर दर्ज करायी गयी। ये बिल तीन हजार पांच सौ रुपये के है। एयर एम्बुलेंस से जुड़ी सत्यता की जांच होनी शेष है। वहीं ये बिल कहां पर बने और इसे किसने बनाया, इसकी तफ्तीश जारी है।

### एमओयू के माध्यम से पीयू को मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं : कुलपति

**जौनपुर, एजेंसी।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर और उमानाथ सिंह स्वात्तशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के बीच शुक्रवार को कुलपति सभागार में एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में शोध और चिकित्सा सुविधा को बढ़ावा मिलेगा। दोनों जगह के विद्यार्थियों को दोनों संस्थानों में इंटर्नशिप की भी सुविधा दी जाएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि एमओयू के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और फैकल्टी के साथ इंटरेक्शन और एक्सचेंज प्रोग्राम किया जाएगा। इसी के साथ दोनों संस्थानों के संसाधनों की सुविधा और संसाधन का समुचित उपयोग छात्रहित में किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों को उच्च तकनीकी और अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास कर रहा है, ताकि उन्हें रोजगार के अवसर मिल सकें। उमानाथ सिंह स्वात्तशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के साइंस, फामेर्सी समेत जिन विभागों के पाठ्यक्रम मेडिकल कालेज से मिलते-जुलते हैं उनके साथ फैकल्टी एक्सचेंज की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को साथ मिलकर किया जाएगा। विश्वविद्यालय में सेमिनार और स्वास्थ्य शिविर लगाकर यहां के विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में कॉलेज के दो एमबीबीएस चिकित्सक रोज बैठेंगे। मरीजों को परामर्श के साथ-साथ कुछ दवाइयां भी मेडिकल कॉलेज से दी जाएंगी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी मनोज पांडेय ने एमओयू के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत प्रो. मानस पांडेय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. पुनीत सिंह ने चिकित्सकों की टीम को स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कराया। साथ ही 30 बेड की सुविधा भी दिखाई। इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र परिसर में छात्र अधिष्ठाता, प्राचार्य, चिकित्सक, वित्त अधिकारी ने पौधरोपण किया।

# विधायक केवल सिंह पठानिया और अजय सोलंकी द्वारा 18 अगस्त, 2023 को शिमला में जारी प्रेस वक्तव्य

**युधिष्ठिर राणा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की नवगठित विधायक संघ के अध्यक्ष एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया और नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने केन्द्र सरकार से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण हुई भारी जान-माल की क्षति के दृष्टिगत इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की है।



पिछले 56 दिनों के दौरान भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की इस त्रासदी में प्रदेश में अब तक 330 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई हैं, इसके अलावा 38 लोग अभी भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 113 भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं और प्रदेश को लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है।

उन्होंने कहा कि ऑडिट आपत्तियों के कारण पिछले कुछ वर्षों से केन्द्र सरकार के पास लंबित 315 करोड़ रुपये की राहत राशि में से केन्द्र ने 189 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त राज्य आपदा राहत निधि (एसडीआरएफ) के तहत राज्य को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रति वर्ष दो किस्तों में कुल 360 करोड़ रुपये की राशि जारी की जाती है।


केंद्र सरकार ने इसमें से 180 करोड़ रुपये की पहली किस्त जून माह में तथा दिसंबर माह में मिलने वाली 180 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त राज्य को अग्रिम रूप से जारी कर दी है। इस 360 करोड़ रुपये की राशि पर हिमाचल प्रदेश का हक है, जो सभी राज्यों को प्रदान की जाती है और इसके अलावा केन्द्र की ओर से अलग से कोई वित्तीय सहायता जारी नहीं की गई है। इस प्रकार राज्य को अब तक 549 करोड़ रुपये की राशि के रूप में केंद्र सरकार के पास लंबित राज्य का उचित हिस्सा मिला है।

भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं पर कटाक्ष करते हुए विधायकों ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता हिमाचल को अपना दूसरा घर कहते नहीं थकते हैं बाजवूद इसके प्रदेश के सौतेला व्यहार कहां तक सही है। उन्होंने कहा कि यह नेता अपने संबोधनों में हिमाचल के व्यंजनों का ह्यसेपू बड़ी, चंबा का 'मदरा', सिड्डू का जिक्र करते थे पर जब प्रदेश पर विपदा की स्थिति आई तो मदद के लिए हाथ बढ़ाने के बजाए ये नेता ओछी राजनीति कर रहे हैं। राज्य में आपदा को 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करने में हो रहे विलंब से प्रदेश के लोगों की पीड़ा और अधिक बढ़ रही है।

विधायकों ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू लोगों का दुःख दर्द साझा करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं तथा आर्थिक तंगी के बावजूद प्रभावित परिवारों को हरसंभव राहत राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर जीवन और सार्वजनिक तथा निजी संपत्ति दोनों को हुए भारी नुकसान के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की है, लेकिन भाजपा का ढुलमुल रुख सामने आया है।

नेताओं ने राज्य के लोगों को असहाय स्थिति में छोड़ दिया है। पठानिया और सोलंकी दोनों ने टिप्पणी की, कि राज्य के भाजपा नेता भी जरूरत की इस घड़ी में सहयोग करने के बजाय सकारात्मक छाप छोड़ने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग 2024 में लोकसभा चुनाव से काफी पहले उनकी शरारतों को समझने के लिए काफी समझदार थे। इसके बजाय उन्हें राज्य के सर्वोत्तम हित में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली जाना चाहिए था और अपने केंद्रीय नेतृत्व से विशेष राहत पैकेज की मांग करनी चाहिए थी।

## हीरामल बाबा का 09 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित



**प्रमोद कुमार बंसल**

**कोटपूतली:** निकटवर्ती ग्राम अमाई की ढ़ाणी नाथा बाबा स्थित हीरामल बाबा का 09 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह शुक्रवार को बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत करते हुए हीरामल बाबा का आशीर्वाद व पंगत प्रसादी ग्रहण की। मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि सामाजिक आयोजनों से आपसी सौहार्द व भाईचारा बढ़ता है।

इस मौके पर म्हासियों ने हीरामल बाबा के भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व जिला प्रमुख दाताराम, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, जिला पार्षद मंजू रावत, सांवत सरपंच, दयाराम नेताजी, मोहन लाल गुरूजी, बोदुराम गुरूजी, मुखराम गोलिया, रामौतार रावत, भगवान रावत, भज्जी अवाना समेत बड़ी संख्या में अन्य मौजूद थे।

## स्वच्छता का प्रतीक सार्वजनिक शौचालय में क्यों लटकता रहता है ताला, ग्रामीण उपयोग से वंचित

**भूपेन्द्र सिंह**

**हमीरपुर:** शासन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक गांव में लाखो की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है ताकि कोई भी खुले में शौच न करें और स्वच्छ और स्वस्थ भारत की स्थापना की जा सके। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से सार्वजनिक शोचालयो में आज भी ताले लटक रहे हैं। जिससे ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर है। सार्वजनिक शौचालय को लेकर जिम्मेदार कितने लापरवाह हैं। जहां विकासखंड के जिम्मेदार स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं। मामला सरीला विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रिरुवा बुजुर्ग और ग्राम पंचायत बसरिया का है। जहां स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत गांव में लाखों की कीमत से बनाए गए सार्वजनिक शौचालय शोपीस बनकर रह गए हैं।



ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय में हमेशा ताला लटकता रहता है। जिससे लोग खुले में शौच करने पर मजबूर हैं। आरोप है कि दो साल पहले बने सार्वजनिक शौचालय में घटिया सामग्री का उपयोग कर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी दीवाने फटना शुरू हो गई है। और शौचालय में न तो पानी की टंकी रखी गई और न ही इसे खोला जा रहा है। सरकार के लाखो खर्च के बावजूद लोगो को वह सब सुविधाएं नही मिल रही है। जिससे चारो तरफ गंदगी रहने से हर समय लोगो को संक्रमण का भी खतरा बना रहता है। निश्चित रूप से प्रधान सचिव सहित खंड विकास अधिकारी सरकार की छबि खराब करने में कसर नहीं लगा रहे हैं।


जहां सरकार की मंशा थी की गांव गांव में सार्वजनिक शौचालय से गांव को खुले में शौच से मुक्ति मिलेगी लेकिन सरकार द्वारा लाखों खर्च के बाद भी सार्वजनिक शौचालयो में आज भी ताला लटका रहता है और लोग इसके उपयोग से वंचित रहते हैं जिसकी ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की लेकिन अब तक इसे न तो खोला गया और न ही इसकी कमियों को दूर किया गया। जिससे ग्रामीणों ने प्रधान, सचिव सहित खंड विकास अधिकारी की मनमानी का आरोप लगाया है। और यह सार्वजनिक शौचालय बस शोपीस बनकर रह गए। जिससे लोग खुले में ही शौच करने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक शौचालय निर्माण होने से एक आस जगी थी की लोगो को अब खुले में शौच से मुक्ति मिल जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और लाखो की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय में हर समय ताला ही लटका रहता है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विकासखण्ड में बैठे जिम्मेदारो की लापरवाही किस तरह से स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगाने में लगे हुए हैं। हालांकि ग्रामीणों ने प्रधान से कई बार मौखिक शिकायत भी की लेकिन प्रधान ने ग्रामीणों की एक न सुनी। लेकिन आपने शौचालय में बड़े बड़े शब्दो मे स्वच्छता पर स्लोगन लिखा देखा होगा तो क्या इससे लोग स्वच्छ और स्वस्थ रह पाएंगे।

## गोण्डा में बिजली की समस्या से परेशान जनता

**दीपक कौशल**

**उत्तर प्रदेश:** गोण्डा तरबगंज दीपक कौशल दिनों-दिनों बिजली की दुश्वारियां बढ़ रही है, इससे कटौतियों में इजाफा हुआ है। हालात बदतर होते जा रहे हैं। शहर हो या गांव, रात में कटौती नहीं किए जाने के कार्पोरेशन की ओर से निर्देश हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। रोजाना देर रात तक फीडरों को ओवरलोड होने को बता रहे हैं और इसके बाद घंटों की कटौती कर दी जा रही है। इससे रात में लोग चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं। वहीं रात भर जागते रहने से सुबह देरी से उठ पा रहे हैं, जिससे लोगों के कामकाज प्रभावित होने के अलावा दिनचर्या भी बिगड़ रही है।



बिजली कटौती से बड़ा असर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर पड़ रहा है। मंडल मुख्यालय होने के बावजूद यहां 12 से 13 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। उपभोक्ता बताते हैं कि, दिन भर और रात में आवाजाही लगी रहती है। कभी ढंग से बिजली ठहरती नहीं है, जिससे वह अपने कामकाज या छात्र पढ़ाई आदि कर सके।

मुख्यालय पर निर्बाध आपूर्ति के दावे को पलीता लग रहा है। छात्र नवल किशोर, दीपिका व सुरजीत आदि कहते हैं कि अब त्रैमासिक परीक्षा में महीने भर से कम वक्त बचा है और यहां सुबह से लेकर शाम तक सिलसिले वार कटौतियों से बत्ती गुल रहती है। जिससे उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इस बार बारिश की अवर्षण स्थितियों के चलते किसान भी हैरान परेशान है।

किसान सुखदेव तिवारी, रामलगन शर्मा आदि कहते हैं कि दिनभर कामकाज में व्यस्तता होती, रात में खेतों की सिंचाई को सोचते हैं तो बिजली नदारद होती है। बिजली कटौती से लोग परेशान उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। झंझरी फीडर से जुड़े गांवों के लोगों का कहना है कि अघोषित कटौती से जीना मुहाल है। उधर, शेष नरायन शर्मा ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कहा है कि इस फीडर से पांच से छह घंटे की आपूर्ति उपभोक्ताओं को ठीक से नही मिल रही है। उधर बिजली के अफसरों का मोबाइल फोन उठता ही नहीं।

## आठ अलग-अलग जगहों पर एनआईए का छापा, ओजीडब्ल्यू मामले हुई कार्रवाई




**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** एनआईए ने प्रदेश में आठ अलग-अलग जगहों पर छापा मारा है। बताया जा रहा है कि, छद्म नामों के तहत सक्रिय विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों और उनके सहयोगियों के कैडरों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के खिलाफ ये कार्रवाई की गई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में आठ अलग-अलग जगहों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि छद्म नामों के तहत सक्रिय विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों और उनके सहयोगियों के कैडरों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के खिलाफ ये कार्रवाई की गई है। ये आतंकी और उनके मददगार अपने पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की आपराधिक साजिश के मामले में संलिप्त हैं। एनआईए ने पिछले साल 21 जून को इस संबंध में मामला दर्ज किया था।

## भाविप दयानंद शाखा की टीम ने एक ही दिन में किए पांच सेवा प्रकल्प

**लोरेन्स मसीह**

**अम्बाला:** समाज में अपनी मानव सेवा के लिए विख्यात संस्था भारत विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद व विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में अध्यक्ष अजय अग्रवाल की अध्यक्षता में पखवाड़े के संयोजक राकेश जिन्दल व विवेक सबलोक के निर्देशन में द्वि-साप्ताहिक सांस्कृतिक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। सचिव राकेश मक्कड़ ने बताया कि तीसरे दिन महिला मंडल द्वारा होटल गोल्डन आर्चिड में तीज का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें महिलाओं को भिन्न भिन्न गेम्स खिलाई गई। इस प्रकल्प में परिवार की 65 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रकल्प में महिला एवं बाल विकास संयोजिका रचना गुप्ता, शिखा मक्कड़, मीनू एबट, मीना गर्ग, प्रियंका अग्रवाल व मिनी गोयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पखवाड़े के चौथे दिन आज 18 अगस्त को 11वें प्रकल्प में जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती मरीजों को दूध ब्रेड का वितरण किया गया।




इस प्रकल्प में सतनाम नागपाल, यशस्वी गुप्ता, भारती खन्ना, विनोद जांगड़ा, अंकुर गोयल, ब्रिज मोहन मेहता व अन्य ने सहयोग किया। इसके उपरांत 12वें प्रकल्प के तहत परिषद द्वारा एस ए जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लगभग 100 बच्चों को श्रीकृष्ण गौशाला का भ्रमण करवाया गया जहां पखवाड़े के संयोजक विवेक सबलोक ने छात्रों को गाय माता, ध्यान कक्ष, परिक्रमा व श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया ।? इस प्रकल्प में संयोजक राकेश जिन्दल, रजिन्दर अग्रवाल, मनोज गर्ग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कड़ी में 13वें प्रकल्प में एस ए जैन कालेज में आत्मरक्षा पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें महिला मंडल से मीना गर्ग , प्रियंका अग्रवाल, सुहासिनी गोयल, सरोज अग्रवाल व गीतू सिंघल ने टिप्स दिए । प्रकल्प 14 के तहत एस ए जैन कालेज में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कपिल आई अस्पताल के सहयोग से 90 छात्र छात्राओं के नेत्रों की जांच की गई। इस प्रकल्प में कृष्ण गुलाटी, श्रीकृष्ण सैनी व अन्य ने सहयोग किया।

प्रकल्प 15 के तहत एस ए जैन कालेज में एनीमिया जांच शिविर में डॉ पुनीत राज सेवा सदन - चैरिटेबल अस्पताल की टीम ने 100 छात्राओं का टैस्ट किया। प्रकल्प 15 के तहत एस ए जैन विजय वल्लभ स्कूल में 9वीं व 10वीं के छात्र-छात्राओं को शाखा के सदस्य ब्रिगेडियर जनेश खेड़ा व नीलकमल खेड़ा द्वारा कैरियर काउंसलिंग पर सेमिनार दिया । इस प्रकल्प में स्कूल की प्रिंसिपल रूचिका भूटानी ने टीम को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस प्रकल्प में कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, मिनी शर्मा व मीनू एबट मौजूद रहे । यह जानकारी शाखा के प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए कहा कि शाखा द्वारा 15 दिन तक चलने वाले इस पखवाड़े में 50 से अधिक सेवा प्रकल्प किए जाएंगे। उन्होंने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सदस्यों के सेवा भाव, बेहतरीन समन्वय व टीम वर्क से ही यह संभव हो पा रहा है।

## एक नजर

### सीमेंट बांगड़ सीमेंट फैक्ट्री के 400 मजदूर 25 मार्च से लगातार हड़ताल



**हरि शंकर**

सीमेंट बांगड़ सीमेंट फैक्ट्री के 400 मजदूर 25 मार्च से लगातार हड़ताल पर हैं। 24 जुलाई से लगातार श्रमिक आमरण अनशन पर हैं। मजदूरों की बुनियादी मांगों का निपटारा न तो प्रशासन चाहता है न ही सीमेंट का मैनेजमेंट। इस अड़ियल रवैए से मजदूरों में भारी रोष है। आमरण अनशन के वेद प्रकाश टाक, राजेंद्र झोरड़ विनोद सैन, दलीप नाई श्रमिको की दिनो दिन स्वस्थ खराब हो रहा है जीवन दांव पर है।

मैनेजमेंट की हटधर्मिता ही है की मजदूरों के साथ वार्ता कर समाधान करने की बजाए आंदोलन में घी डालने का काम किया जा रहा है। बहुत ही दुखद है की 150 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन भी समाधान करवाने में असफल रहा है। सीमेंट मैनेजमेंट के अधिकारियों को श्रम आयुक्त द्वारा आयोजित आगामी वार्ता 22 अगस्त को संबंधित रिकॉर्ड लेकर नही जाने के पर श्रमिक व ग्रामीणों द्वारा दिनांक 25 अगस्त को सीमेंट के मुख्य द्वार पर धरना दिया जावेगा। जिसके समस्त जिम्मेवारी सरी सीमेंट मैनेजमेंट की रहेगी।

### तीज का सिंजारा दादी के संग धूमधाम से सम्पन्न



**समीर खान**

**अजमेर:** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन महिला शाखा अजमेर द्वारा परम पूजनीय अग्रकुल शिरोमणि श्री 1008 श्री झुंझुंनू वाली दादीजी के संग हरियाली तीज का सिंजारा आज वृन्दावन गॉर्डन रेस्टोरेन्ट, अजमेर पर धूमधाम से आयोजित किया गया। सर्वप्रथम आने वाली समस्त महिलाओं को हाउजी खिलाई गई तत्पश्चात अल्पाहार का आयोजन किया गया। उसके पश्चात संगठन की महिलाओं द्वारा दादीजी के सुन्दर भजनों पर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर शाखा संरक्षक नीलू गुप्ता, माधुरी कन्दोई, शाखा अध्यक्ष सुनीता बंसल, कोषाध्यक्ष खुशी बंसल के अलावा कार्यक्रम संयोजक श्रीमती लेखा गर्ग, सरोज बंसल, नीलम अग्रवाल, नेहा गर्ग, दिप्ति गोयल, संगीता ऐरन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उत्सव का समापन प्रसादी के साथ सम्पन्न हुई। आप द्वारा समाचार पत्र में इसे प्रकाशित करने हेतु अखिल भारतीय अग्रवाल महिला संगठन की ओर से आपका हार्दिक आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हैं।


### दुर्जनपुर तरबगंज हादसे में दवा कम्पनी के प्रतिनिधि की मौत



**दीपक कौशल**

**उत्तर प्रदेश:** दुर्जनपुर तरबगंज थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। युवक दवा कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर काम करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तरबगंज थाना क्षेत्र के गौहानी गांव के रविनन्दन मिश्रा पुत्र नरेंद्र लाल मिश्रा एक दवा की कम्पनी का प्रतिनिधि था। परिजनों का कहना है कि, गुरुवार को दिन में कंपनी से सम्बंधित कार्य के लिए घर से निकला था। देर रात करीब नौ बजे दवा लेकर लौट रहा था। दुर्जनपुर बाजार के आस-पास किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी।

### मुख्यमंत्री ने भूपेश बघेल का आपदा राहत कोष में सहायता देने के लिए जताया आभार



**युधिष्ठिर राणा**

**हिमाचल प्रदेश:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार को 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि आपदा राहत कोष के लिए प्रदान की है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण प्रदेश में दस हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ है। राज्य सरकार युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्य चला रही है। उन्होंने प्रदेश की खुले मन से मदद करने वाले सभी अंशदाताओं का भी आभार व्यक्त किया।

# किन्नौर के लिए वैकल्पिक मार्गों पर कार्य करे सीमा सड़क संगठन: विक्रमादित्य सिंह

**युधिष्ठिर राणा**

**हिमाचल प्रदेश:** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में आज यहां प्रदेश में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कार्यों की समीक्षा के लिए एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इसमें विभाग के सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में भारी बरसात से सड़कों को बड़े स्तर पर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदेश में 600 से अधिक सड़क मार्ग बाधित हैं और इन्हें खोलने के लिए दैनिक आधार पर तय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिनों में लगभग 550 सड़कों की बहाली का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय समय अवधि में यह सड़कें बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करें।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि वे साप्ताहिक आधार पर सभी चार जोन की बारी-बारी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई भारी बारिश से सड़कों को बड़े स्तर पर हुए नुकसान का एक कारण समुचित ड्रेनेज सुविधा का अभाव भी रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सभी सड़कों पर ड्रेनेज, क्रॉस ड्रेनेज सहित बाधित कलवर्ट खोलने को प्राथमिकता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप विभाग पूरी गंभीरता से कार्य सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त मशीनरी की खरीद के लिए 30 करोड़ रुपये विभाग को उपलब्ध करवाए गए हैं और इसकी खरीद की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार किराए पर भी मशीनरी लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि मंडी जिला में मंडी-कमांद-कटौला सड़क, पंडोह-चैलचौक-सुन्दरनगर सड़क पर यातायात सुचारू कर दिया गया है। कुल्लू जिला के लिए पंडोह से कैंचीमोड़ तक बीबीएमबी के सहयोग से सड़क निर्मित करने का कार्य जारी है और यहां से शीघ्र ही यातायात बहाल कर दिया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि कुल्लू घाटी को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग की निरन्तर निगरानी सुनिश्चित की जाए और यहां पर्याप्त मशीनरी एवं स्टाफ की तैनाती रखी जाए। कुल्लू से मनाली की तरफ वामतट सड़क मार्ग सभी वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

लोक निर्माण मंत्री ने कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर, भवारना तथा नगरोटा मंडल में क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र बहाली के भी निर्देश दिए। उन्होंने सोलन जिला के चक्की मोड़ में बार-बार मलबा गिरने के दृष्टिगत वैकल्पिक सम्पर्क मार्गों की बहाली एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने को भी कहा। शिमला जिला के सेब बहुल क्षेत्रों में अधिकांश सड़कें 22 अगस्त तक बहाल करने के निर्देश भी दिए।

इससे पूर्व लोक निर्माण मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ भी एक बैठक की, जिसमें संगठन के तहत आने वाली सड़कों के उचित रख-रखाव पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि बीआरओ के तहत किन्नौर तक सड़क यातायात सुचारू है। इसके अतिरिक्त मनाली-सरचू सड़क मार्ग के लिए केन्द्र से 48 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया है। लोक निर्माण मंत्री ने सीमा सड़क संगठन से आग्रह किया कि किन्नौर के लिए पुराने हिन्दुस्तान-तिब्बत मार्ग सहित चार वैकल्पिक मार्गों पर भी कार्य करें ताकि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस जिला से वर्षभर सड़क सम्पर्क कायम रखा जा सके।

बैठक में प्रधान सचिव लोक निर्माण विभाग भरत खेड़ा, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियन्ता अजय गुप्ता, सीमा सड़क संगठन के कर्नल विशाल गुलेरिया सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के उपरान्त पत्रकार वार्ता में लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हिमाचल एक बड़ी आपदा के दौर से गुजर रहा है और इसमें लोक निर्माण विभाग को अभी तक लगभग 2,600 करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग को सड़कों की बहाली के लिए मंडल स्तर तक पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत प्रदेश द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त लगभग 2,683 किलोमीटर लम्बी ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए बरसात के बाद युद्ध स्तर पर कार्य आरम्भ किया जाएगा तथा विभाग का प्रयास रहेगा कि यह कार्य ग्लोबल टेंडर के माध्यम से सम्पन्न किए जाएं। इससे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित होने के साथ ही अत्याधुनिक तकनीक का भी समावेश किया जा सकेगा।

## श्रीकृष्णा एजुकेशन कैंपस में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**सुरेशकुमार भाई दाला भाई पुरोहित**

**गुजरात:** लाखनी स्थित श्रीकृष्ण एजुकेशन कैंपस में 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कांजीभाई पटेल द्वारा ध्वज को सलामी दी गई। छात्र-छात्राओं ने लगभग तीस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में ट्रस्टी, आमंत्रित अतिथि, अभिभावक, स्कूल एवं कॉलेज स्टाफ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थेकार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कांजीभाई पटेल द्वारा ध्वज को सलामी दी गई। छात्र-छात्राओं ने लगभग तीस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में ट्रस्टी, आमंत्रित अतिथि, अभिभावक, स्कूल और कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

## सरकारी हाई स्कूल पुरानी पुंछ का नाम शहीद राजिंदर कुमार शर्मा करने की माँग

**सतीश**

मुझे आश है यह संदेश आपको अच्छी तरह मिल जाएगा। मैं हमारे समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मामले के संबंध में अपनी गहरी चिंता और निराशा व्यक्त करने के लिए लिख रहा हूं। एक चिंतित नागरिक के रूप में, मेरा मानना ??है कि यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं आपके ध्यान में एक ऐसा मुद्दा लाऊं जिस पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। मेरे ध्यान में आया है कि मिनी सचिवालय में मुठभेड़ के दौरान शहीद राजिंदर कुमार शर्मा द्वारा दिए गए वीरतापूर्ण बलिदान के बावजूद, सरकारी हाई स्कूल पुरानी पुंछ का नाम उनके नाम पर रखकर उनकी स्मृति को सम्मानित करने की कोई पहल नहीं की गई है।




यह निरीक्षण विशेष रूप से निराशाजनक है क्योंकि हमारे क्षेत्र में कई अन्य स्कूलों का नाम अन्य शहीद सैनिकों के नाम पर रखा गया है। शहीद राजिंदर कुमार शर्मा के साहसी कार्यों और हमारे देश की सुरक्षा के प्रति निस्वार्थ समर्पण पर किसी का ध्यान नहीं जाना चाहिए। यह जरूरी है कि हम उनके बलिदान को पहचानें और उन्हें श्रद्धांजलि दें, जैसा कि हमने अन्य बहादुर सैनिकों के लिए किया है। ऐसी मान्यता का अभाव न केवल उनकी स्मृति को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि भावी पीढ़ियों को देशभक्ति, साहस और बलिदान के मूल्यों से प्रेरित करने में भी विफल रहता है।

मैं आपसे विनम्र आग्रह करता हूं कि इस मुद्दे को तत्काल और गंभीरता से संबोधित करें जिसकी यह हकदार है। सरकारी हाई स्कूल पुरानी पुंछ का नाम शहीद राजिंदर कुमार शर्मा के नाम पर रखने से न केवल उनकी विरासत का सम्मान होगा, बल्कि कर्तव्य के दौरान हमारे सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों की एक शक्तिशाली याद भी आएगी। मैं आपसे मौजूदा स्थिति पर पुनर्विचार करने और इस गलती को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करता हूं।

अपने नायकों का सम्मान करने के लिए हमारे समुदाय की प्रतिबद्धता अटूट रहनी चाहिए, और मेरा मानना है कि शहीद राजिंदर कुमार शर्मा के नाम पर एक स्कूल का नाम रखना उस प्रतिबद्धता को बनाए रखने का एक उपयुक्त तरीका है। मैं स्थिति को सुधारने और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में सुनने के लिए उत्सुक हूं कि हमारे बहादुर शहीद की स्मृति का उचित सम्मान किया जाए। पुंछ ने यूटी सरकार जम्मू-कश्मी पुंछ और अध्यक्ष नगर परिषद पुंछ को इस मुद्दे को अंतिम रूप दे।

## करीमगंज जिले के पूर्वी बरूआला में संस्कृत भाषा सम्मेलन किया गया आयोजित


**सचिन्द्र शर्मा**

असम करीमगंज जिले के पूर्वी बरूआला गाँव में 17 अगस्त गुरुवार को संस्कृत भाषा सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसकी अध्यक्षता पूर्वी बरुआला गांव के प्रमुख समाजसेवी बिवास रंजन नाथ ने की। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रोफेसर तनु सिन्हा उपस्थित थीं। पुजारी सुदीप नाथजी उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात पुजारी लिटन नाथ द्वारा संस्कृत में किया गया। ज्ञात हो कि इस गांव में धर्मगुरु सुदीप नाथ और उनके शिष्य लिटन नाथ निःशुल्क संस्कृत की शिक्षा देते हैं। कार्यक्रम के आरंभ में रशनी नाथ, सुमित नाथ, पंचमी नाथ, पायल रॉय, सुष्मिता नाथ, पोम्पी रॉय, सुमित नाथ ने सरस्वती बंदना अर्पित की। बाद में सुप्रिया नाथ, रूपाली नाथ, देव नाथ रशनी नाथ पापिया नाथ विजया नाथ, सुमित नाथ द्वारा मद्भगवद गीता और चंडी का पाठ किया गया।



बाद में बच्चों के बीच संस्कृत भाषा में रूप, धातु रूप, कहानियों पर एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। रशनी नाथ को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में सुष्मिता नाथ, पायल रॉय, पंचमी नाथ आदि शामिल हैं। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रोफेसर तनु सिन्हा पूर्वी बरुआला में संस्कृत अभ्यास देखकर प्रभावित और प्रसन्न हुईं। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा ही मूल भाषा है. संस्कृत बंगाली हिंदी सहित कई भाषाओं की जननी है। इसके अलावा, वह विशेष रूप से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, रामकृष्णनगर महाविद्यालय के अंतर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश चल रहा है। जो लोग संस्कृत भाषा सीखना चाहते हैं, कुशलता से बोलना चाहते हैं, तो उन्हें फोन नंबर पर 7005078 446/7086236424 से संपर्क कर सकते है। मीडिया से कहा कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति उनसे संपर्क कर किसी भी बात की जानकारी ले सकते हैं। साथ ही गुरु सुदीप नाथ जी ने उपस्थित विद्यार्थियों से डिप्लोमा कोर्स करने का अनुरोध किया. पुरोहित लिटन नाथ ने संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। अंत में सभापति के संक्षिप्त भाषण के बाद वैदिक शांति पाठ के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री ने भावनात्मक एकता व सद्भावना की दिलाई शपथ



**युधिष्ठिर राणा**

हिमाचल प्रदेशः सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य पर आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला के अधिकारियों और कर्मचारियों को भावनात्मक एकता व सद्भावना की शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का जन्म दिवस इस वर्ष भी 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, विधायक केवल सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार, मीडिया, नरेश चौहान मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के ओ एस डी रितेश कपरेट, प्रधान सचिव भरत खेड़ा और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सिवाड़ा में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, तरल सागरिका किसानों को निःशुल्क वितरण कर विस्तार से जानकारी से किया जागरूक

**संदीप**

**राजस्थानः** सांचौर जिले के चितलवाना उपखंड के सिवाड़ा में किसान सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू सिंह दुठवा प्रधान प्रतिनिधि चितलवाना एवं अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य सुरेन्द्र खिलेरी, धीमाराम, वनेसिंह, सत्यपालसिंह, जुठाराम देवासी, सुरेश जानी, रुगनाथ, भेराराम माली की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक निर्भय चौधरी द्वारा IFFCO नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और तरल सागरिका की जानकारी विस्तार से दी गई।



इफको नैनो के बारे में किसान को गोपाराम ने इफको के पशु आहर, कैल्शियम और मिनरल मिक्सर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उसके बाद इफको एमसी के राजकुमार के द्वारा इफको के कीटनाशकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और पूछे गए प्रश्नों का तुरंत समाधान किया गया। साथ ही नैनो यूरिया, नैनों डीएपी, तरल सागरिका किसानों को निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम सभा में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों को नैनो यूरिया, डीएपी, तरल सागरिका के बारे में विस्तार से जानकारी देकर फायदे के बारे में अवगत करवाया गया।

## गोण्डा के ग्राम पंचायतों में सफाईकर्मियों की होगी ऑनलाइन हाजिरी

**दीपक कौशल**

उत्तर प्रदेशः गोण्डा के ग्राम पंचायतों में तैनात सफाईकर्मियों की ऑनलाइन हाजिरी होगी। ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था चुस्त- दुरुस्त करने के लिए शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके बाद जिला प्रशासन ने इसके क्रियान्वयन के लिए आदेश जारी किया है। पंचायती राज मिशन और स्वच्छ भारत के निदेशक प्रमोद कुमार उपाध्याय ने प्रदेश के सभी जिलों को इस संबंध में पत्र भेजा है।



इसके मुताबिक ग्राम सचिवालय पंचायत भवन में तैनात सफाई कर्मियों और शौचालय केयरटेकर की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज होगी। इसके लिए पंचायत सहायक, कम डाटा एंट्री ऑपरेटर मदद करेंगे। प्रतिदिन मोबाइल और कंप्यूटर के माध्यम से हाजिरी ऑनलाइन दर्ज की जायेगी। कर्मियों की उपस्थिति ग्राम सचिवालय से दर्ज की जानी है। ऐसे में सचिवालय की व्यवस्था का जिम्मा ग्राम सचिव का होगा। इसकी निगरानी संबंधित एडीओ पंचायत, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी नियमित रूप से करेंगे।

जिन ग्राम पंचायतों में डेस्कटॉप कंप्यूटर से उपस्थिति दर्ज करने के लिए वेब कैमरा और जीपीएस सिस्टम नहीं है वहां वित्त आयोग की धनराशि से तत्काल वेब कैमरा और जीपीएस सिस्टम खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। कैसे होगी हाजिरी : ऑनलाइन हाजिरी के लिए कर्मी का नाम,मोबाइल नंबर,तैनाती और राजस्व ग्राम यह अंकित होना आवश्यक रहेगा। जिससे वहां पर जांच करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ऐसे समय रहेगी छूट: ऑनलाइन हाजरी के लिए विषम परिस्थितियों में छूट दी जाएगी।

इसमें बाढ़, दैवीय आपदा, प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री के अलावा जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रम, चुनाव के दौरान अधिकारियों की स्वीकृति पर पोर्टल पर हाजिरी दर्ज की जाएगी। इसकी समय-समय पर जांच भी की जाएगी। 15 सितंबर तक फीड करने के निर्देश : शासन ने निर्देश दिया है कि 15 सितंबर तक हर हाल में सफाई कर्मियों और शौचालय के केयरटेकर का डाटा फीड कर दिया जाए। इसमें किसी प्रकार की हीला हवाली बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।

## एक नजर

### हमीरपुर सरीला कस्बे के सीओ कार्यालय के सामने गड्ढे में गिरी तेज रफ्तार स्कार्पियो, तीन लोग घायल



**भूपेन्द्र सिंह**

हमीरपुर सरीला कस्बे के छिबौली बाईपास मार्ग पर सीओ कार्यालय के सामने तेज रफ्तार स्कार्पियो दो लोगों को टक्कर मारते हुए गहरे पानी में गिर गई। स्कार्पियो चालक समेत तीन लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सरीला लाया गया। जहां एक की तबीयत बिगड़ गई। लेकिन उसे रेफर कर दिया गया स्कॉर्पियो चालक शराब के नशे में था और मामला अब बीजेपी नेता का बताया जा रहा है। घटना जरिया थाना क्षेत्र के सरीला कस्बे की है।

### राठ तहसील में बाईपास नहर जराखर मार्ग के पुल के पास ट्रक की टक्कर से 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल




**भूपेन्द्र सिंह**

हमीरपुर जिले के राठ तहसील में बाईपास नहर जराखर मार्ग के पुल के पास ट्रक की टक्कर से 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दोपहर 3:00 बजे हुआ। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक संख्या यूपी 77एटी 5563 फरार ट्रक में बालू भरा हुआ था। मैंने अपनी कार से ट्रक का पीछा किया और पीछे से एक तस्वीर ली। घायल व्यक्ति हरपालपुर का निवासी बताया जा रहा है। वह व्यक्ति जिसका नाम प्रमोद अनुरागी पुत्र अच्छेलाल था, उरई से हरपालपुर जा रहा था। जिसे मैंने खून से लथपथ देखा तो मैंने खुद अपनी गाड़ी से इलाज के लिए राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जब मैंने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया, तो एम्बुलेंस ने खराब व्यवहार किया। मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची, 2 घंटे बाद एंबुलेंस आई।

### पूर्ति विभाग की अनदेखी से फलफूल रहा है गैस रिफलिंग का कारोबार, कस्बे में कई स्थानों में वाहनों में रिफिल की जाती है गैस


**भूपेन्द्र सिंह**



हमीरपुर जनपद के भरुआ सुमेरपुर कस्बे में पूर्ति व पुलिस विभाग से नजर बचाकर गैस रिफिलिंग का कारोबार बड़े स्तर पर हो रहा है। कौन- कौन सी वितरक एजेंसी इन्हें गैस सिलेंडर आपूर्ति कर रही यह भी जांच का विषय है। कस्बे में कई स्थानों पर ओमनी कार सहित सीएनजी से चलने वाले वाहनों में अवैध रूप से घरेलू गैस की रिफलिंग करके धन कमाया जा रहा है।

बुधवार को कस्बे के ईदगाह परिसर में संचालित मदरसे में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर बरामद होने से इस कारोबार का खुलासा हुआ है। इतनी बड़ी संख्या में कौन सी वितरक एजेंसी इन्हें गैस सिलेंडर उपलब्ध कराती है। यह जांच का विषय है। यह कारोबार बीते कई वर्षों से चल रहा था। लेकिन पूर्ति विभाग चाट समोसा की ठिलिया, ढाबों आदि में नाममात्र की कार्यवाही करके अपना पल्ला झाड़ती रहती है।

### मंडी व कुल्लू में मोबाइल फोन उपभोक्ताओं को मिलेगी इंट्रा सर्कल रोमिंग सुविधा



**युधिष्ठिर राणा**

हिमाचल प्रदेशः सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि कुल्लू व मंडी जिलों में मोबाइल फोन उपभोक्ताओं को इंट्रा सर्कल रोमिंग सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा से उपभोक्ताओं को अपने गृह क्षेत्र में रहते हुए भी अन्य नेटवर्क की सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मंडी व कुल्लू जिलों में भारी बारिश के कारण संचार व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिसके कारण कई उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी के दृष्टिगत 21 अगस्त, 2023 अथवा आगामी आदेशों तक यह सुविधा प्रदान की गई है।

# बांध सुरक्षा अधिनियम की अनुपालना न करने पर प्रबन्धन पर होगी कार्रवाई: हिमाचल प्रदेश मुख्य सचिव

**युधिष्ठिर राणा**

**हिमाचल प्रदेशः** मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आज यहां बांधों से पानी छोड़े जाने के संबंध में सुरक्षा मुद्दों पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश इस वर्ष भारी वर्षा से हो रही आपदाओं से अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है। हालांकि काफी हद तक यह प्राकृतिक आपदा है, लेकिन बांध सुरक्षा अधिनियम-2021 (डीएसए) और केन्द्रीय जल आयोग द्वारा वर्ष 2015 में जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना न करने पर बांध परियोजनाओं में विफलता के लिए बांध प्रबन्धन की जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए। केन्द्रीय जल आयोग द्वारा वर्ष 2014 में आंध्र प्रदेश राज्य के 24 छात्रों के पानी में बह जाने के बाद बांधों से पानी छोड़े जाने तथा आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



मुख्य सचिव ने कहा कि इस अधिनियम में सभी निर्दिष्ट बांधों की निगरानी, निरीक्षण, संचालन और रख-रखाव का प्रावधान है, लेकिन कुछेक प्राधिकरण इनकी अनुपालन में विफल रहे हैं और परिणामस्वरूप सार्वजनिक और निजी संपत्ति तथा फसल को भारी नुकसान होने के साथ-साथ सड़क नेटवर्क में भी बाधा आई है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद अनुपालना में किसी भी प्रकार की चूक को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को बांध प्रबन्धन की लापरवाही के कारण हुए नुकसान पर रिपोर्ट देने को कहा ताकि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान परिस्थितियों से स्पष्ट इंगित होता है कि बांध सुरक्षा जांच मानकों के अनुसार नहीं की गई। उन्होंने कहा कि डीएसए के तहत प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की स्थापना, जल निकासी संबंधी दिशा-निर्देश, नियंत्रण कक्ष की स्थापना, जलाशय रख-रखाव, आपातकालीन कार्य योजना और बांध स्थलों और पावर हाउस के बीच बेहतर संचार इत्यादि का प्रावधान है। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि इन कड़े प्रावधानों को धरातल पर लागू किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि बांधों का जोखिम मूल्यांकन नियमित आधार पर किया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिमाचल के सभी बांधों पर सुरक्षा इकाइयां चौबीसों घंटे कार्यशील रहें। उन्होंने बांध सुरक्षा पर राज्य समिति और राज्य बांध सुरक्षा संगठन के प्रभावी कामकाज पर भी बल दिया।

बैठक में पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, वित्त आयुक्त राजस्व ओंकार चंद शर्मा, निदेशक ऊर्जा हरिकेश मीणा, निदेशक-एवं-विशेष सचिव (एसडीएमए) डी.सी. राणा, सचिव ऊर्जा राजीव शर्मा, ऊर्जा विभाग के मुख्य अभियंता इंजीनियर डी.पी. गुप्ता, उप मुख्य अभियंता ऊर्जा, दीपक जसरोटिया तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# हरदोई के हरपालपुर में सरकारी अस्पताल में महिला सफाई कर्मी रचना कुशवाहा करती है सभी मरीजों का ईलाज

**शाहवेश हुसैन खान**

उत्तर प्रदेश जनपद हरदोई के सरकारी अस्पताल में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है यहां मरीजों का इलाज एक महिला सफाई कर्मी करती है हैरत की बात तो यह है कि इसकी पूरी जानकारी बड़े स्वास्थ्य अधिकारियों को भी है।



पूरा मामला जिला हरदोई स्थित हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। वही प्रभारी चिकित्सक अमित का कहना है कि जैसे झोला छाप डाक्टर इलाज करते हैं। वैसे ही हमारी महिला सफाई कर्मी भी इलाज कर लेती है जो मरीज सीरियस होते हैं। उन्हें हम लोग देख लेते हैं बाकी महिला सफाई कर्मी रचना कुशवाहा को ट्रेन किया गया है।

हमारे पास डॉक्टर की कमी है जो संसाधन है उसी से काम चलाएंगे वहीं महिला सफाई कर्मी रचना कुशवाहा का कहना है कि मैं यहां पर वही दवा देती हूं। जो डॉक्टर लोग मुझको फोन पर बता देते हैं। जरूरत पड़ने पर बुखार तथा और मर्म पत्ती भी कर देता हूं और इंजेक्शन और ग्लूकोज भी चला सकती हूं।

प्रभारी चिकित्सक ने इसको अपनी मजबूरी बताई प्रभारी चिकित्सक अमित का कहना है कि जब डॉक्टर मौके पर रहेंगे तभी तो हम उनसे इलाज करा पाएंगे इमरजेंसी में महिला सफाई कर्मी ही लोगों को दवा व इंजेक्शन देती है। पत्रकार द्वारा पूछने पर सफाई महिला सफाई कर्मचारी के पास कौन सी डिग्री है तो बताने में वहां के अधीक्षक बगले झाकते नजर आए। इस पूरे प्रकरण की जानकारी हरदोई सीएमओ तक होने के बावजूद भी इस महिला सफाई कर्मी रचना कुशवाहा पर कोई भी कार्रवाई न होना एक जांच का विषय है।

# डा. पंकज सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित रोजगार मेले में 924 युवाओं को मिला रोजगार

**प्रमोद कुमार बंसल**

**कोटपूतलीः** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में डा. पंकज सिंह फाउंडेशन द्वारा भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 52 कंपनियों के लिए 4607 अभ्यार्थियों ने इंटव्यू दिए। जिसमें से 924 युवाओं को हाथों-हाथ ऑफर लेटर जारी किए गए। रोजगार मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए डॉक्टर पंकज सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ पंकज सिंह ने कहा कि देश का युवा बहुत प्रतिभाशाली है। इसे केवल एक अवसर की तलाश है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार देने का ढिंढोरा पीट रही है लेकिन आपका भाई सही मायने में रोजगार दे रहा है। डॉक्टर पंकज सिंह फाउंडेशन ने अब तक जितने भी रोजगार मेले आयोजित किए हैं उन सभी में युवाओं को भारी मात्रा में नौकरियां मिली है।



प्रदेश में जब तक एक भी बेरोजगार युवा रहेगा तब तक डा. पंकज सिंह ऐसे ही रोजगार मेले आयोजित करते रहेंगे। डा. पंकज सिंह ने विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों और अतिथियों को साफा-माला पहना कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। एनसीसी केडेटस एवं स्काउट गाइडस ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की प्राचार्या उर्मिल महावत ने डा. पंकज सिंह की सराहना करते हुए कहा कि डा. पंकज सिंह युवाओं के सच्चे हितेषी हैं। जब युवाओं के पास रोजगार होगा और वे सम्पन्न होंगे तभी वे देश और समाज की सच्ची सेवा कर सकेगें।

रोजगार मेले में युवाओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कुल 4607 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 2858 ऑनलाइन और 1749 ऑफलाइन प्राप्त हुए। विभिन्न कंपनियों द्वारा आवेदकों के इंटरव्यू कर 924 आवेदकों को हाथों-हाथ ऑफर लेटर जारी किए। रोजगार मेले में देशभर की 52 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की जिनमें डी-मार्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजोऩ, पेटीएम, जस्ट डायल, फोनपे सहित अनेक राष्ट्रीय कंपनियां शामिल रहीं।

# विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाएगा भारतीय मजदूर संघ - उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अनुप कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** भारतीय मजदूर संघ की तीन दिवसीय केंद्रीय कार्य समिति की बैठक का शुभारंभ। चुनार नगर के सुरभि शोध संस्थान में आयोजित भारतीय मजदूर संघ की तीन दिवसीय केंद्रीय कार्य समिति का शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पांड्या, राष्ट्रीय महामंत्री रविंद्र हिमते, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन व बीएमएस के पलक अधिकारी वी भगैय्या ने डमरू के निनाद के साथ दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पांड्या ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ वर्तमान में देश ही नहीं वैश्विक स्तर पर प्रथम क्रमांक का श्रम संगठन है। उन्होंने कहा कि, हम 1989 में ही विभिन्न श्रमिक संगठनों में प्रथम क्रमांक पर हम आ गए थे।



उन्होंने कहा कि ॠ20 देशों एवं अतिथि देशों के सभी श्रम मंत्रियों की बैठक में ॠ20 एवम् छ 20 का संयुक्त स्टेटमेंट प्रस्तुत किया गया था। विश्वभर में सभी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराया जाए और विश्वभर में सभी महिलाओं की भविष्य में कार्यों मैं भागीदारी बढ़ सके। महिलाएं श्रम भी करें उद्यमी भी बने। विश्व भर में 35% महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है लेकिन भारत में यह प्रतिशत काफी कम है। इसके लिए भारतीय मजदूर संघ महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में सहभागिता बढ़ाने के लिए सतत प्रयास कर रहा है। साथ ही असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के हित के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एवं भारत के उद्योगों में भी पिछले 60 वर्षों में काफी बदलाव हुआ है। आने वाले समय में भी बदलाव होंगे। समय के साथ उद्योगों की तकनीकी में बदलाव न होने के कारण कई नामी कंपनियां प्रतिस्पर्धा के चलते बाजारो से बाहर हो गई। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि आने वाले 10 सालों में दुनिया में काफी बदलाव हो जाएगा और वर्तमान में चल रहे 70 फीसदी उद्योगों पर बंदी का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ चाहता है कि बदलती परिस्थितियों में उद्योगों में बदलाव हो ताकि बाजारों में अच्छी गुणवत्ता के साथ उनके उत्पाद टिक सके, जिससे इसका लाभ उद्योगों और श्रमिकों को मिल सके।

राष्ट्रीय महामंत्री रविंद्र हिमते ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारतीय मजदूर संघ 70 वर्ष पूर्ण करेगा। इसको लेकर संगठन श्रमिक हित में अपने कार्यों का विस्तार करेगा। इसकी तरह 2025 में भी संघ के 100 साल पूरे हो रहे हैं। इन दिनों में हम और हमारे पुराने कार्यकर्ता राष्ट्रीय हित में अपना योगदान कर रहे हैं। बैठक के दौरान विभिन्न प्रदेशों के महामंत्रियों ने अपने प्रदेशों से संबंधित वृत्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय, केंद्रीय केंद्रीय पदाधिकारी, महासंघ के महामंत्री, उद्योगों के प्रभारी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री तथा सभी प्रदेशों के महामंत्री एवं केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पाण्या एवं संचालन राष्ट्रीय महामंत्री रविंद्र हिमते ने किया।

# खटोंटी खुर्द में प्रख्यात कथावाचक आचार्य बजरंग शास्त्री ने किया संगीतमय मद् भागवत कथा का प्रारंभ, कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**सतीश**

नारनौल के समीप गांव गांव खटोंटी खुर्द में आयोजक मति पिंकी शर्मा पूर्व सरपंच एवं उनके सुपुत्र कमलकांत शर्मा, मनीष भारद्वाज एवं समस्त शर्मा परिवार के द्वारा आयोजित 18 अगस्त से 24 अगस्त तक संगीतमय मदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें कथा से पूर्व आज कलश यात्रा का शुभारम्भ किया गया। जिसमे सर्वप्रथम मुख्य यजमान कमलकांत शर्मा, मनीष भारद्वाज, रमेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, नवीन शर्मा भारद्वाज परिवार द्वारा आचार्य मनीष शास्त्री पं.संदीप शास्त्री एवं पं.राहुल ने विधिविधान से गणपति पूजन, कलश और नवग्रह तथा षोडश मातृका और पितरों का पूजन करवाया और सभी कलशो सहित ठाकुर का भी पूजन किया गया गया।



कथा के शुभारम्भ पर आचार्य बजरंग शास्त्री ने कलश यात्रा का का शुभारम्भ करवाया और मंदिर से घोड़ी बग्गी, बैण्ड बाजे, राधाकृष्ण की मनमोहक झांकी और ध्वजा से युक्त भव्य 101 कलशों की यात्रा निकाली गई, जो समस्त ग्राम से होते हुए कथा स्थल पर जाकर सम्पन्न हुई।जहाँ पर सर्वप्रथम मुख्य यजमान द्वारा भागवत का पूजन करवा कर भागवत को विराजमान किया गया। व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर भागवत आचार्य पं. बजरंग शास्त्री का तिलक माला के द्वारा आयोजक ने पूजन किया।

कार्यक्रम के बारे जानकारी देते हुए कथा के आयोजक पिंकी शर्मा ने बताया की प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आचार्य पं.बजरंग शास्त्री महाराज अपने मुखारबिंद से भक्तो को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे और कथा के आयोजक ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से इस धार्मिक आयोजन मे सपरिवार आकर कर भाग लेने की अपील की। आयोजक ने बताया कि कोई भक्त इस कथा में किसी कारण ना पहुंच पाए तो इस कथा का लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल आचार्य बजरंग शास्त्री पर भी किया जा रहा है। प्रथम दिवस की कथा मे आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया की भागवत की कथा सहजता में मिलना बहुत कठिन है व के जब बहुत जन्मों के पुण्य उदय होते है तब मद भागवत कथा की प्रप्ति होती है भागवत की कथा धन्य है जो कष्टों को दूर करने वाली है जो व श्रद्धा और विश्वास के साथ इस की कथा को श्रवण करता है प्रभु उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते है और व परम पद को प्राप्त करता है।

प्रथम दिवस की कथा में आचार्य ने भागवत का महात्म्य का वर्णन किया और बताया की जब धूंधकारी जैसा पापी व्यक्ति जिसने अपने पूरे वन में सभी पाप कर्म किये वो भी भागवत पुराण को सुनने से पवित्र हो गया तो जो व श्रद्धा और विश्वास के साथ इस कथा को सुनते है तो उनकी महिमा तो अपरम्पार है। जहाँ पर भी भागवत की कथा होती है, वहाँ पर भगवान राधाकृष्ण अवश्य ही दर्शन देते है और सभी भक्तो की मनोकामनाओ को पूर्ण करते है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश शर्मा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, प्रेमलता बहन, सुलोचना शर्मा, मोनिका शर्मा, गौरव शर्मा, अत शर्मा, तेजपाल शर्मा, अशोक शर्मा, परी सहित सैकडों की संख्या में मातायें बहनो सहित काफी संख्या में अनेक गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सागर पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान के तहत सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बस चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**मुकेश हरियाणी**

**सागर पुलिसः** यातायात जागरुकता अभियान अंतर्गत सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बस वाहन चालकों को किया गया यातायात नियमों के प्रति जागरुक। आज दिनांक 18/08/23 को सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल परिसर में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश तिवारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकरी सुनील शुक्ला के आतिथ्य में तथा अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र गौतम, सूबेदार प्रियंका बौरासी एवं सौरभ चौहान की उपस्थिति में यातायात शिक्षा एवं जागरुकता अभियान संचालित किया गया। समस्त स्कूल वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 21/08/23 तक माननीय सुप्रीम कोर्ट की 18 बिन्दुओं की गाइडलाईन का अक्षरशः पालन करते हुए स्कूली छात्रों का सुरक्षित परिवहन करे।



इन 18 बिन्दुओं के अंतर्गत वाहन में सीसीटीव्ही कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्पीड गवर्नर, महिला / पुरुष अटेण्डर, बच्चों की सूची, वाहन चालक का शराब पीकर वाहन न चलाना इत्यादि का पालन किया जाना अनिवार्य है । सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी 18 बिन्दुओं का पालन दिनांक 21/08/23 तक न किये जाने की स्थिति में, दिनांक 22/08/23 से पहिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस जागरुकता कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर मौली थॉमस एवं अन्य स्टॉफ मौजूद रहा, प्राचार्या को स्कूली वाहन चालकों का पुलिस वेरीफिकेशन कराये जाने एवं विधालय में एक ट्रांसपोर्ट मैनेजर की नियुक्ति किये जाने के संबंध में भी बताया गया।

# हनुमानगढ़ रौटैक्ट क्लब के जेड़आरआर आशीष गुप्ता डिस्टिक 3090 का सचिव हुए धोषित

**आशिश गुप्ता**

हनुमानगढ़ः रौक्टैक्ट क्लब के डीजी धनश्याम कांसल व डीआरआर विपुल मित्तल ने रौटैक्ट क्लब के जेड़आरआर आशीष गुप्ता द्वारा किये गये सामजिक कार्यो को देखते हुए पूरे डिस्टिक 3090 का सचिव धोषित किया है। ज्ञात रहे कि डिस्टिक 3090 के अर्न्तगत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के 45 से अधिक क्लब कार्य करते है। डीजी धनश्याम कांसल व डीआरआर विपुल मित्तल, डीआरआर इलेक्ट साहिब जिन्दल ने नवनियुक्त डिस्टिक सचिव आशीष गुप्ता को पिन लगाकर पद की गोपनीयता व गरीमा की शपथ दिलाई। डिस्टिक सचिव आशीष गुप्ता ने डीजी धनश्याम कांसल व डीआरआर विपुल मित्तल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मेरी टीम मिलकर सामाजिक कार्यो में नये आयाम स्थापित करते हुए क्लब का गौरान्वित करेगी। क्लब आरसीसी अश्विनी गर्ग आशु ने कहा कि हनुमानगढ़ से पहली बार रौटैक्ट क्लब में कोई डिस्टिक सचिव बना है।



उन्होने कहा कि यह सब आशीष व उसकी पूरी टीम की मेहनत, लग्न व निस्वार्थ सेवा भाव का परिणाम है। उन्होने कहा कि हमे गर्व है कि हमारे क्लब का भविष्य ऐसे युवाओं के हाथों में है जो सदैव समाजिक कार्यो से जुड़े रहते है। उन्होने कहा कि हनुमानगढ़ सहित पूरे देश में रौटैक्ट क्लब युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# प्रदेश में नई सड़क परियोजनाओं की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी: हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री

**युधिष्ठिर राणा**

**हिमाचल प्रदेशः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में बनने वाली सभी सड़कों में ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज बनाना अनिवार्य किया जाएगा। इसकी निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी और निगरानी टीमें भी गठित की जाएंगी। वह वीरवार को देर सायं यहां आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज न होने के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों में निर्माण के समय ड्रेनेज नहीं होगी, उन्हें पास भी नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण के समय ही गुणवत्तापूर्ण कार्य से सड़कों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने प्रदेश में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाधित सड़कों को 24 घंटे कार्य कर बहाल किया जाए।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सड़कों को खोलने के लिए भारी मशीनरी और उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि जिला मंडी में बाधित प्रमुख सड़कों को खोलने के लिए अतिरिक्त कार्य बल और मशीनरी की आवश्यकता है। सड़कें पहाड़ की जीवन रेखाएं हैं और इन्हें सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू में नदी किनारों पर पानी से भूमि कटाव को रोकने के लिए वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग को दूरगामी उपाय करने को कहा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की (एसडीआरएफ) कंपनियों को दो-दो क्रेन उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है, इससे आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों को तीव्रता से करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को ड्रोन भी उपलब्ध करवाए जाएंगे, इससे मैपिंग व निगरानी के साथ-साथ आपदा के समय लोगों को सामान व चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी।

बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव ओंकार शर्मा, भरत खेड़ा व देवेश कुमार, विभिन्न विभागों के सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# 'इंडिया' में अविश्वास!

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में दरारें और अविश्वास के भाव पनपने लगे हैं। देश की मौजूदा राजनीति के मद्देनजर यह गठबंधन बेहद जरूरी और प्रासंगिक है, लिहाजा किसी भी दरार के उभरने पर उसका विश्लेषण भी अनिवार्य है। भारत में राजनीतिक गठबंधनों की नियति यही रही है कि वे बनते हैं, क्योंकि उन्हें टूटना होता है। वे टूटते हैं, क्योंकि फिर बनना होता है। सियासी गठबंधन का कोई भी 'स्थायी भाव' नहीं होता। शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखिया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि 'इंडिया' की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं। वहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दिग्गज नेता शरद पवार की मुलाकात पुणे के एक उद्योगपति के आवास पर हुई। इससे पहले भी दो-तीन मुलाकातें हो चुकी थीं। शरद पवार उपमुख्यमंत्री के सगे चाचा हैं और पवार परिवार में पिता-तुल्य हैं, लिहाजा ऐसी मुलाकातें स्वाभाविक हैं। एनसीपी में बगावत और विभाजन के बाद ये मुलाकातें हुई हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में इन मुलाकातों के मद्देनजर संपादकीय तक लिख दिया गया कि शरद पवार भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने संभावनाओं का पिटारा ही खोल दिया कि अजित के जरिए शरद पवार भाजपा-एनडीए में जा सकते हैं। उन्हें केंद्रीय कृषि मंत्री या नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनाने की पेशकश दी गई है। शरद की सांसद-पुत्री सुप्रिया सुले को भी केंद्रीय मंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि शरद और सुप्रिया ने पेशकश की अफवाहों का खंडन किया है और भाजपा को 'सांप्रदायिक और दरारें पैदा करने वाली' पार्टी करार देकर उसके खिलाफ 'राजनीतिक संघर्ष' का संकल्प भी दोहराया है, लेकिन शरद पवार फिर भी सवालिया हैं।

# अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री के भाषण में देश से अधिक सत्ता की चिंता नजर आई। लालकिले पर खड़े होकर भी उन्होंने विपक्ष को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में देशवासियों को 'परिवारजन' कहकर संबोधित किया। जबकि इससे पहले अपने भाषणों में विपक्ष को परिवारवाद के नाम पर ही घेरने की कोशिश श्री मोदी करते रहे हैं और लालकिले से भी उन्होंने ऐसा ही किया।

-सर्वमित्रा सुरजन-

इलेक्ट्रानिक मीडिया के (कु) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली।

दक्षिणपंथी सोच के लोग आजादी की लड़ाई के वक्त से गांधी-नेहरू से खौफ खाते थे। अंग्रेजों के खिलाफ जब देश के लाखों लोग गांधी, नेहरू, पटेल, बोस, आजाद और भगत सिंह के नक्शे कदमों पर चलकर हंसते-हंसते कुबार्नी देने तैयार हो जाते थे, तब हिंदू महासभा जैसे संगठनों के अनुयायी अपने को बचाने, अंग्रेजों के वफादार बनने और इन स्वाधीनता सेनानियों के प्रयासों को विफल करने में जुटे रहते थे। हालांकि इनकी कोशिशें कामयाब नहीं हुईं। देश स्वाधीनता सेनानियों और लाखों-करोड़ों हिंदुस्तानियों की त्याग और तपस्या के बूते आजाद हो गया। दक्षिणपंथी लोगों की निगाह में देश की आजादी से अधिक जरूरी हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को खाद-पानी देना था। गांधीजी इस कोशिश में उन्हें बाधक की तरह दिखे तो बेझिझक गांधी की हत्या कर दी गई। लेकिन नेहरू उनके लिए बड़ी चुनौती बने रहे। आजादी के बाद जिस तरह पं. नेहरू ने देश को संभाला, आगे बढ़ाया, दुनिया के मानचित्र में भारत को प्रतिष्ठा दिलाई, दसियों देशों की आजादी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने, उससे नेहरू को लेकर संघ का डर और बढ़ता गया।

संघ ने पांच-छह दशकों का लंबा इंतजार किया कि उसे किसी तरह नेहरू से बदला लेने का मौका मिले। नेहरू के बारे में बेबुनियाद, झूठी खबरें अफवाही तंत्र ने बहुत फैलाई और अब इस नापाक साजिश में और तेजी आ चुकी है। अब देश से नेहरू के नाम को मिटाने वाले फैसले लिए जा रहे हैं। नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया है। ये फैसला जून में ही लिया जा चुका था, लेकिन इसे 15 अगस्त के मौके पर ही अमल में क्यों लाया गया, ये गंभीरता से सोचने वाली बात है। कांग्रेस ने इस फैसले पर पलटवार किया है। लेकिन कांग्रेस को अब बातों से बढ़कर एक्शन में दिखने की जरूरत है। क्योंकि नेहरू के साथ अब आजादी के आंदोलन को खारिज करने की कोशिश भी शुरू हो गई है।

इलेक्ट्रानिक मीडिया के (कु) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली। साफ तौर पर समझ आता है कि देश में नए किस्म का इतिहास लिखने की तैयारी हो रही है। 1947 के पहले के इतिहास में भारत के लिए दक्षिणपंथियों का कोई योगदान दर्ज नहीं है, तो इसे छिपाने के लिए इतिहास ही बदला जा रहा है। कुछ दिनों से प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह क्विट इंडिया के नारे को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से जोड़ रहे हैं, वो भी ऐसी ही कोशिश है। इस कोशिश को श्री मोदी लालकिले से भी दोहराते नजर आए। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लगातार दसवीं बार प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। इस तरह डॉ.मनमोहन सिंह की बराबरी उन्होंने कर ली। लेकिन इस महत्वपूर्ण मौके की गरिमा बनाए रखने की जगह श्री मोदी ने चुनावी रैली की तरह लालकिले से भाषण दिया। उन्होंने ये तक कह दिया कि अगले साल भी वो ही आएंगे। उनके पहले जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सभी में कोई न कोई कमी रही होगी, लेकिन आत्ममुग्धता से कोई भी प्रधानमंत्री ऐसा ग्रसित नहीं रहा, जैसा मोदीजी दिखाई दिए।

प्रधानमंत्री के भाषण में देश से अधिक सत्ता की चिंता नजर आई। लालकिले पर खड़े होकर भी उन्होंने विपक्ष को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में देशवासियों को 'परिवारजन' कहकर संबोधित किया। जबकि इससे पहले अपने भाषणों में विपक्ष को परिवारवाद के नाम पर ही घेरने की कोशिश श्री मोदी करते रहे हैं और लालकिले से भी उन्होंने ऐसा ही किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' और कांग्रेस पर भी बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा, "देश के लोकतंत्र में एक बीमारी आई है- परिवारवादी पार्टी. इनका एक ही मंत्र है- परिवार को, परिवार के लिए, परिवार के द्वारा।" वहीं श्री मोदी ने देश की तीन बुराइयां बतलाईं भ्रष्टाचार, परिवारवाद,और तुष्टिकरण। जब से इंडिया का गठन हुआ है श्री मोदी इन्हीं तीन विषयों को हर मंच से उठाते रहे हैं। लालकिले से उन्होंने घमंडिया और परिवारवाद क्विट इंडिया जैसी बातें नहीं की, लेकिन जो कुछ कहा उसका मतलब इसी के इर्द-गिर्द ही घूम रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की खास बात ये रही कि उन्होंने शुरूआत में ही मणिपुर की बात की, जबकि पिछले साढ़े तीन महीनों से मोदी मणिपुर पर बोलने से वे बचते ही रहे हैं। संसद में भी उन्होंने मणिपुर पर केवल 2 मिनट दिए, लेकिन लालकिले से मोदी ने कहा कि "पिछले समय से मणिपुर में हिंसा का जो दौर चला. कई लोगों को हिंसा को शिकार होना पड़ा. मां- बेटियों के साथ अत्याचार हुआ लेकिन कुछ दिनों से शांति की खबरें आ रही है।" उन्होंने कहा कि 'देश मणिपुर के साथ है। केंद्र सरकार, राज्य के साथ मिलकर समाधान के प्रयास कर रही है और करती रहेगी'। वहीं मणिपुर की घटना को देश की एकता के साथ जोड़ते हुए श्री मोदी ने कहा घटना मणिपुर में होती है तो दर्द महाराष्ट्र में होता है। ये बात शायद राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के जवाब के लिए थी। लेकिन केवल दो लाइनों की बात चार हजार किमी की पदयात्रा का मुकाबला नहीं कर सकती।

खैर भाषण की शुरूआत प्रधानमंत्री ने मणिपुर से की तो आखिरी में अगले साल फिर से लाल किले से भाषण देने की बात कही। जनता से अगले साल भी आने के लिए आशीर्वाद की अपील करना अलग बात है, ये काम चुनावी मंच से होना चाहिए। मगर नरेन्द्र मोदी ने जनता के सामने ऐलान कर दिया कि वे अगले साल भी आएंगे, इसका मतलब ये है कि उन्होंने भारत की लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रणाली को ठेंगा दिखला दिया। जनता को ये तय करने का अधिकार नहीं दिया कि अगले साल वह किसे प्रधानमंत्री चुनना चाहती है, बस अपना फैसला सुना दिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इतनी अलोकतांत्रिक बात जनता किस तरह स्वीकार करेगी, इस पर मंथन बेहद जरूरी है। सवाल ये भी है कि क्या श्री मोदी राहुल गांधी के बढ़ते कद की वजह से डर रहे हैं। पहले इंडिया और अब भारत माता के नाम की चुनौती उनके सामने पेश हो रही है।

राहुल गांधी ने स्वतंत्रता दिवस पर ट्वीट किया कि 'भारत माता हर भारतीय की आवाज है! वहीं भारत जोड़ो यात्रा और भारत माता की आवाज के बारे में एक खुली चिी में राहुल गांधी ने लिखा- 'पिछले साल मैंने एक सौ पैंतालीस दिन उस जमीन पर घूमते हुए बिताए जिसे मैं अपना घर कहता हूं। मैंने समुद्र के किनारे से शुरूआत की और गर्मी, धूल और बारिश से गुजरा। जंगलों, कस्बों और पहाड़ियों से होते हुए, जब तक कि मैं मेरे प्यारे कश्मीर नहीं पहुंच गया।'

मेरी भारत माता, जमीन का टुकड़ा-भर नहीं, कुछ धारणाओं का गुच्छा-भर भी नहीं है, न ही किसी एक धर्म, संस्कृति या इतिहास-विशेष का आख्यान, न ही कोई खास जाति-भर। बल्कि हरेक भारतीय की आवाज है भारत माता, चाहे वह कमजोर हो या मजबूत। उन आवाजों में गहरे पैठी जो खुशी है, जो भय और जो दर्द है, वही है भारत माता। भारत माता की यह आवाज सब जगह है। भारत माता की इस आवाज को सुनने के लिए आपकी अपनी आवाज को, आपकी इच्छाओं को, आपकी आकांक्षाओं को चुप होना पड़ेगा। भारत माता हर समय बोल रही हैं। भारत माता किसी अपने के कान में कुछ न कुछ बुदबुदाती है, मगर तभी-जब उस अपने का आत्म पूरी तरह से शांत हो, जैसे एक ध्यानमग्न मनुष्य का मौन। सब कुछ कितना सरल था। भारत माता की आत्मा का वह मोती जिसे मैं अपने भीतर की नदी में खोज रहा था, सिर्फ भारत माता की सभी संतानों के हहराते हुए अनंत समुद्र में ही पाया जा सकता है। भारत माता को देवी स्वरूप में प्रतिष्ठित कर उनकी जय-जयकार करने वालों को राहुल गांधी की ये बातें शायद ही समझ आएं। मगर देश को भारत माता के बारे में श्री गांधी के इन विचारों पर गौर करना चाहिए। वर्ना इतिहास का अधकचरा ज्ञान देश की आजादी को लील जाएगा।

# अंतरिक्ष मिशन में भारत की ऐतिहासिक सफलता

-सनत जैन-

अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-3 अपने लक्ष्य के बिल्कुल नजदीक पहुंच गया है। जल्द ही यह चंद्रमा पर लैंड करेगा। सारी दुनिया के देशों में इतिहास के पन्नों में भारत का नाम इस असाधारण सफलता के लिए दर्ज होगा। चंद्रयान 3 के प्रोपल्शन माड्यूल और लेंडर माड्यूल चंद्र की कक्षा में सफलतापूर्वक अलग-अलग हो गए हैं। यान से अलग होकर लैंडर अब चंद्रमा की सतह पर चक्कर लगा रहा है। चंद्रमा से मात्र 100 किलोमीटर की दूरी पर चक्कर लगा रहा है। 23 अगस्त को शाम को लैंडर विक्रम की चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की तैयारी सफलतापूर्वक हो गई है। इस लेंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद भारत अंतरिक्ष की दौड़ में शीर्ष पर पहुंच गया है। जल्द ही भारत चंद्रमा को लेकर ऐसे नए-नए खुलासे करेगा। जिससे प्रक्रति और मानव उत्थान के नए रहस्य उजागर होंगे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की यह सबसे बड़ी सफलता है। जैसे ही यान से लेंडर अलग हुआ। उसके बाद इसरो सहित देश के सभी हिस्सों में खुशी की लहर दौड़ गई। 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान 3 मिशन चांद की ओर रवाना हुआ था। 1 अगस्त को सिलनगशाट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर वह चंद्रमा की कक्षा में 5 अगस्त को प्रवेश कर गया था। 16 अगस्त को अंतरिक्ष की सभी कक्षाओं को पार करके चंद्रमा के कक्ष में पहुंच गया है। यान से सफलता पूर्वक लैंडर मॉड्यूल अलग हो गया। 23 अगस्त को लेंडर चंद्रमा में लैंड करेगा। 6 पहियों वाला यह रोवर प्रज्ञान अंतरिक्ष के कई ऐसे रहस्य को उजागर करने वाला होगा। जिनकी जानकारी अभी तक दुनिया को नहीं है। चंद्रमा की सतह पर जो जो वातावरण है, खनिज है, चंद्रमा के जीवन को लेकर तथा ब्रह्मांड में पर्यावरण और आने वाली कठिनाइयों का कारण जानने के लिए यह मुहिम सारी दुनिया को एक नया रास्ता दिखाएगी। अभी तक चंद्रमा में जो भी खोज हुई है। वह खोज भूमध्य रेखीय क्षेत्र में और चंद्र भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण के कुछ हिस्सों में हुई है।

उस हिसाब से यह मिशन सारी दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत के वैज्ञानिकों ने चंद्र यान मिशन में जिस तरह की सफलता प्राप्त की है। उसे दुनिया के बड़े-बड़े देश चौंक गए हैं। एक बार फिर इसरो का डंका सारी दुनिया में बज गया है। इसरो के वैज्ञानिकों को इस सफलता के लिए जितनी भी बधाई दी जाए, वह कम है। सेटेलाइट के क्षेत्र में भी इसरो ने सारी दुनिया मे अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में सारी दुनिया के देशों का नेतृत्व करने के लिए अब भारत तैयार हो गया है। भारत मे शोध को लेकर सरकारों द्वारा वह सुविधा नहीं दी जाती है। जो उन्हें मिलनी चाहिए। शोध कार्यो के लिए यदि सरकार हर किस्म के संसाधन उपलब्ध कराए, तो भारत सारी दुनिया का सिरमौर बन सकता है। भारत के जुगाडू दिमाग का सारी दुनिया लोहा मानती है। चंद्रयान की सफलता के बाद, सरकार को इस दिशा में विशेष रूप से, इसरो और अन्य संस्थान जो शोध के माध्यम से नई नई सफलताएं अर्जित कर रहे हैं।उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

# 'इंडिया' दिखाए चुस्ती-फुर्ती, तभी बनेगी बात

-शकील अख़्तर-

नाम 'इंडिया' बहुत अच्छा है। सत्ता पक्ष में खलबली मचा दी।ङ्कनाम ने भोकाल मचा दिया। मगर वही बात है कि नयनसुख रखने से ही तोदुनिया के नजारे नहीं दिखेंगे। घर से निकलना पड़ेगा। जाना पड़ेगा। बंगलुरू की मीटिंग में इन्डिया नाम रखा था। 17-18 जुलाई को थी मीटिंग। मगर उसके बाद अगली 31 अगस्त 1 सितम्बर को। इतना गेप क्यों?ङ्करेस में घोड़ा दौड़ता बाद में है पहले तो अपनी चुस्तीफुर्ती से ही दिखाता है कि वह जीत सकता है।

नाम नयनसुख रख दिया। मगर बच्चे को घर से बाहर जाने ही नहीं दे रहे! क्यावह दुनिया देखेगा? क्या वह करेगा? नाम 'इंडिया' बहुत अच्छा है। सत्ता पक्ष में खलबली मचा दी। प्रधानमंत्री तककभी इसकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हैं तो कभी घमंडिया कहते हैं।मीडिया से कह दिया कि बिन्दी लगा लगाकर लिखो! नाम ने तो भोकाल मचा दिया। मगर वही बात है कि नयनसुख रखने से ही तो दुनिया के नजारे नहीं दिखेंगे। घर से निकलना पड़ेगा। जाना पड़ेगा। बंगलुरू की मीटिंग में इन्डिया नाम रखा था। 17-18 जुलाई को थी मीटिंग।मगर उसके बाद अगली 31 अगस्त 1 सितम्बर को। इतना गेप क्यों?

समय तो बचा नहीं है। सात महीने से भी कम बचे हैं। मार्च का पहला हफ़्ताखत्म होते ही 2019 में चुनाव की घोषणा हो गई थी। इस बार उस समय तो होगीही। उससे पहले भी घोषणा हो सकती है। मोदी जी ने तो अगले साल फिर लाल किले पर आने का वादा कर दिया। उन्हेंविश्वास है अपनी मेहनत पर। 2019 जीतने के बाद से वे यही तो कर रहे हैं। चुनाव चुनाव! केवल चुनाव की तैयारी। उनकी तैयारी पूरी है। यहां अभीविश्राम की स्थिति है।

पहले ऐसा ही होता था सेना सोती रहती थी हमला हो जाता था। जीतने वाले सभीऐसा ही करते थे। पटना में 23 जून के पहली बैठक हुई थी। इससे पहले एक पटनाकी ही केंसिल हो चुकी थी। विपक्षी दलों को भरोसा नहीं था। एक दूसरे पर भीऔर खुद पर भी। नीतीश कुमार ने इस साल फरवरी में सीपीआई (एमएल) के पटना केराष्ट्रीय अधिवेशन में सबसे पहले विपक्षी एकता की बात करते हुये कहा थाकि अगर हम मिल कर लड़ लिए तो भाजपा को सौ के नीचे रोक देंगे।

उसके बाद से नीतीश लगातार सक्रिय रहे। सारे विपक्षी नेताओं से मिले और 12जून को पटना में पहली मीटिंग रखी। मगर उस समय तक विपक्ष में हौसला नहींआया था। नतीजा 12 जून की बैठक केंसिल हो गई। फिर 23 जून को पटना मेंमिले। 15 दल। उसमें से भी केजरीवाल प्रेस कान्फ्रेंस से पहले निकल गए यहकहते हुए कि जब तक कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश का विरोध करने की घोषणा नहींकरेगी वे विपक्ष के एकता के प्रयासों में शामिल नहीं होंगे।

दस साल से मुख्यमंत्री हैं। एक और राज्य पंजाब में सरकार बना ली। मगरक्या इतनी राजनीति नहीं जानते कि कांग्रेस किसी भी हालत में अध्यादेश कासमर्थन कर ही नहीं सकती। इस लेकर बेवजह का विवाद आम आदमी पार्टी ने मचारखा था। कांग्रेस के भी दिल्ली के कुछ नेता इस यह कहकर और बढ़ा रहे थे किकांग्रेस को अध्यादेश पर केजरीवाल का साथ नहीं देना चाहिए। उनकी भी समझमें नहीं आ रहा था कि कांग्रेस का केजरीवाल का साथ देना सैकंडरी बात है।

पहली बात यह है कि अध्यादेश देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है। पहले जम्मूकश्मीर के दो भाग करके और पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करके उसके अधिकारखत्म किए गए। अब दिल्ली के। अगर एक होकर इस तानाशाही के खिलाफ नहीं लड़ागया तो फिर सब राज्यों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलना पक्का है।

कांग्रेस ने अध्यादेश का स्थान लेने के लिए लाए विधेयक का पुरजोर विरोधकिया। और यहां तक कि राज्यसभा में मतदान के लिए पूर्व प्रधानमंत्रीमनमोहन सिंह को व्हील चेयर पर लाया भी गया। केजरीवाल को कुछ तो अहसास हुआहोगा। तभी उन्होंने मनमोहन सिंह को और कांग्रेस को विशेष धन्यवाद दिया।मगर उन्हें मनमोहन सिंह से जाकर माफी मांगना चाहिए थी। क्या क्या नहींकहा था मनमोहन सिंह के खिलाफ। और मनमोहन सिंह ने एक ही बात कही था किइतिहास बताएगा कि कौन सही था?

और इतिहास ने मनमोहन सिंह के जीते जी यह बता दिया कि वे ही सही थे।इतिहास न्याय करता है इसमें कोई शक नहीं मगर जीते जी भी करता है यह कमदेखने को मिलता है। मगर इन दिनों जब अन्याय ज्यादा होने लगा है तो इतिहासभी न्याय जल्दी करके यह दिखा रहा है कि जो भी है अच्छा बुरा यहीं इसीदुनिया में देखने को मिलता है।

लालकृष्ण आडवाणी जो भाजपा को बनाने वाले सबसे बडे नेता हैं। वे आजनिर्वासन में जी रहे हैं। अभी इसी 15 अगस्त को मंगलवार को उनका एक चित्रआया। अकेले अपनी बेटी के साथ झंडारोहण कर रहे हैं। भाजपा का कोई नेतानहीं। उनके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया गया, इसका जवाब किसी के पास नहींहै। और अगर जिन्ना के मजार पर जाना गुनाह है तो प्रधानमंत्री मोदी तोबिना बुलाए अचानक नवाज शरीफ के यहां शादी में पहुंच गए थे। और मुरलीमनोहर जोशी का तो एक अपराध कोई बता नहीं सकता।

उमा भारती से लेकर विनय कटियार, तोगड़िया सबको सीन से हटा दिया गया। क्यों? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। मगर शायद इतिहास दे। और इतिहास जबदेता है तो बहुत निर्ममता के साथ देता है। जैसा आडवानी को दे रहा है। देशमें नफरत और विभाजन की राजनीति आडवानी ने ही शुरू की थी। और अपनों की नफरत का शिकार होकर आज वे अकेले पड़े हैं। मीडिया तक को उनकी याद नहींहै। आजाद भारत में मीडिया को उनसे ज्यादा किसी ने नहीं दिया। अपनीविचारधारा के सारे पत्रकारों को उन्होंने संपादक बना दिया। राज्यसभा देदी। जिसने जो चाहा मिला। मीडिया मालिकों को भी। मगर आज कोई उनका हालपूछने नहीं जाता।

भारत का मीडिया सबसे ज्यादा कृतध्न समुदाय है। आज मोदी जी काभक्त बना हुआ है। मगर मोदी जी की एक बात है वे आडवानी और कांग्रेस की तरहमीडिया को कुछ देते नहीं हैं। बस बहुत क्रान्ति कर रहे हो कहकर भय कामाहौल बनाए रखते हैं। और मीडिल क्लास की तरह जिसमें से ही निकलकर यहमीडिया आता है डरता रहता है। इसलिए राहुल ने सबसे पहले इसी मीडिया से तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेसके सम्मेलन में कहा था डरो मत!

## जल संकट का समाधान जरूरी

-सरिता-

अक्सर यह भविष्यवाणी की जाती है कि भविष्य में अगर कोई विश्व युद्ध हुआ तो वह पानी के मुद्दे पर लड़ा जाएगा. पानी की कमी आज के समय में बहुत बड़ा संकट बन चुका है. इस संकट से होने वाले दुष्परिणाम भी भंयकर हो रहे हैं. पानी की कमी से केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि पेड़, पौधों, पशु और पक्षियों को भी नुकसान पहुंचता है. धीरे धीरे यह संकट विकराल होता जा रहा है. हमें इस समस्या को गंभीर रूप से लेने की जरूरत है. राजस्थान देश का ऐसा राज्य है जहां के ग्रामीण क्षेत्रों को जल संकट का सबसे सामना करना पड़ता है. राज्य के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का बिंझरवाड़ी गांव भी इसका एक उदाहरण है, जहां पानी की कमी लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है. इसका सबसे अधिक खामियाजा महिलाओं को उठाना पड़ता है, जिनका प्रतिदिन आधे से अधिक समय पानी को जमा करने में ही बीत जाता है.

बिंझरवाड़ी गांव का इतिहास 600 साल पुराना है. माना जाता है कि इसे राजपूतों द्वारा बसाया गया था. इस गांव में बिंझा समुदाय की संख्या अधिक होने के कारण इसका नाम बिंझरवाड़ी गांव पड़ा है. गांव में लगभग 400 घर हैं जिसमें से बिंझा समुदाय के अतिरिक्त 40 घर सामान्य और करीब 50 घर राजपूत समुदाय के हैं. गांव की अधिकतर आबादी सिलाई-कढ़ाई और पशुपालन के अतिरिक्त थोड़ा बहुत खेती का काम करती है. शुरू से ही बिंझरवाड़ी गांव में पानी की काफी कमी थी, परंतु आज यह सबसे बड़ी समस्या बन गई है. इससे निपटने के लिए गांव के लोगों द्वारा एक जोहड़ (बावली) का निर्माण किया गया है. वर्ष 2004-05 में यहां करीब 400 बेरियां थीं, जो वर्तमान में घटकर 100 से 150 रह गई हैं. जहां से लोगों को पानी प्राप्त होता है. ग्रामीणों का कहना है कि एक बेरी में 1000 लीटर ही पानी निकाला जा सकता है. जहां से गांव की महिलाओं और किशोरियों को पानी के घड़ों को सर पर रख कर अपने घर तक जाना पड़ता है. गर्मी के दिनों में पानी के बिना लोगों का जीवन कितना मुश्किल हो जाता होगा और महिलाओं को पानी की व्यवस्था के लिए किस तरह संकटों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा लगाना भी कठिन है.

इस संबंध में गांव के निवासी 33 वर्षीय मुनि राम कहते हैं कि गांव में पानी की सबसे बड़ी समस्या है. इसके लिए गांव के लोगों ने बहुत संघर्ष किया है. वह पानी की व्यवस्था के लिए गांव के प्रधान, एसडीएम और तहसीलदार तक अपनी समस्या पहुंचा चुके हैं. यहां तक कि गांव वालों ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री कार्यालय तक अपनी आवाज उठाई है. काफी धरने प्रदर्शन भी किए गए. 2014 में एक स्थानीय गैर सरकारी संस्था 'आजाद युवा संगठन' का इस क्षेत्र में काफी योगदान रहा है. गांव वालों के लगातार संघर्ष से स्थिति में थोड़ा सुधार तो हुआ है, लेकिन समस्या अब भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है. मुनि राम बताते हैं कि अक्सर कई जगह पानी की बेरियों पर ताला लगा दिया जाता है, जो जातिवाद को नहीं, बल्कि पानी की समस्या को दर्शाता है. हालांकि पहले यह जातिवाद को दर्शाता था, क्योंकि पहले अलग अलग जातियों की अलग अलग बेरियां होती थीं. पानी की बेरियों पर ताला होता था.

वर्तमान में पानी लोगों के घरों तक पहुंचता है, जिसे स्थानीय नहर के माध्यम से सप्लाई की जाती है. लेकिन फिर भी आप महिलाओं को सिर पर घड़ा लिए हुए देख सकते हैं क्योंकि पानी पर्याप्त मात्रा में लोगों तक नहीं पहुंच पाता है. गांव के लोगों का कहना है कि गांव में पानी स्टोरेज की कमी है. यहां ऐसी व्यवस्था नहीं है कि अगर 1 या 2 महिने तक पानी न आए तो लोग अपना गुजारा कर सकें, उन्हें इसकी कोई समस्या न हो. इस संबंध में गांव की एक महिला यशोदा का कहना है कि यहां सबसे ज्यादा दिक्कत गर्मियों में होती है. बेरियों से प्रतिदिन लगभग 10 घड़े पानी निकाल कर लाना पड़ता है जिसमें पूरा दिन निकल जाता है. गांव में पाइपलाइन लग जाने के बाद भी 10 या 20 दिनों में एक बार उसमें पानी आता है. जब आता भी है तो वह पूरे गांव में एक समान रूप से नहीं आता है.

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# पीएम ने भारत में समतामूलक समृद्धि पर दो रिपोर्ट लिंक्डइन पर साझा की



नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया साइट लिंक्डइन पर एक पोस्ट में दो हालिया शोध रिपोर्टों का उल्लेख किया है जिनमें व्यक्तिगत आयकर रिटर्न की संख्या में उछाल और पुर्वोत्तर सहित सभी राज्यों के आंकड़ों में सुधार समतामूलक और सामूहिक समृद्धि की दिशा में भारत की उल्लेखनीय प्रगति को दशार्या गया है।इसमें एक रिपोर्ट एसबीआई रिसर्च और दूसरी आर्थिक विश्लेषक एवं पत्रकार अनिल पद्मनाभन की रिपोर्ट है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आयकर रिटर्न की संख्या की वृद्धि और विस्तार न केवल देश के लोगों की आय में वृद्धि बल्कि नियम कानून के अनुपान तथा सरकार के प्रति जन विश्वास में सुधार को दशार्ता है। पोस्ट के साथ लिंक्डइन पर श्री मोदी की टिप्पणी का लिंग दिया गया है जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा है, ह्यहाल ही में, मुझे दो गहरी जानकारी देने वाली दो शोधपरक टिप्पणियां देखने को मिलीं। भारत की अर्थव्यवस्था के साथ हृदय से जुड़े लोगों को ये रुचिकर लग सकती हैं। इनमें एक रिपोर्ट एसबीआई रिसर्च की और दूसरा प्रसिद्ध पत्रकार अनिल पद्मनाभन की है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि इन विश्लेषणों से ये तथ्य उजाकर होते हैं कि भारत समतामूलक और सामूहिक समृद्धि हासिल करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इसी संदर्भ में उन्होंने इन रिपोर्ट के कुछ आंकड़े भी साझा किए हैं।

प्रधानमंत्री ने लिखा है कि एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में आयकर विवरणों के आधार पर बताया गया कि देश में भारित औसत आय नौ वर्षों में 2013-14 के 4.4 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022- 23 में 13 लाख रुपये हो गई है। श्री मोदी ने श्री पद्मनाभन के आईटीआर डेटा के अध्ययन का अंश भी साझा किया है जिसमें दशार्या गया है कि वर्ष 2023-14 में आईटीआर भरने वाले 5-10 लाख रुपये वार्षिक आय वाले करदाताओं की संख्या 37 लाख से बढ कर लगभग एक करोड़ 11 लाख हो गयी। इसी तरह इस दौरान 10-20 लाख रुपये की सालाना आय वाले करदाताओं की संख्या 12 लाख चार हजार से बढ़ कर 45 लाख 55 हजार के करीब पहुंच गयी। इसी तरह 20 से 50 लाख रुपये की आय वाले करदाताओं की संख्या चार लाख दस हजार से बढ़ कर 19 लाख 20 हजार से ऊपर हो गयी।

इन नौ वर्षों में 50 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये की वार्षिक आय वाले करदाताओं की संख्या 80 हजार 500 से बढ़ कर 3.32 लाख और एक करोड़ से अधिक वर्षिक आय दिखाने वाले व्यक्तिगत करदाताओं की संख्या करीब 46 हजार 400 से बढ़ कर करीब एक लाख 70 हजार हो गयी।

प्रधानमंत्री ने लिखा कि उपरोक्त हर आयवर्ग में कर विवरण जमाकराने वालों की संख्या कम से कम तीन गुना बढ़ी है और कहीं इसमें करीब चार गुना उछाल आया है। उन्होंने लिखा है कि इस मामले में इन नौ वर्षों में सभी राज्यों से संबंधित आंकड़े अच्छे हुए हैं। उन्होंने इसी संदर्भ में लिखा है कि उत्तर प्रदेश सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल है। वहां इन नौ वर्षों में आय कर व्यक्तिगत विवरण भरने वाले करदाताओं की संख्या वार्षिक 1.65 लाख से बढ़ कर 11.92 लाख हो गयी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा है कि, हमारे छोटे राज्यों और खास कर पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड ने पिछले 9 वर्षों में आईटीआर फाइलिंग में 20 प्रतिशत से अधिक की सराहनीय वृद्धि प्रदर्शित की है। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि न केवल आय बढ़ी है बल्कि नियमों का अनुपालन भी बढ़ा है। और यह हमारी सरकार में लोगों के विश्वास की भावना का प्रकटीकरण है। प्रधानमंत्री ने कहा है, ये निष्कर्ष न केवल हमारे सामूहिक प्रयासों को दशार्ते हैं बल्कि एक राष्ट्र के रूप में हमारी क्षमता को भी दोहराते हैं। बढ़ती समृद्धि राष्ट्रीय प्रगति के लिए शुभ संकेत है। निस्संदेह, हम आर्थिक समृद्धि के एक नए युग के शिखर पर खड़े हैं और 2047 तक अपने विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## नएलसी इंडिया राजस्थान को सौर परियोजना से देगी 25 साल तक बिजली

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कोयला मंत्रालय के तहत आने वाले सरकारी क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने केंद्रीय लोक उपक्रम योजना के तहत बीकानेर में स्थापित की जा रही 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना से राज्य को बिजली आपूर्ति का 25 साल का समझौता समझौता किया है।

सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य की ओर से समझौते पर राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड ने हस्ताक्षर किए। नवरत्न केंद्रीय उपक्रम का दर्जा प्राप्त एनएसी ने प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा शुरू की गई सीपीएसयू योजना चरण-दो की कड़ी-3 में 510 मेगावाट सौर परियोजना क्षमता की परियोजना हासिल की है। इसके तहत बीकानेर जिले के बरसिंगसर में 300 मेगावाट सौर परियोजना क्षमता कार्यान्वित की जा रही है। इस परियोजना के लिए अभियांत्रिकी, उपकरण खरीद और निर्माण कार्य का ठेका टाटा पावर सोलर सिस्टम को दिया गया है। इसमें 300 मेगावाट सौर परियोजना के लिए विद्युत उपयोग समझौते पर एनएलसी इंडिया और आरयूवीएनएल के बीच गुरुवार को जयपुर में हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर आरयूवीएनएल के निदेशक डी.के. जैन और एनएलसी इंडिया के जीएम डी. पी. सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर राज्य सरकार और दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह परियोजना राजस्थान को उनके नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी। एनएलसीआईएल के पास वर्तमान में 1,421 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता है। कंपनी की कॉरपोरेट योजना के अनुसार वह 2030 तक 6,031 मेगावाट क्षमता स्थापित करने पर विचार कर रही है।

## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई** : विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 99.9 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 534.4 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34 करोड़ डॉलर कम होकर 44.3 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्रष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

### शक्कर मजबूत, खाद्य तेलों में नरमी, दलहनों में बढ़त, दालें महंगी, चावल सामान्य

**इंदौर** : सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली से मजबूत बताई गई। खाद्य तेलों में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहनों में खरीदी से भाव बने रहे। दलहनों में उठाव बना रहा इससे भाव में तेजी हुई। दाल में भाव ऊंचे बोले गए। चावल में कामकाज सामान्यवत रहा। भाव मजबूती लिए रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा गोला लिवाली से ऊंचा बना रहा। साबूदाना में खरीदी रही।

खाद्य तेल मांग सुस्ती से? भाव कम हुए। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहनों में उठाव बताया गया इससे सोयाबीन, सरसों मजबूत रही। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मूंग मजबूत बताई गई। दालों में उठाव से सभी तरह की दालों के भाव में तेजी रही। चावल में उठाव साधारण बताया गया।

### खाद्य तेल व दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नयी दिल्ली** : विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के साथ ही दाल-दलहन के भाव में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 39 रिंगिट फिसलकर 3855 रिंगिट प्रति टन पर आ गया।

वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की तेजी लेकर 63.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया जबकि सोया रिफाइंड 147 रुपये और पाम ऑयल में 67 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे। अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

### शाओमी इंडिया की कौन बनेगा करोड़पति के साथ साझेदारी

**नयी दिल्ली** : स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी शाओमी इंडिया ने टेलीविजन शो- कौन बनेगा करोड़पति के साथ गठबंधन किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे इस लोकप्रिय शो के टेक्नॉलॉजी क्वोशेंट बढ़ाने वाले टेक्नॉलॉजी इंटीग्रेशन के साथ यह गठबंधन प्रतियोगियों को दोस्त को वीडियो कॉल करें लाईफलाईन लेने का एक नया तरीका पेश करेगा। उसने कहा कि यह शो के नए सीजन में ह्यदोस्त को वीडियो कॉल करेंह्न लाईफलाईन शाओमी की 5जी डिवाईस द्वारा पॉवर्ड होगी। यह लाईफलाईन प्रतियोगियों को गेम के दौरान वीडियो कॉल द्वारा अपने दोस्तों से कनेक्ट होने और निर्णय लेने में समर्थ बनाएगी। इस शो की मेजबानी महानायक अमिताभ बच्चन करते हैं। यह शो अपनी शुरूआत से ही ज्ञान व मनोरंजन के अपने मिश्रण के साथ दर्शकों के दिल में उतर गया।

### होंडा ने लांच की नई मोटरसाइकिल लीवो

**नयी दिल्ली** : दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज ओबीडी2 कम्प्लायन्ट 2023 होंडा लीवो लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि स्टाइल, आराम और परफोर्मेन्स का बेहतरीन संयोजन यह मोटरसाइकिल 110 सीसी सेगमेन्ट में सबसे स्टाइलिश और अडवान्स्ड कम्यूटर मोटरसाइकिल है जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 78500 रुपये है।

यह उपभोक्ताओं के लिए राइडिंग के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने और उन्हें मन की शांति प्रदान करने के प्रयासों के तहत लाँच की गयी है। 2015 में अपनी शुरूआत के बाद से लीवो इस कैटेगरी में महत्वाकांक्षी खरीददारों की पसंदीदा मोटरसाइकिल रही है और अब ओबीडी2 नियमों की शुरूआत के साथ इस अपील को नई ऊँचाईयों तक ले जाने की कोशिश की जा रही है।

नई लीवो होंडा के आधुनिक एन्हान्स्ड स्मार्ट पावर से युक्त ओबीडी2 कम्प्लायन्ट पीजीएम एफआई इंजन के साथ आती है।

# व्यापार, निवेश पर जी20 की मंत्रिस्तरीय बैठक 24 अगस्त से जयपुर में , आम सहमति बनाने का होगा प्रयास

**नयी दिल्ली** : जी20 की व्यापार और निवेश संबंधी मुद्दों पर दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक 24 अगस्त को जयपुर में शुरू होगी जिसमें इस समूह की भारत की अध्यक्षता के दौरान समूह के प्रतिनिधियों की बातचीत, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने, वैश्विक व्यापार में छोटे-मझोले उद्यमों को भी पिरोने और विश्व व्यापार संगठन में सुधार जैसे व्यापार एवं निवेश से संबंधित मुद्दों कार्रवाई को लेकर भारत के प्रस्तावों पर आम सहमति बनाने पर केंद्रित होगी। यह जानकारी शुक्रवार को यहां अधिकारियों ने दी।




वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बरथवाल और उद्योग विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले जी20 के अगले माह होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले इस वैश्विक मंच के व्यापार और निवेश कार्य समूह की चौथी तथा आखिरी बैठक 21-22 अगस्त को जयपुर में ही आयोजित की गयी है। इस कार्यसमूह की पहली तीन बैठकें क्रमशः मुंबई, बेंगलुरु और केवडिया में हुई थीं। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि जयपुर में होने जा रही दोनों बैठकों में जी 20 के सदस्य देशों, आमंत्रित देशों, क्षेत्रीय समूहों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के व्यापार मंत्रियों/सचिवों और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों सहित 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में बंगलादेश, मिस्त्र, नीदरलैंड, ओमान, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात को आमंत्रित देश का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जयपुर में इन महत्वपूर्ण बैठकों का विचार-विमर्श जी20 के वर्तमान अध्यक्ष भारत ओर से प्रस्तावित किए गए कार्रवाई-उन्मुख प्रस्तावों को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक व्यापार और निवेश से संबंधित मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर केंद्रित होगा। व्यापार एवं निवेश पर जी20 के कार्यसमूह की पहली और दूसरी बैठकों के दौरान चर्चा में पांच प्राथमिकता वाले मुद्दे- विकास और समृद्धि के लिए व्यापार, व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखला की दृढ़ता, वैश्विक व्यापार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को पिरोना, व्यापार के लिए लॉजिस्टिक्स और विश्व व्यापार संगठन के नियम और प्रक्रियाओं में सुधार लिए गए थे।

सदस्य देशों और विशेषज्ञ भागीदारों की चचाओं और सुझावों के आधार पर अध्यक्ष भारत ने मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए वक्तव्य का मसौदा और प्रत्येक प्राथमिकता वाले मुद्दे पर कार्रवाई-उन्मुख ठोस प्रस्ताव तैयार किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस समय वैश्विक व्यापार के समक्ष आ रही चुनौतियों के बीच भारत की अध्यक्षता में तैयार प्रस्तावों में कहा गया है कि जी20 के लिए यह उपयुक्त समय है कि यह समूह समावेशी विकास, नवाचार, रोजगार सृजन और स्वास्थ्य से जुड़े हमारे साझा उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए डब्ल्यूटीओ को केंद्र में रख कर नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में अपनी निष्ठा की पुष्टि पुनः घोषित करें। अधिकारियों ने बताया कि जी20 की भारत की अध्यक्षता में व्यापार और निवेश के मुद्दों पर कार्यवाई के लिए सुझाए जा रहे प्रस्तावों में कागज रहित व्यापारिक लेन-देन प्रणाली को प्रोत्साहित करने, छोटी मात्रा के वाणिज्यक माल को भेजने की लागत कम करने ,अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के एकीकरण में बाधाओं को दूर करना , वैश्विक मूल्य श्रृंखला को कोविड जैसे भविष्य के किसी भी झटक को झेलने में समर्थ बनाने पर बल दिया जा रहा है। अधिकारियों के चूँकि विश्व व्यापार का 70 प्रतिशति वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के माध्यम से प्रकट होता है इसलिए इस श्रृंखला को संभावित चुनौतियों से देखेंगे। की दृष्टि से अधिक जुझारू तथा समर्थ बनाना जरूरी है। इन प्रस्तावों में डब्यूटीओ की आगामी तेरहवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में संगठन में सुधार की दृष्टि से सार्थक परिणाम प्राप्त करने पर भी बल दिया जा रहा है।

जयपुर में आने वाले प्रतिनिधियों के लिए भारतीय चाय, कॉफी, मसालों और बाजरा की विस्तृत विविधता को प्रदर्शित करने के लिए एक अनुभव क्षेत्र स्थापित किया जाएगा, और गुलाबी शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए जयपुर अनुभव पर एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# रक्षाबंधन पर भाइयों के लिए आईटीसी योगा बार की पेशकश

**नयी दिल्ली** : भाई बहन के प्यार के त्यौहार रक्षाबंधन पर एक दूसरे को उपहार देने की तैयारियों के लिए भाइयों के लिए आईटीसी योगा बार की पेशकश की गयी है।



आईटीसी के उत्पाद को उपहार के तौर देने की पेशकश की गयी है। आज की तेज गति वाली लाइफस्टाइल में भाई की पसंद और उसके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद उपहार ढूंढना एक चुनौती से कम नहीं होगी। आईटीसी योगा बार पेश करते हैं एक बेहतरीन गिफ्टिंग समाधान, जिसमें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद खूबियां एवं आकर्षक फ्लेवर का मिश्रण होगा, जो भाई को जरूर खुश करेंगे। योगा बार के डेजर्ट बार दिल के लिए एक नुकसान रहित विकल्प बनते हैं। संपूर्ण खाद्य सामग्रियों एवं प्राकृतिक स्वीटनर्स से बनाए गये यह बार मीठा खाने के शौक को पूरा करने के लिए उसके स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करने देंगे। कंपनी के डार्क चॉकलेट क्रंची पी-नट बटरः एक ऐसा गिफ्ट जो स्वाद और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होने के साथ दिल की खुशी भी प्रदान करेगा। योगा बार का डार्क चॉकलेट पी-नट बटर भी एक सर्वोत्तम उपहार हो सकता है। यह खुशनुमा ट्रीट सिर्फ एक स्प्रेड नहीं बल्कि स्वाद का अनुभव भी प्रदान करेगी। इस मौके पर योगा बार का एसॉर्टेड प्रोटीन बार को गिफ्ट में देने के लिए परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह बार ना केवल उसे स्वाद का आनंद देगी बल्कि उसके स्वास्थ्य को अच्छा रखने की कोशिशों में भी मदद करेगी।

इसमें प्रोटीन के साथ डबल चॉकलेट, आमंड फज और हेजलनट जैसे अलग-अलग फ्लेवर शामिल हैं, जो इसे एक खुशनुमा और पौष्टिक स्नैक्स बनाते हैं। जिम में वर्कआउट करने के बाद या फिर ऑफिस में व्यस्त समय के बीच, यह प्रोटीन बार उसे दिन के किसी भी वक्त एनर्जी देने का काम करेंगे।

## जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार

**नयी दिल्ली** : वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के तौर पर शुरू किये गये प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के नौ वर्ष पूरे होने से पहले ही इसके तहत खुले खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच गयी है और इन खातों में 2.03 लाख करोड़ रुपये जमा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल की शुरूआत में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से वित्तीय समावेशन के लिए योजना शुरू किये जाने की घोषणा की थी और 28 अगस्त 2014 को यह योजना शुरू की गयी। अब इस योजना के लगभग 9 साल पूरे होने वाले हैं। बैंकों द्वारा दी गयी नयी रिपोर्ट के अनुसार 9 अगस्त 2023 तक जन धन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है। इन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इन खातों में जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये है। इन खाता धारकों को लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। पीएमजेडीवाई खातों में औसत शेष राशि 4,076 रुपये है और 5.5 करोड़ से अधिक जनधन खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण (डीबीटी) लाभ हस्तातंरित किये जा रहे हैं। यह योजना देश के वित्तीय परिदृश्य को बदलने में सफल रही है। पीएमजेडीवाई की सफलता प्रौद्योगिकी, सहयोग और नवाचार के माध्यम से अंतिम व्यक्ति को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का प्रयास है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों को कई लाभ मिलते हैं जैसे न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता के बिना बैंक खाता, दो लाख रुपये के दुर्घटना बीमा के साथ मुफ्त रुपे डेबिट कार्ड तथा 10 हजार रुपये की ओवरड्राफ्ट सुविधा मिल रही है।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरा, सेंसेक्स में 202 अंकों की कमी

**मुंबई** : अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद धूमिल होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, पावर और धातु समेत सत्रह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.36 अंक की गिरावट लेकर 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 64,948.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 55.10 अंक उतरकर 19,310.15 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिड कैप 0.41 प्रतिशत टूटकर 30,265.32 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत गिरकर 35,283.32 अंक पर रहा।




इस दौरान बीएसई में कुल 3748 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2086 में बिकवाली जबकि 1526 में लिवाली हुई वहीं 136 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 39 कंपनियां गिरावट जबकि 10 तेजी पर रहीं वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.10, सीडी 0.27, ऊर्जा 0.33, वित्तीय सेवाएं 0.31, हेल्थ केयर 0.60, इंडस्ट्रीयल्स 0.36, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.62, ऑटो 0.14, बैंकिंग 0.06, कैपिटल गुड्स 0.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.57, धातु 0.88, तेल एवं गैस 0.46, रियल्टी 0.73 और टेक समूह के शेयर 1.26 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शेयरों के भाव उतर गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.68, जर्मनी का डैक्स 0.52, जापान का निक्केई 0.55, हांकांग का हैंगसेंग 0.55 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 1.00 प्रतिशत कमजोर रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 125 अंक की गिरावट लेकर 65,025.71 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 64,754.72 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद लिवाली होने से यह 65,175.32 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच लेकिन कारोबार के अंतिम चरण में फिर गिर गया और अंत में पिछले दिवस के 65,151.02 अंक की तुलना में 0.31 प्रतिशत उतरकर 64,948.66 अंक पर आ गया।

निफ़्टी भी 64 अंक गिरकर 19,301.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,253.60 अंक के निचले जबकि 19,373.80 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,365.25 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत टूटकर 19,310.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स की 21 कंपनियों में गिरावट रही। टी सी एस ने सबसे अधिक 2.14 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही टेक महिंद्रा 1.80, इंफोसिस 1.59, विप्रो 1.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.31, पावर ग्रिड 1.23, सन फार्मा 1.00, टाइटन 0.76, एलटी 0.49, एचडीएफसी बैंक 0.36, एनटीपीसी 0.28, टाटा स्टील 0.26, एचसीएल टेक 0.20, भारती एयरटेल 0.07 और आईसीआईसीआई बैंक ने 0.02 प्रतिशत का नुकसान उठाया। वहीं, मारुति 0.98, नेस्ले इंडिया 0.76, रिलायंस 0.75, ऐक्सिस बैंक 0.67, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.48, टाटा मोटर्स 0.36, आईटीसी 0.24, एस बी आइ 0.17 और अल्ट्रासिमको ने 0.15 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 125 अंक की गिरावट लेकर 65,025.71 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 64,754.72 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद लिवाली होने से यह 65,175.32 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच लेकिन कारोबार के अंतिम चरण में फिर गिर गया।

### बारिश के कारण डकवर्थ-लुईस नियम के तहत निकाला गया निष्कर्ष

# भारत ने 2 रन से जीता पहला टी-20 मैच



टीम इंडिया के युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी ढाया कहर। अपने चार ओवर के स्पैल में 32 रन देकर झटके दो महत्वपूर्ण विकेट।

**डबलिन, एजेंसी।** टीम इंडिया ने आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत दो रन से जीत हासिल की। शुक्रवार को डबलिन के मालाहाइड क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में आयरलैंड ने भारत को जीत के लिए 140 रनों का टारगेट दिया था। जवाब में भारतीय टीम ने जब 6.5 ओवरों में दो विकेट पर 47 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई। बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो पाया और भारत को विनर घोषित कर दिया गया।

भारतीय टीम को यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ ने जबरदस्त शुरुआत दी, जिसके चलते मेन इन ब्लू ने छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाए थे। पारी के सातवें ओवर में क्रेग यंग ने भारत को दो तगड़े झटके दिए। सबसे पहले उन्होंने यशस्वी जायसवाल को कप्तान पॉल स्टर्लिंग के हाथों कैच आउट कराया। जायसवाल ने 23 गेंदों पर 24 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक सिक्स शामिल रहा। फिर यंग ने अगली गेंद पर तिलक वर्मा को विकेट के पीछे लोर्कन टकर के हाथों कैच कराया।

तिलक अपना खाता भी नहीं खोल पाए। तिलक के आउट होने के बाद भारतीय पारी में सिर्फ दो गेंदों का खेल हो पाया। संजू सैमसन एक और ऋतुराज गायकवाड़ 19 रन (एक चौका और एक सिक्स) बनाकर नाबाद रहे। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी20 मुकाबला 20 अगस्त को खेला जाएगा। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी आयरिश टीम की शुरुआत काफी खराब रही। चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर सलामी बल्लेबाज एंड्रयू बालबर्नी (4) को बोल्ड कर दिया, जबकि इसी ओवर में बुमराह ने पांचवीं गेंद पर लोर्कन टकर (0) को विकेट के पीछे संजू सैमसन को कैच कराया।

चौथे ओवर की समाप्ति के बाद बुमराह ने टी20 क्रिकेट में डेब्यू करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को गेंद सौंपी, जिन्होंने हैरी टेक्टर (9) को पवेलियन भेजा। तिलक वर्मा ने टेक्टर का आसान कैच लपका। फिर स्पिन गेंदबाज रवि बिश्नोई ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (11) को आउट किया। पावरप्ले में आयरलैंड के चार विकेट 27 रन पर गिर गए थे। पावरप्ले के बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने जॉर्ज डॉकरेल (3) को कवर पर ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों लपकवाया। डॉकरेल के आउट होने के समय आयरलैंड का स्कोर 6.3 ओवरों में पांच विकेट पर 31 रन था। कर्टिस कैम्फर ने आते ही रिवर्स स्वीप के जरिए चौका लगाया, जबकि मार्क अडायर (16) ने दो चौके लगाकर आयरलैंड को 50 रनों के पार पहुंचा दिया।

### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| एंडी बैलबर्नी बो.बुमराह | 4 | 2 | 1/0 |
| पॉल स्टर्लिंग बो.बिश्नोई | 11 | 11 | 1/0 |
| लोर्कान टकर कै.सैमसन बो.बुमराह | 0 | 3 | 0/0 |
| हैरी टेक्टर कै.तिलक बो.पी कृष्णा | 9 | 16 | 1/0 |
| कर्टिस कैमफ़र बो.अर्शदीप | 39 | 33 | 3/1 |
| डॉकरेल कै.गायकवाड़ बो.कृष्णा | 1 | 3 | 0/0 |
| ऐडेयर पगबाधा बो.बिश्नोई | 16 | 16 | 2/0 |
| बैरी मक्कार्थी नाबाद | 51 | 33 | 4/4 |
| यंग नाबाद | 1 | 4 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 7, **कुल:** 20 ओवर में 139/7, **विकेट पतन:** 1-4, 2-4, 3-27, 4-27, 5-31, 6-59, 7-116, **गेंदबाज़ी:** जसप्रीत बुमराह 4-0-24-2, अर्शदीप सिंह 4-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-32-2, रवि बिश्नोई 4-0-23-2, शिवम दुबे 1-0-6-0, वॉशिंगटन सुंदर 3-0-19-0.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल कै.स्टर्लिंग बो.यंग | 24 | 23 | 3/1 |
| गायकवाड़ नाबाद | 19 | 16 | 1/1 |
| तिलक वर्मा कै.टकर बो.यंग | 0 | 1 | 0/0 |
| सैमसन नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 3, **कुल:** 6.5 ओवर में 47/2, **विकेट पतन:** 1-46, 2-46, **गेंदबाज़ी:** मार्क ऐडेयर 1-0-10-0, जॉश लिटिल 3-0-20-0, बैरी मक्कार्थी 2-0-14-0, क्रेग यंग 0.5-0-2-2.

### मैकार्थी ने जड़ा तूफानी अर्धशतक

बिश्नोई ने अडायर को एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को छठी सफलता दिलाई। 59 रन पर छठा विकेट गिरने के बाद भारतीय फैन्स को उम्मीद थी कि आयरलैंड की पारी जल्द समाप्त हो जाएगी, लेकिन कर्टिस कैम्फर और बैरी मैकार्थी के इरादे कुछ और ही थे। कैम्फर और मैकार्थी ने सातवें विकेट के लिए 57 रनों की पार्टनरशिप करके आयरलैंड को सात विकेट पर 139 रनों के स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। बैरी मैकार्थी ने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला अर्धशतक जड़ते हुए 33 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए। मैकार्थी ने अपनी पारी में 4 छक्के और इतने ही चौके लगाए। वहीं कर्टिस कैम्फर ने 33 गेंदों का सामना करते हुए 39 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक सिक्स शामिल रहा। पारी के आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह ने 22 रन खर्च किए। भारत की ओर से रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा और जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट चटकाए।






चोट के सालभर बाद वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने चटकाए 2 विकेट। इनसेट: विकेट का जश्न मनाते बिश्नोई।

## एक नजर

### भवानी को फ्रांस में प्रशिक्षण लेने के लिए मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने भारतीय फेंसर भवानी देवी को फ्रांस के ऑर्लियन्स में स्थित बाउर फेंसिंग अकादमी में अपना प्रशिक्षण जारी रखने की मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुए शुक्रवार को कहा कि फ्रांस के लिए उनके अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर को आठ महीने की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है। इसमें उनके प्रशिक्षण शिविर की लागत, हवाई किराया, आवास लागत, स्थानीय परिवहन लागत, फिजियोथेरेपी, प्रशिक्षण शुल्क, लाइसेंस शुल्क और बीमा लागत शामिल होगी।

### भारतीय दृष्टिबाधित जूडो टीम बर्मिंघम रवाना

**लखनऊ, एजेंसी।** भारत की 16 सदस्यीय दृष्टिबाधित जूडो टीम 18 से 27 अगस्त के बीच आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को दिल्ली से इंग्लैंड के बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों के लिए इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन ने इंडियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट, हज़रतगंज, में प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया था, जिसमें जापानी कोच सोमा नगाऊ ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं महाराष्ट्र से 10 खिलाड़ी एवं छह ऑफीशियल्स भाग ले रहे हैं। यह जानकारी इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया ने दी।

### जूनियर महिला हॉकी टीम चार देशों के टूर्नामेंट के लिए तैयार

**डसेलडोर्फ, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने चार देशों के टूर्नामेंट 'डसेलडोर्फ 2023' का आगाज 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मुकाबले से करेगी। टीम का मुकाबला 20 अगस्त को इंग्लैंड से और 22 अगस्त को स्पेन से होगा। फाइनल 23 अगस्त को होगा। यह टूर्नामेंट आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 की तैयारियों का हिस्सा होगा, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच सैंटियागो, चिली में खेला जाएगा। भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी प्रीति करेंगी, जबकि रुतुजा दादासो पिसल उपकप्तान हैं। प्रीति ने कहा, हम गहन प्रशिक्षण सत्र कर रहे हैं। तैयारियां वास्तव में अच्छी रही हैं, और हमारा पिछला प्रदर्शन खिलाड़ियों के लिए काफी आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। हमारे पास दिसंबर में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 है।

## हॉकी: भारत ने स्पेन को 6-2 से हराया

### जूनियर टीम ने 'डसेलडोर्फ 2023' में की जीत से अपने अभियान की शुरुआत

**डसेलडोर्फ, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को स्पेन पर 6-2 की रोमांचक जीत के साथ चार देशों के टूर्नामेंट 'डसेलडोर्फ 2023' में अपने अभियान की शुरुआत की। रोहित ने 28वें मिनट और 45वें मिनट में गोल दागा। वहीं सुदीप चिरमाको ने 35वें मिनट और 58वें मिनट पर गोल कर टीम के विजय पथ को प्रशस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा अमनदीप लाकड़ा (25) और बॉबी सिंह धामी (53) ने भी गोल करके भारत के जीत के अंतर को बढ़ाने में मदद की। स्पेन के लिए निकोलस अल्वारेज़ ने शुरुआती मिनट में गोल दागा, जबकि गुइउ कोरोमिनास ने 23वें मिनट पर भारतीय खेमे पर आक्रमण किया। स्पेन ने मैच की मजबूत शुरुआत की और निकोलस अल्वारेज़ (1) ने पहले मिनट में ही फील्ड गोल करके भारत पर दबाव बना दिया।

भारतीय टीम ने लगातार कई हमले किए, लेकिन स्पेन ने पहले हाफ में अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए अच्छा बचाव किया। दूसरे हाफ में शुरुआती बराबरी हासिल करने का अपना इरादा दिखाया, लेकिन गुइउ कोरोमिनास (23) ने एक और फील्ड गोल करके स्पेन ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। अमनदीप लाकड़ा (25) ने तुरंत पेनल्टी कॉर्नर से भारत के लिए एक गोल किया, जिससे अंतर कम हो गया। रोहित (28) ने तीन मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर से एक और गोल किया, जिससे हाफ टाइम में स्थिति बराबरी पर आ गई। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में खेल 2-2 से बराबर होने के बाद, भारत और स्पेन दोनों ने तत्परता दिखानी शुरू कर दी। 35वें मिनट में सुदीप चिरमाको (35) ने फील्ड गोल करके भारत को पहली बार मुकाबले में आगे कर दिया। तीसरा क्वार्टर रोहित (45) द्वारा पेनल्टी कॉर्नर पर देर से किए गए गोल के साथ समाप्त हुआ और भारत ने अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया।

## शिव और ईशा ने एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता सोना

### आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2023



**अज़रबैजान, एजेंसी।** अज़रबैजान की राजधानी बाकू में चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2023 में शुक्रवार को शिव नरवाल और ईशा सिंह की भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

17 वर्षीय शिव नरवाल और 18 वर्षीय ईशा सिंह की जोड़ी ने फाइनल में तुर्की के एसआई तारन और यूसुफ डिकेक को 16-10 से हराकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने ईरान को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले, भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग में 583 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था और तुर्की 581 के साथ दूसरे स्थान पर था। दिव्या थडिगोल सुब्बाराजू और सरबजोत सिंह की एक अन्य भारतीय टीम 574 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में 22वें स्थान पर रही। गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग टीम ने कांस्य पदक जीता था और इसके साथ ही यह बाकू विश्व चैंपियनशिप में भारत का दूसरा पदक था। सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा के साथ शिव नरवाल भी कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा थे। यह आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का पहला मिश्रित टीम स्वर्ण पदक भी था। बाकू प्रतियोगिता में शिरकत करने से पहले, भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में छह स्वर्ण पदक जीते थे, जिनमें से पांच व्यक्तिगत स्पर्धाओं में आए थे। अर्जुन बाबुता, किरण अंकुश जाधव और रुद्रांक्ष पाटिल ने पिछले साल पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर टीम स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था।

### मार्श करेंगे दक्षिण अफ्रीका में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न, एजेंसी।** स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क के चोटों के कारण बाहर होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के दौरे पर मिचेल मार्श ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्णकालिक वनडे कप्तान पैट कमिंस भी कलाई में फ्रैक्चर के कारण टीम से बाहर हैं, हालांकि वह दक्षिण अफ्रीका दौरे के अंतिम चरण में टीम के साथ जुड़ जाएंगे। स्मिथ अपनी बाईं कलाई की टेंडन की चोट से जूझ रहे हैं, जिसे ठीक होने में लगभग चार सप्ताह लगेंगे। स्टार्क इंग्लैंड में हुई एशेज सीरीज के बाद कमर में दर्द का अनुभव कर रहे हैं। स्मिथ और स्टार्क दोनों के भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज और एकदिवसीय विश्व कप के लिए समय पर फिट होने की उम्मीद है। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें आराम करने और ठीक होने के लिए पर्याप्त समय दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'एशेज सीरीज और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टीम के लिए थकाने वाले थे। हम विश्व कप की तैयारी के लिये खिलाड़ियों को बचाना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, विश्व कप टीम की पहली प्राथमिकता है।

### पाक दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम घोषित

**केप टाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने एक सितंबर से शुरू होने वाले पाकिस्तान दौरे के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। टीम पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। अंतरिम कप्तान सुने लुस अब टीम का नेतृत्व नहीं करेंगी। हालांकि दौरा शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कप्तान का ऐलान किया जाएगा। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका शानदार प्रदर्शन के बावजूद ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। वनडे आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 चक्र का हिस्सा होंगे। शुक्रवार को आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टीम में टी20 विश्व कप अभियान का हिस्सा रहे 15 खिलाड़ियों में से 12 को बरकरार रखा गया है। हालांकि टीम को क्लो ट्रायोन की कमी अखरेगी, जिन्होने छुट्टी का अनुरोध किया है। एनेरी डर्कसन भी अपनी उंगली की चोट से उबरने के कारण श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगी। सीरीज के सभी मैच कराची में खेले जाएंगे। टी20 मैच एक से पांच सितंबर के बीच खेले जाएंगे। इसके बाद आठ से 14 सितंबर के बीच वनडे सीरीज होगी।

### चेन्नईयिन एफसी ने डूरंड कप में अपना विजय रथ आगे बढ़ाया

**गुवाहाटी।** चेन्नईयिन एफसी ने डूरंड कप में अपना विजय रथ आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम पर दिल्ली एफसी को 2-1 से हराकर ग्रुप-ई में शीर्ष स्थान हासिल किया। राफेल क्लिवेलारो (38वां मिनट) और विन्सी बरेटो (51वां मिनट) ने चेन्नईयिन के गोल किये। दिल्ली का एकमात्र गोल पापे गसामा ने 54वें मिनट में किया। चेन्नईयिन अपने सभी ग्रुप चरण मैच जीतकर नौ अंक अर्जित करने वाली एकमात्र टीम है। पहले ही क्वार्टरफाइनल में पहुंच चुके चेन्नईयिन का लक्ष्य दिल्ली के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखना था। धीमी शुरूआत के बाद दोनों टीमों ने एक-दूसरे के डिफेंस की परीक्षा ली और क्रिवेलारो 38वें मिनट में आकाश सांगवान के पास की मदद से दो डिफेंडरों को छकाते हुए चेन्नईयिन का पहला गोल करने में सफल रहे। बरेटो ने दूसरे हाफ की शुरूआत के कुछ देर बाद साचू सिबी के पास से दिल्ली एफसी के गोलकीपर को छकाते हुए स्कोरशीट पर अपना नाम अंकित करवाया। बरेटो के गोल के तीन मिनट बाद गसामा ने दिल्ली एफसी का खाता खोला, लेकिन इसके बाद दिल्ली की ओर से कोई खिलाड़ी बराबरी का गोल नहीं कर सका।

### वाटर स्पोर्ट्स | जर्मनी में होने वाली पैरा कैनो वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भाग लेने आज रवाना होगी भारतीय टीम

## ओलंपिक कोटा हासिल करने पर रहेगी खिलाड़ियों की नजरें

**भोपाल, खेल संवाददाता।** पैरा कैनो वर्ल्ड चैम्पियनशिप जर्मनी के ड्युसबर्ग में 23 से 27 अगस्त तक आयोजित हो रही है। इसमें भाग लेने के लिए भारतीय टीम शनिवार को भोपाल से रवाना होगी। इस चैंपियनशिप के लिए भोपाल के छोटे तालाब पर लगभग दो माह तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें भारत की 13 सदस्यीय टीम ने जोरदार अभ्यास किया है।

यह वर्ल्ड चैंपियनशिप भारत के लिए भी बहुत मायने रखती है। इसी के आधार पर पेरिस में होने वाले पैरा ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते है। भारत के तीन से चार खिलाड़ी वर्ल्ड कप में पदक के दावेदार भी माने जा रहे है। भारतीय पैरा कयाकिंग एवं कैनोइंग के चेयरपर्सन और मुख्य कोच मयंक ठाकुर ने बताया कि भारतीय टीम सुबह भोपाल से दिल्ली रवाना होगी और यहीं से जर्मनी की उड़ान भरेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम में अधिकांश खिलाड़ी मप्र से है। पिछले दो माह से टीम का कैंप छोटे तालाब पर चल रहा है। सभी खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया है। वर्ल्ड पैरा कैनो चैंपियनशिप को पैरा ओलंपिक में जाने का सबसे बड़ा अवसर माना जाता है। इसमें पदक जीतने वाले तीन वाले तीन खिलाड़ियों के अलावा टॉप सिक्स में रहने वाले भी पैरा ओलंपिक में अपना स्थान पक्का कर लेते है, इसलिए पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप को अहम माना जाता



मयंक ठाकुर ने बताया कि राजधानी के छोटे तालाब पर दो माह तक चले कैंप में हमने सभी खिलाड़ियों को उनकी क्षमता के अनुरूप तैयार किया है। हमारी पूरी टीम इसमें जुटी रही थी। जर्मनी में तीन से अधिक खिलाड़ियों के पैरा ओलंपिक में क्वालीफाई करने की उम्मीद है। अक्टूबर में होने वाले पैरा एशियन गेम्स में कोटा हासिल करने का मौका रहेगा।

### 12 इवेंट्स में होगी टक्कर

यह सभी इवेंट्स 200 मीटर वर्ग में होंगे। पुरुष वर्ग मे वीएल-1, वीएल-2, वीएल-3, केएल-1, केएल-2 व केएल-3 तथा महिला वर्ग में वीएल-1, वीएल-2, वीएल-3, केएल-1, केएल-2 व केएल-3.

### भारतीय टीम इस प्रकार है...

पूजा ओझा, रजनी झा, प्राची यादव, संगीता राजपूत, शबाना, यश कुमार, गजेंद्र सिंह, जयदीप, संजीव कोटिया, मनीष कौरव, सुरेंद्र कुमार, जिथिन जार्ज व कपिल कुमार।

मुख्य कोचः मयंक ठाकुर, कोचः अनिल राठी, महिला कोचः नाजिस मंसूरी, फिजियोथेरेपिस्ट : डॉ. ईशा जोशी व डॉ. आशीष दंडनायक तथा मसाजर रिंकू सिंह।

## डूरंड कप 2023: दिल्ली को हरा कर चेन्नईयिन ग्रुप ई के शीर्ष पर

**गुवाहाटी।** चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप ई मैच में दिल्ली एफसी पर 2-1 से जीत के बाद डूरंड कप 2023 में अपना शानदार अजेय क्रम जारी रखा।

चेनानियिन अपने सभी ग्रुप मैच जीतकर नौ में से नौ अंक हासिल करने वाली एकमात्र टीम बन गयी है। राफेल क्रिवेलारो (38वें मिनट) और विंसी बैरेटो (51वें मिनट) ने मरीना मचान्स के लिए गोल किया। चेन्नईयिन पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी थी और मैच जीत की लय बनाए रखने के बारे में था।

शांत शुरूआत के बाद, दोनों टीमों ने एक-दूसरे की रक्षापंक्ति का टेस्ट लिया, लेकिन पहले हाफ की शुरूआत में उन्हें गोल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। क्रिवेलारो ने आखिरकार 38वें मिनट में गतिरोध तोड़ दिया जब उन्हें सांगवान से एक पास मिला और उन्होंने दो डिफेंडरों को छकाते हुए गेंद को दिल्ली के कस्टोडियन के बाईं ओर नीचे की ओर टैप किया। दूसरे हाफ की शुरूआत के तुरंत बाद बैरेटो भी स्कोरशीट पर आ गए। उन्होंने सचू सिबी से गेंद प्राप्त की और अपनी नीची स्ट्राइक से कीपर को हरा दिया।

बैरेटो की स्ट्राइक के तीन मिनट बाद गैसामा ने गोल करके दिल्ली एफसी को बोर्ड पर ला दिया। चेन्नइयन ने तीसरा गोल लगभग कर ही लिया था कि रोमारियो जेसुराज को क्रिवेलारो से पास मिला लेकिन गोल पर उनके शॉट को कीपर ने बचा लिया। इस जीत से ग्रुप ई में चेन्नईयिन का शीर्ष स्थान भी मजबूत हो गया।



# बारिश में हो रही है खुजली और इंफेक्शन की समस्या तो इन आदतों को जल्द सुधारें

**बारिश के मौसम में स्किन इन्फेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। साथ ही बारिश में भीगने के बाद कई लोगों को त्वचा संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। ह्यूमिडिटी के कारण ऑयली स्किन से लेकर स्किन रैशेज तक कई समस्या होती हैं। कई लोगों को त्वचा में जलन और खुजली की भी परेशानी होती है। इन समस्या को नज़रंदाज़ करने पर समस्या काफी बढ़ सकती है। बारिश में बैक्टीरिया बढ़ने के कारण स्किन इन्फेक्शन काफी तेज़ी से फैलता है। अगर आप भी इस मौसम में खुजिल, जलन या स्किन इन्फेक्शन की समस्या से परेशान है तो आपको इन टिप्स को ज़रूर फॉलो करना चाहिए...**

## बॉडी को अच्छे से सुखाएं

बारिश में उमस काफी रहती है जिसके कारण नहाने या बारिश में भीगने के बाद हमारी बॉडी काफी लंबे समय तक गीली रहती है। स्किन इन्फेक्शन से बचने के लिए अपनी त्वचा को अच्छे से सुखाएं। स्किन में नमी के कारण बैक्टीरिया ज्यादा समय तक रहते हैं जिससे इन्फेक्शन का खतरा बढ़ता है। बारिश में भीगने के बाद आप अपनी त्वचा को अच्छे से सुखा लें।

## भीगने के बाद हाथ-पैर धो लें

बारिश के पानी में कई तरह के बैक्टीरिया मौजूद होते हैं। साथ ही वातावरण के कारण भी इन्फेक्शन का खतरा काफी होता है। अगर आप बारिश में भीग गए हैं तो घर आकर नहाएं या हाथ-पैर धो लें। आप साबुन या डिटॉल के पानी से भी नहा सकते हैं। ऐसा करने से स्किन इन्फेक्शन का खतरा काफी कम हो जाएगा।

## हलके सूती कपड़े पहनें

सर्दी और गर्मी के मौसम में हमे फैब्रिक की समझ रहती है लेकिन बारिश में हम किसी भी प्रकार के कपड़े पहनते हैं। बारिश में पॉलिएस्टर के कपड़ों के कारण स्किन इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। बारिश में हलके सूती कपड़े पहनने की कोशिश करें। साथ ही इस मौसम में ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें।

## सूखे अंडरगारमेंट्स पहने

बारिश में अंडरगारमेंट्स आसानी से सूखते नहीं है। साथ ही अंडरगारमेंट्स सूखने के बाद भी इनमें नमी रह जाती है. ऐसे में कई लोग गीले या नमी वाले अंडरगारमेंट्स पहन लेते हैं। गीलापन के कारण त्वचा में इन्फेक्शन, रैशेज और बैक्टीरिया का खतरा बढ़ जाता है। अंडरगारमेंट्स अगर गीले हैं तो आप हेयर ड्रायर या आयरन की मदद से सुखा सकते हैं।

## टॉवल साफ़ रखें

स्किन इन्फेक्शन से बचने के लिए सबसे ज़रूरी टॉवल साफ़ करना है। टॉवल बारिश में आसानी से सूखती नहीं है जिसके कारण उसमें फंगस लगने की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए नियमित रूप से अपनी टॉवल को साफ़ करते रहें। गीली टॉवल के इस्तेमाल से बचें। धूप में टॉवल सुखाने की कोशिश करें।

# एक इलायची रोज खा ली तो होंगे 3 फायदे

इलायची भारतीय रसोई में उपयोग में आने वाला एक महत्वपूर्ण मसाला है। यदि आपको सेहत के फायदे चाहिए तो आप इलायची का इस्तेमाल आपके भोजन का स्वाद बढ़ाने के साथ ही रोज खाने में भी करें, यानी कि 1 इलायची आप प्रतिदिन खाएं, आपको इलायची खाने बेहतरीन फायदे भी मिलेंगे।

- यदि आप एक इलायची का सेवन करते हैं तो आपके गले की खराश, गले की सूजन और बैठी हुई आवाज में लाभ होगा। इसके लिए आपको सुबह उठने के बाद एक छोटी इलायची चबा-चबाकर खाकर गुनगुना पानी पीना चाहिए।
- यदि आपके मुंह से दुर्गंध आती है तो इलायची चबाना एक अच्छा उपाय है। क्योंकि इलायची से जहां मुंह की बदबू दूर होगी। वहीं इसके अन्य कई फायदे भी आपको मिलेंगे।
- यदि आपको बार-बार मुंह में छाले होते हैं तो आप इलायची के पाउडर में पिसी मिश्री मिलाकर खाएं, लाभ होगा। इसके अलावा आपका जी मचलाना, खांसी, बदहजमी आदि में इसका फायदा होगा।



# कंजक्टिवाइटिस आई फ्लू फैल रहा है तेजी से, जानें बचने के उपाय



कंजक्टिवाइटिस आंखों की एक बीमारी है, जिसे आंख आना या आंखों का गुलाबी होना कहा जाता है। इस रोग में आंखें सुर्ख लाल होकर सूज जाती है। उसमें पानी आने लगता है और खुजली होने लगती है। यह बीमारी एक वायरल रोग है, जो इंफेक्शन के कारण एक-दूसरे में आ जाती है। अत- जो भी व्यक्ति बार-बार आंख को रगड़ते हैं, उन्हें बैक्टीरियल इंफेक्शन हो जाता है और उसमें से पस जैसा डिस्चार्ज आने लगता है। साथ ही आंख आने वाले व्यक्ति की आंख में देखने से भी कंजक्टिवाइटिस फैलता है। इस संक्रमण में आंखों में दर्द, जलन और आंखों में कुछ रेत की तरह चुभने का अहसास भी होता है।

## कंजक्टिवाइटिस से बचने के उपाय

- कंजक्टिवाइटिस के दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखें।
- आंखें आने पर बाहर धूप में निकलने पर आंखें दुखने लगती हैं अत- सनग्लासेज पहन कर ही घर से बाहर निकलें।
- दिनभर में कई बार साफ पानी से आंखों को धोएं।
- आई ड्रॉप्स को आंखों में डालने के पहले और दवाई डालने के बाद भी अपने हाथ धोएं।
- जिस व्यक्ति कंजक्टिवाइटिस का इंफेक्शन है, उससे दूरी बनाए रखें।
- यदि घर में किसी को आंखों का इंफेक्शन है, तो उसका तकिया, तौलिया आदि कोई भी चीजें किसी दूसरे के साथ शेयर न करें।
- यदि नेत्र रोग विशेषज्ञ आपको एंटिबायोटिक ड्रॉप या मलहम लगाने की सलाह देते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि दवा का नोजल आंखों तथा पलकों पर टच न हो, इससे भी दूसरी आंख में कंजक्टिवाइटिस इंफेक्शन फैलाने का खतरा बढ़ जाता है।
- कंजक्टिवाइटिस का संक्रमण हाथों के जरिए भी फैल सकता है। अत- घर के सदस्यों तथा स्कूली बच्चों को एक-दूसरे के नजदीक न आने दें।
- कंजक्टिवाइटिस रोग से ग्रसित व्यक्ति से हाथ न मिलाएं।
- अगर घर में किसी एक बच्चे को इंफेक्शन है तो घर या स्कूल के दूसरे बच्चों के उसके संपर्क में आने पर उन्हें भी यह हो जाता है।

# बारिश में बच्चों को डायरिया से कैसे बचाएं?

बारिश का मौसम बहुत सुहाना होता है लेकिन ये सुहानी बारिश कई खतरनाक बीमारियों को भी लेकर आती है। बारिश में सर्दी, बुखार और जुखाम की समस्या आम होती है। लेकिन इसके साथ ही डायरिया का खतरा भी बारिश के मौसम में बढ़ जाता है। बारिश के पानी में जेर्म्स व बैक्टीरिया होने के कारण पेट की समस्या होने लगती है। कई बार बारिश के मौसम में बहार का न खाने पर भी पेट की समस्या हो जाती है। इस मौसम में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। ऐसे में बच्चों को भी बारिश के मौसम में सतर्क रहने की ज़रूरत है।

## ऐसे बचाएं बच्चों को डायरिया से

- बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए उन्हें घर में प्रवेश करते समय हाथ धोने को कहें।
- खाने से पहले भी उन्हें हाथ धोने या sanitize करने की लिए कहें।
- बच्चों को स्ट्रीट फूड का सेवन न करने दें। बारिश में स्ट्रीट फूड से डायरिया का खतरा बढ़ता है।
- बच्चों को जमे और गंदे पानी से न खेलने दें। इससे जेम्स का खतरा अधिक होता है।
- हमेशा बच्चों को RO या उबला हुआ पानी ही पिलाएं।
- डायरिया से बचने के लिए घर में सफाई रखें और मक्खी व कॉकरोच जैसे कीड़ों को न आने दें।

## डायरिया से बचने के लिए इन चीज़ों का सेवन करें


- दही, छाछ, लस्सी पीने से दस्त की समस्या से राहत मिलती है। दही में गुड बैक्टीरिया होते हैं जो आंतों के लिए जरूरी हैं जिससे पेट में ऐंठन, मरोड़ दूर हो जाती है।
- डायरिया से बचने के लिए आप जीरे के पानी का सेवन करें। आप 1 से आधा चम्मच जीरा या जीरा पाउडर लें। इसके बाद इसे अच्छे से पानी में उबाल लें। इसको छान कर ठंडा होने बाद पी लें।
- केला, उबला आलू, अनार, अंगूर, संतरा आदि फल-सब्जी का सेवन करें। सादा खाना खाएं जैसे दलिया, खिचड़ी आदि खा सकते हैं।
- आप बच्चों को नारियल व नींबू पानी भी पिलाएं। नींबू पानी में विटामिन ष्होता हा जिससे बच्चों की इम्युनिटी बेहतर होगी।

**अगर आपके बच्चे को डायरिया हो या उसके लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से इलाज करवाएं। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवाई न लें।**

## डायरिया के लक्षण

- पतला मल आना
- उल्टी होना
- शरीर में पानी की कमी होना
- पेट में सूजन व ऐंठन होना
- बार-बार बुखार आना
- मल के साथ खून आना
- भूख न लगना
- पेट में ऐंठन होना






# विटामिन बी 12 कम होने से क्या होता है?

**विटामिन बी 12 की कमी से थकान, शरीर में दर्द, चक्कर आना, कमजोरी महसूस होती है। जी हां, यह सच है कि कभी-कभी नींद पूरी होने के बाद भी सुबह उठने पर यदि आपको थकान महसूस होती है और शारीरिक रूप से थका होने के कारण किसी भी कार्य में मन नहीं लगता है। ऐसा महसूस होता होता है कि जैसे चक्कर आ रहे हैं, बॉडी पेन, कमजोरी महसूस हो रही और किसी भी कार्य पर पूर्णरूप से ध्यान नहीं दे पा रहे हैं तो इस बीमारी की जड़ विटामिन बी 12 हो सकती है। जानते हैं विटामिन बी 12 कम होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं।**

- पूरे शरीर में दर्द महसूस होना
- दिनभर थकान लगना
- सिर दर्द होना
- वजन तेजी से गिरना
- भूख नहीं लगना
- बेहोशी जैसा लगना, बेहोशी महसूस होना, सिर घूमना
- दिल की धड़कन तेज होना
- किसी भी कार्य में मन न लगना
- कुछ भी काम करने का मन न करना
- एनीमिया से पीड़ित होना।

आदि लक्षण विटामिन बी 12 की कमी से हो सकते हैं। यदि आप भी कुछ ऐसा ही महसूस करते हैं तो इसके लिए आपको अपने दिनचर्या में डेयरी प्रोड्क्ट, पनीर, अंडा, चुकंदर, दही, ब्रोकली, ओट्स, मछली, मिट, चिकन आदि को अपने खान-पान में शामिल करना चाहिए।

# पपीता खाने के हैरान करने वाले फायदे

पपीता एक ऐसा फल है, जिसे कच्चा और पका हुआ दोनों ही तरह से खाया जाता है। पपीता एक पौष्टिक और रसीला फल हैं, जिससे हमें कई विटामिन प्राप्त होते हैं। इसके नियमित उपयोग से शरीर में कभी विटामिन्स की कमी नहीं होती। वैसे तो पपीता अधिकतर लोगों को पसंद होता है और वे इसे खाना भी पसंद करते हैं।

लेकिन आपको बता दें कि डायबिटीज के रोगियों को प्रतिदिन पपीता खाने से बचना चाहिए या फिर डॉक्टर की सलाह के बाद ही इसे खाना उचित रहता है।

पपीता पेप्सिन प्राप्त करने का एकमात्र साधन है। इसमें पेप्सिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बहुत ही पाचक होता है। यह खासकर उन स्थितियों में भोजन को पचाने में मदद करता है, जब आपका पाचन तंत्र भोजन को पचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में एंजाइम का निर्माण नहीं करता है। अत- यह हमारे शरीर के लिए अतिलाभदायी होता है। यदि आप भी नियमित रूप से एक माह तक पपीते का सेवन करते हैं तो इसके आपको हैरान करने वाले फायदे मिलते हैं।

- पपीता खाने से त्वचा व नेत्र स्वस्थ रहते हैं।
- पपीता कब्ज और कफ के रोग में लाभदायी है।
- पपीता पेट एवं आंत संबंधी रोगों में बहुत लाभदायक है, क्योंकि पपीते का रस प्रोटीन को आसानी से पचाने मददगार माना गया है।
- बच्चों की वृद्धि और रोगों से बचाने के लिए उन्हें विटामिन ए की अधिक आवश्यकता रहती है, जो कि उन्हें पपीता से मिलती है।
- पपीता हृदय रोग, नाड़ियों तथा पेशियों की क्रिया ठीक रखने में सहायता करता है।
- पपीते का सेवन वात शमन करके अपावायु को शरीर से बाहर करता है।
- विटामिन ए पपीते में अधिक मात्रा में पाया जाता हैं, जो कि हमारी त्वचा एवं आंखों के लिए बहुत आवश्यक होता है। अत- यह त्वचा को स्वच्छ, स्वस्थ और इसकी ग्लोइंन बनाए रखने में लाभकारी है।
- पपीते में कैल्शियम अच्छी मात्रा में होने के कारण यह रक्त और तंतुओं के निर्माण सहायक है।
- पपीता गरिष्ठ पदार्थों या भोजन को आसानी से पचाता है।
- पपीता से हमें पाचक तत्व का एकमात्र प्राकृतिक स्रोत पेप्सिन तथा विटामिन ए, बी, सी, डी के अलावा आयरन, फॉस्फोरस, एंटीऑक्सीडेंट्स, पोटेशियम, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और कैरोटीन भी अच्छी मात्रा में मिलता है। अत- बार-बार सर्दी और खांसी से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए पपीते का नियमित सेवन काफी लाभकारी होता है, क्योंकि इससे आपका इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है।






# बॉक्स ऑफिस पर लगातार धूम मचा रही गदर

सनी देओल अभिनीत और अनिल शर्मा निर्देशित गदर-2 को लेकर यह तो तय नजर आ रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी लेकिन यह अनिल शर्मा और सनी देओल के करियर की सबसे बड़ी फिल्म बन जाएगी इसकी उम्मीद कुछ कम थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार धूम मचा रही है। एक अरसे बाद सिनेमाघरों के बाहर हाउसफुल के बोर्ड नजर आ रहे हैं। दर्शक इस फिल्म को जबरदस्त एंजॉय कर रहे हैं। बीते 11 अगस्त को प्रदर्शित हुई गदर-2 स्वतंत्रता दिवस सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रच दिया है। कल 15 अगस्त के दिन गदर-2 ने बॉक्स आफिस पर 60 करोड़ का कारोबार करते हुए पांचवें दिन के कारोबार का एक नया बैंच मार्क स्थापित किया है।

थिएटर्स में सनी देओल (तारा सिंह) के संवाद और एक्शन सीन लोगों को सीटियां बजाने पर मजबूर कर रहे हैं।गदर-2 की सफलता ने देश के उन सिनेमाघरों में फिर से रौनक लौटाने में सफलता प्राप्त की है जिन्हें सिंगल स्क्रीन के तौर पर जाना जाता है। इन मास एंटरटेनर फिल्मों ने छोटे शहरों के दर्शकों को सिंगल स्क्रीन थिएटर तक खींचकर लाने का काम किया है।

गदर 2 सिंगल स्क्रीन समेत एग्जीबिशन सेक्टर को ऑक्सीजन देने वाली फिल्म साबित हुई है। यह एक मास बेस्ड फिल्म है, जो एक अरसे बाद बनी है, वहीं पिछले कुछ सालों से कंटेंट ड्रिवेन सिनेमा बना रहा है। मास फिल्में ही ऑडिएंस को घर से निकाल सिनेमाघर लाती हैं। वो आ नहीं रही थीं तो ऑडिएंस भी सिनेमाघरों में नहीं आ रहीं थी। ऐसे में जब केजीएफ, केजीएफ-2, पुष्पा और पठान जैसी फिल्में आईं तो फिर से ऑडियंस ने सिनेमाघरों का रुख किया था।

इन एक्शन फिल्मों के अलावा जब तू झूठी मैं मक्कार' और रॉकी रानी की प्रेम कहानी' को मास ऑडिएंस के मद्देनजर बनाया और रिलीज किया गया तो हमें 100 करोड़ क्लब वाली फिल्में मिलीं। बहरहाल हम बात करते हैं फिल्म की 5वें दिन की कमाई की। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को 'गदर 2' ने देशभर में लगभग 60 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। हालांकि अभी तक इसके आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं।

इसके साथ ही फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अभी तक 234 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है। फिल्म ने 11 अगस्त को रिलीज के पहले दिन 40 करोड़, दूसरे दिन 43 करोड़, तीसरे दिन 52 करोड़ तथा चौथे दिन 39 करोड़ का कलेक्शन किया।सनी 66 साल की उम्र में भी वही जोश-खरोश दिखाने में सफल रहे जो उन्हें 22 साल पहले 'गदर' में दिखाया था। अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, मनीष वाधवा सहित अन्य कलाकार भी अपने किरदार के साथ न्याय करने में कामयाब हुए।

# वरुण धवन के साथ एटली की फिल्म में नजर आयेंगी वामिका



बालीवुड अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म निर्माता एटली की अपकमिंग हिंदी प्रोडक्शन में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं। वर्तमान में अपकमिंग प्रोजेक्ट का टाइटल तय नहीं हो पाया है। फिलहाल, इसे हैशटैग वीडी18 के नाम से जाना जाता है और यह 31 मई, 2024 को रिलीज होने वाली है।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रोमांचित और आभारी हूं। वरुण और कीर्ति सुरेश के साथ काम करने का अवसर निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। मैं फुल कर्मिशियल हिंदी प्रोजेक्ट की तलाश में थी और यह बस इतना ही है। मैं मुराद सर और एटली के साथ काम करने और सहयोग करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। ग्रहण, माई और हाल ही में रिलीज हुई जुबली में शानदार परफॉर्मेंस के साथ इंडस्ट्री में अपनी योग्यता साबित करने के बाद, वामिका इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म की के लिए फेमस टैलेंटेड स्क्रीनराइटर कलीज द्वारा लिखित, यह फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई एक्सपीरियंस देने का वादा करती है। शानदार कलाकारों और सम्मोहक कहानी के ऐसे पावर-पैक कॉम्बिनेशन के साथ, हैशटैग वीडी18 साल 2024 की सबसे सफल फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है। इसके अलावा, वामिका वर्तमान में बुडापेस्ट की अगली फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, और वह विशाल भारद्वाज की पहली ओटीटी सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली और नेटफ्लिक्स के साथ विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म खुफिया में तब्बू सह-कलाकार हैं, का इंतजार है। उन्होंने हिंदी फिल्म जब वी मेट में एक छोटी सी भूमिका के साथ स्क्रीन पर अपनी शुरुआत की। लेकिन उन्हें बड़ी सफलता यो यो हनी सिंह और अमरिंदर गिल के साथ फिल्म तू मेरा 22 मैं तेरा 22 (2013) से मिली। फिर उन्होंने इश्क ब्रांडी (2014), निक्का जैलदार 2 (2017), परहुना (2018), दिल दियां गल्लां (2019) और निक्का जैलदार 3 (2019) जैसी कई पंजाबी फिल्मों में अभिनय किया।वामिका ने पंजाबी, हिंदी, तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों में काम किया है।

# आखिरकार अर्जुन कपूर ने दे ही दिया

## मलायका अरोड़ा से ब्रेकअप होने का हिंट!



अर्जुन कपूर और मलायका अरोड़ा काफी लंबे समय से रिलेशनशिप में है लेकिन अभी तक दोनों ने शादी नहीं की। शादी के बारे में कई बार दोनों से सवाल किया गया लेकिन अर्जुन ने अपने निजी जीवन के बारे में सवाल पूछने से इंकार कर दिया और मलाइका ने प्यार का डीप अर्थ शादी नहीं होता है, ये समझा दिया। 2017 में मलाइका अरोड़ा का अरबाज खान से तलाक हो गया था। दोनों के तलाक के कई कारण थे लेकिन एक कारण मलाइका और अर्जुन कपूर की नजदीकियां भी था। दोनों ने अपने प्यार का इजहार भले ही 2019 में इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके किया हो लेकिन 19 साल की मलाइका की शादी के टूटने के पीछे ये रिश्ता भी कारण था। अब लग रहा है कि 6 साल के इस रिश्ते को भी किसी की नजर लग गयी है। सोशल मीडिया पर अर्जुन कपूर की ताजा तस्वीरों ने इस अफवाह को बल दे दिया है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है।

अभिनेता द्वारा अपनी एकल छुट्टियों की तस्वीरें साझा करने के बाद अर्जुन कपूर और मलायका अरोड़ा के अलगाव की खबरें एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही हैं, और ऐसी जोरदार चर्चा है कि अर्जुन कपूर ने अपनी प्रेमिका से नाता तोड़ लिया है। ऐसे कई लोग हैं जो सोच रहे हैं कि क्या अर्जुन और मलायका ने अपने रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया है। इन अफवाहों के जोर पकड़ने के बाद सोशल मीडिया का एक दूसरा वर्ग बोला कि जरुरी नहीं है कि सोलो तस्वीर शेयर करने का मतलब ब्रेकअप हो जाना नहीं होता है क्योंकि अभिनेता एक स्वतंत्र जीवन भी जीते हैं और उन्हें अकेले यात्रा करने की भी आजादी है।अर्जुन और मलायका के ब्रेकअप की अफवाहें इंटरनेट पर जंगल की आग की तरह फैल रही हैं, एक अंदरूनी सूत्र ने बॉलीवुडलाइफ को विशेष रूप से बताया, 卐अर्जुन और मलायका इन लगातार अफवाहों पर खूब हंस रहे हैं, और वह नहीं जानते कि इस पर कैसे प्रतिक्रिया दें।卐 अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि लोग बहुत जल्दी निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं और अपना फैसला सुना देते हैं, और इसलिए उन दोनों ने अपने रिश्ते के आसपास अनावश्यक बकबक पर ध्यान नहीं देने का फैसला किया है।'


अर्जुन कपूर को अक्सर सोशल मीडिया पर मलायका अरोड़ा के साथ स्नेह भरी तस्वीरें पोस्ट करते हुए देखा जाता है। हालाँकि, उन्होंने हाल ही में अकेले छुट्टियों पर जाकर हलचल मचा दी। Reddit पर पोस्ट करते हुए, एक उपयोगकर्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अभिनेता अकेले ही सप्ताहांत पर एकांतवास पर निकले हैं। उसी समय, मलायका मुंबई में अपनी फिल्मांकन प्रतिबद्धताओं में व्यस्त थीं। कैरोसेल की शुरुआती स्लाइड में अर्जुन कपूर अपने हाथों में एक कटोरा पकड़े हुए लैपटॉप को देखने में तल्लीन हैं। तस्वीरों में से एक में अर्जुन को स्विमिंग पूल में आनंद लेते हुए कैद किया गया है। अंतिम स्लाइड में जिम जैसे इनडोर सेटअप में वर्कआउट के दौरान पसीना बहाते हुए अर्जुन के समर्पण को दर्शाया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अर्जुन कपूर आखिरी बार फिल्म कुत्ते में नजर आए थे। वह भूमि पेडनेकर के साथ द लेडी किलर में नजर आएंगे। वह भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह के साथ एक अन्य अनाम परियोजना में भी दिखाई देंगे।

# फिल्म ड्रीम में पहली बार एक साथ नजर आयेंगे आयुष्मान और अनन्या

बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की फिल्म ड्रीम गर्ल-2 25 अगस्त को रिलीज होने वाली है। लोग इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने अपनी फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लोगों का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। ड्रीम गर्ल 2 के नए पोस्टर में आयुष्मान खुराना के पूजा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में पहली बार आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे काम करने जा रहे हैं।फिल्म के ट्रेलर से आयुष्मान खुराना ने नया पोस्टर शेयर किया जो लोगों को ध्यान खींच रहा है। फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के नए पोस्टर में आप देख सकते हैं कि आयुष्मान खुराना पूजा के अवतार में कार के बोनट पर खड़े नजर आ रहे हैं और फिल्म की बाकी स्टारकास्ट उन्हें नीचे से निहार रही है। आयुष्मान खुराना ने फिल्म के नए पोस्टर के साथ लिखा है, ट्रैफिक जाम होने वाला है, क्योंकि पूजा आने वाली है।

ड्रीम गर्ल 2 ड्रीम गर्ल 2 सिनेमाघरों में 25 अगस्त को रिलीज होगी। आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने लोगों को जमकर एंटरटेन किया था। फिल्म ड्रीम गर्ल का डायरेक्शन राज शांडिल्य ने किया था और इस फिल्म का निर्देशन भी राज शांडिल्य ने किया है। अब फिल्म ड्रीम गर्ल 2 सिनेमाघरों में 25 अगस्त को रिलीज होने वाली है।





# 24 नवंबर को होगी रिलीज होगी डेविल- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट

दक्षिण के लोकप्रिय अभिनेता नंदामुरी कल्याण राम ने अपनी आगामी फिल्म डेविल- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। अथानोक्कडे, हरे राम 118 और बिम्बिसार जैसी अन्य फिल्मों से पहचान बनाने वाले इस अभिनेता की यह फिल?म 24 नवंबर को रिलीज होगी।

बताया जा रहा है कि नवीन मेडाराम द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत की स्वतंत्रता से पहले की कहानी पर आधारित है। जब 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश राज अंत के करीब था। यह फिल्म उस क्षेत्र पर आधारित है जिसे उस समय मद्रास प्रेसीडेंसी के नाम से जाना जाता था। इस फिल?म में नंदमूरि कल्याण राम एक ब्रिटिश जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के अधिकांश विवरण पूरी तरह से गुप्त रखे गए हैं, निर्माताओं की ओर से कुछ विवरण सामने आए हैं, जिसमें कहा गया है कि फिल्म अतीत के धागों को वर्तमान से जोड़ेगी। डेविल-द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट को तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम जैसी अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।

यह फिल्म आने वाले बड़े बजट के तेलुगू एक्शन फीचर की श्रृंखला में एक और इजाफा है, जिसमें प्रभास का सलार पार्ट 1 भी शामिल है।जुलाई में फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसमें फिल्म की एक बहुत ही दिलचस्प झलक दिखाई गई थी, लेकिन कहानी के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया था। इससे केवल यह पता चला कि कल्याण राम के चरित्र का कोडनेम डेविल है और वह अनिवार्य रूप से एक सुपर जासूस है, जिसका उपयोग ब्रिटिश राज सरकार केवल सबसे बड़े मामलों के लिए करती है। फिल्म में अभिनेत्री संयुक्ता मेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।